मंगलवार
28 मई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने वाले से भी एनडीए ने लोगों को मुक्ति दिलाई : नीतीश कुमार

2



# पटना में परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र की पीट-पीटकर हत्या

- लॉ कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर आठ-10 की संख्या में आए बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- मृतक छात्र हर्ष बीएन कॉलेज से कर था लॉ की पढ़ाई

**केटी न्यूज/पटना**




राजधानी पटना में परीक्षा देकर बाहर निकले बीएन कॉलेज के एक छात्र की पीट-पीट कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि 8 से 10 की संख्या में रहे बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र हर्ष लॉ कॉलेज परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकला था। तभी कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया। उसके साथ मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में उसे पीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सभी बदमाशों ने मास्क पहन रखा था। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश फरार हो गये। छात्र की पीट-पीटकर हत्या की घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृत छात्र वैशाली जिले का रहने वाला है। बताया गया है कि इस लड़के का पिछले दिनों कुछ लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। कॉलेज के लड़कों ने बताया कि डांडिया नाइट कार्यक्रम को लेकर विवाद हुआ था।

पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। युवक की विवाद के कारण हत्या की आशंका जताई गई है। पटना एसएसपी ने वारदात की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि मृतक छात्र की पहचान हर्ष के रूप में हुई है। वह वैशाली जिले के मझौली गांव का था और उसके पिता पत्रकार हैं।

### छात्र संघ का चुनाव लड़ना चाहता था हर्ष

लॉ के अंतिम वर्ष के छात्र हर्ष इस बार चुनाव लड़ना चाह रहा था। जिसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी थी। हर्ष के पिता अजीत कुमार ने बताया कि हर्ष छात्र संघ का चुनाव लड़ना चाहता था, वह कहता था कि आज तक जिसने भी चुनाव लड़ा है वो सभी पास आउट थे। पढ़ते हुए किसी ने चुनाव नहीं लड़ा है, लेकिन मैं कहता था कि हार जाओगे। पत्रकार के बेटे हो गरीब भी हो। हर्ष कहता था कि मैं मेहनत कर रहा हूं, कॉलेजों में घूम रहा हूं। सैनिटरी वेंडिग मशीन भी लगवा रहा हूं।

### एनडीए प्रत्याशी शांभवी ने बताया अपना भाई

समस्तीपुर से एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने मारे गए हर्ष को अपना छोटा भाई बताया है। शांभवी ने लिखा कि समस्तीपुर चुनाव और उससे पहले भी एक भाई के रूप में सदैव हमारे साथ मजबूती से खड़े रहने वाले हर्ष अब हमलोगों के बीच नहीं हैं। पटना लॉ कॉलेज में कुछ हिंसक तत्वों ने उनकी हत्या कर दी है। हम प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि इस हत्याकांड की बारिकी से जांच हो और दोषियों को अतिशीघ्र चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाए।

## बार में बैठने को लेकर विवाद में डीजे की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी/रांची**

झारखंड की राजधानी रांची के एक्स्ट्रीम बार में डीजे बजाने वाले युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान संदीप उर्फ सैंडी डीजे के रूप में की गई। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, घटना रविवार देर रात एक्स्ट्रीम बार की है। बताया जा रहा है कि रात 1 बजे के आसपास 4-5 युवक बार बंद होने के बाद वहां पहुंचे थे। इसी बीच बार में बैठने को लेकर विवाद हुआ। चुकी बार बंद हो चुका था, इसके बाद भी आरोपी बार खुलवाकर डीजे बजाने की बात कहते हुए विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक बंदूक लेकर बार के अंदर घुसा और डीजे बजाने वाले कोलकाता निवासी संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी की छाती में गोली मार दी। आनन फानन में उसे रिम्स लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गया जिले के से गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ तीन अन्य सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### बिहार पहुंचे कांग्रेस नेता ने नीतियों व योजनाओं पर मोदी सरकार को घेरा

# पीएम मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू कर नौकरी का रास्ता बंद कर दिया: राहुल

- राहुल गांधी फिर दोहराया कि नरेंद्र मोदी पीएम नहीं बन पाएंगे, देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में लहर है
- बोले- बिहार के लोगों को उन्होंने कितना रोजगार दिया यह यहां के लोगों को बताना चाहिए

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण का चुनाव अभी बचा हुआ है, जिसको लेकर प्रचार करने बिहार पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को तीन जनसभाओं को संबोधित किया। जिसमें पहली रैली पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के खुसरूपुर बख्तियारपुर में की गई। इस दौरान महागठबंधन के दिग्गज नेता इस जनसभा में पहुंचें, जहां राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव भी नजर आए। दोनों नेताओं ने बीजेपी पर जमकर हमला किया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि '4 जून के बाद अगर ईडी वाले मोदी से सवाल करेंगे तो वो कहेंगे, मैं कुछ नहीं जानता... मुझे परमात्मा ने कहा था। इसके साथ ही राहुल ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्ता में आई तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद्द कर दिया जाएगा। हर महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपए जमा किए जाएंगे। बख्तियारपुर और पालीगंज में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को उन्होंने संबोधित किया। राहुल ने दोहराया कि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे क्योंकि देश भर में विपक्षी गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट लहर है।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी को लंबे-लंबे भाषण देना बंद कर देना चाहिए। देश को बांटने की कोशिश नहीं करना चाहिए। बिहार के लोगों को उन्होंने कितना रोजगार दिया यह यहां के लोगों को बताना चाहिए। आपने दो करोड़ साल में नौकरी देने का वादा किया था लेकिन एक भी नौकरी नहीं दी। नौकरी के लिए पहले अनेक अवसर थे लेकिन नोटबंदी और जीएसटी लागू करके उन्होंने नौकरी का रास्ता बंद कर दिया।

### सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को रद्दकर कूड़ेदान में फेंक देंगे

राहुल गांधी ने कहा कि 4 जून को जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो अग्निपथ योजना को रद्दकर हम कूड़ेदान में फेंकने जा रहे हैं। ये नरेंद्र मोदी की योजना है, सेना इस योजना को नहीं चाहती है, ये ऊपर से थोपी गई है। हमारा पहला काम अग्निपथ योजना को रद्दकर कूड़ेदान में फेंकने का होगा। कांग्रेस नेता के मुताबिक हम दो तरीके के शहीद नहीं चाहते। अग्निपथ योजना जवान को शहीद का दर्जा नहीं देगी और जो सामान्य तरीके से जवान बनेगा जो अफसर होगा, उसे शहीद का दर्जा मिलेगा। अग्निवीर को पेंशन नहीं मिलेगी, दूसरे जवान को पेंशन मिलेगी। अग्निवीर को कैंटीन नहीं मिलेगी, दूसरे जवान को कैंटीन मिलेगी। ये अन्याय हम नहीं चाहते।

### पालीगंज में अचानक धंस गया मंच का एक हिस्सा

पटना के पालीगंज में राहुल गांधी की सभा थी, जैसे ही मंच पर पहुंचे उसका एक हिस्सा धंस गया। उसके बाद पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी कैंडिडेट मीसा भारती ने राहुल गांधी का हाथ पकड़ लिया। भागे-भागे सुरक्षाकर्मी भी आ गए, फिर राहुल ने कहा मैं ठीक हूं। उसके बाद सिक्योरिटी पर्सन रिलैक्स हुआ।

### मोदी ने गरीबों से पैसा छीन औद्योगिक घरानों को दे दिया

कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी ने 22 अरबपति बनाए हैं, वे करोड़ों लखपति बनाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर अपने अरबपति दोस्तों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया और कहा कि देश इसके लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने गरीबों से पैसा छीनकर औद्योगिक घरानों को दे दिया, जिन्होंने विदेशों में निवेश किया। उन्होंने कहा, 'ये चुनाव देश को बचाने, लोकतंत्र को बचाने और गरीबों के आरक्षण को बचाने के लिए है। चुनावी सभाओं को राजद नेता तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया।

## चक्रवाती तूफान रेमल ने प. बंगाल के तटीय इलाकों में मचाई तबाही, छह लोगों की मौत





**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान 'रेमल' के पहुंचने के एक दिन बाद सोमवार को भारी तबाही का मंजर दिखा। तूफान रेमल की वजह से कई जगहों पर झोपड़ियों की छत हवा में उड़ गयीं, पेड़ उखड़ गये और बिजली के खंभे गिर गये, जिस कारण कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। चक्रवात की चपेट में आकर अब तक छह लोगों की मौत की खबर है, हालांकि सरकारी तौर पर चार की मौत की बात कही गई है। दर्जनों घायल हुए हैं। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप, बकखाली, फ्रेजरगंज, सागरद्वीप और सुंदरवन इलाकों में हजारों कच्चे घर ढह गए हैं। तूफान के असर की वजह से बीती रात 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। एएआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि खराब मौसम के कारण कोलकाता जाने वाली आठ उड़ानों को गुवाहाटी, गया, वाराणसी और भुवनेश्वर जैसे अन्य हवाईअड्डों पर डायवर्ट करना पड़ा है। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक सी पट्टाभि ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं हुआ है। वहीं, गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता जाने वाली चौदह उड़ानें रद्द किया गया है। रद्द उड़ानों में इंडिगो की चार, एलायंस एयर की चार और एयर इंडिया की एक उड़ान शामिल है।

'रेमल' के पहुंचने की प्रक्रिया की शुरूआत रविवार रात साढ़े आठ बजे से शुरू हुई थी. तूफान ने प्रभावित इलाकों में कई संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया है. इसके कारण कोलकाता सहित राज्य के कई हिस्सों में बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। तूफान रेमल की वजह से भारी बारिश हुई जो सोमवार सुबह भी जारी रही और घरों एवं खेतों में पानी भर गया। जानकारी के मुताबिक सुंदरवन के गोसाबा इलाके में मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। कोलकाता के बिबीर बागान इलाके में लगातार बारिश के कारण एक दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पश्चिम बंगाल सरकार ने चक्रवाती तूफान के आने से पहले संवेदनशील इलाकों से एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। चक्रवाती तूफान के कारण दीघा, काकद्वीप और जयनगर जैसे इलाकों में बारिश हुई और हवाएं चलीं। सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

## राहुल-केजरीवाल को पाकिस्तान से समर्थन की जांच हो: पीएम मोदी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के पक्ष में वोट डालने के लिए पाकिस्तानी नेता फावद चौधरी ने एक ट्वीट किया था। इससे पहले वो राहुल गांधी के लिए भी कुछ ऐसा ही कर चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने आखिर चरण के चुनाव से पहले इसे बड़ा मुद्दा बनाया। पीएम ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जिसकी गहन जांच की जरूरत है। पीएम मोदी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान पाकिस्तान से भारतीय नेताओं के समर्थन को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि हमारे खिलाफ दुश्मनी रखने वाले कुछ चुनिंदा लोगों के समूह को पाकिस्तान से समर्थन क्यों मिलता है। वहां से कुछ खास व्यक्तियों के लिए समर्थन की आवाजें क्यों उठती हैं। यह गंभीर मामला है और इसकी जांच की जरूरत है।

## धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी: योगी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के दलों पर एक बार फिर हमला बोला है। इस मामले में कांग्रेस का इतिहास दागी बताते हुए तथा समाजवादी पार्टी को तुष्टिकरण की हद पार करने वाली पार्टी करार देते हुए योगी ने कहा, धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान की मूल भावना के विपरीत और पूरी तरह असंवैधानिक है"। इसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को अगर थोपने का प्रयास हुआ तो यह देश की अखंडता के लिए चुनौती होगी। सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए घोसी संसदीय क्षेत्र रवाना होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने मुस्लिमों को आरक्षण देने को लेकर विपक्षी दलों में मची होड़ को खतरनाक बताते हुए कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसका पुरजोर विरोध किया था। इसके बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के उसके सहयोगी दलों में मुस्लिम आरक्षण देने की होड़ लगी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास तो इस मामले में बहुत ही दागी रहा है।

### हवा को शुद्ध करने पर सरकार का जोर, अभियान में वन एवं अन्य विभागों द्वारा रोपे जाएंगे पौधे

# अयोध्या में लगेंगे 38 लाख से अधिक फलदार व औषधीय पौधे

**केटी न्यूज/लखनऊ**



योगी सरकार बनने के बाद हर वर्ष प्रदेश में वृहद् पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर इस अभियान के लिए वन सहित सभी विभाग तैयारियों में जुट गये हैं। सरकार का जोर वायु को शुद्ध करके स्वच्छ ऑक्सीजन देने वाले फलदार और औषधीय गुण वाले पौधों को लगाने पर है। अयोध्या में इस साल 38 लाख 12 हजार 680 पौधे लगाने का लक्ष्य है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रही है। अयोध्या की आबोहवा को सुधारने के लिए सरकार पौधरोपण अभियान चलाने की तैयार कर रही है। इससे वायुमण्डल में ऑक्सीजन की शुद्ध मात्रा को बढ़ाने व वातावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। अयोध्या के वन संरक्षक प्रणव जैन ने बताया कि फलदार व ऑक्सीजन देने वाले पौधों को अधिक संख्या में लगाने की योजना है। इसमें सहजन, पीपल, पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरुद, आम, सागौन, शीशम आदि के ज्यादा से ज्यादा पौधों के रोपण की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग के अलावा 26 अन्य विभाग पौधरोपण अभियान में भाग लेंगे। किस विभाग को कितने पौधे लगाने का लक्ष्य हैं, उसकी सूची भी वन विभाग ने बना ली है। इस साल पौधरोपण में कई प्रजातियों के पौधे लगाने की योजना है। जनता की सहभागिता के लिए पौधे लगाने की इच्छुक जनता को भी पौधे देने की योजना बनाई जा रही है। हर घर एक पौधा देने की तैयारी है। जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण हो सके और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिले।

### वर्ष 2024-25 में विभिन्न विभागो का वृक्षारोपण का लक्ष्य

| | | |
|---|---|---|
| ग्राम्य विकास विभाग - 1378000 | सिंचाई विभाग - 13000 | उच्च शिक्षा - 19000 |
| राजस्व विभाग - 115000 | कृषि विभाग - 276000 | श्रम विभाग - 3700 |
| पंचायती राज विभाग - 139000 | पशुपालन विभाग - 7000 | स्वास्थ्य विभाग - 10000 |
| आवास विकास विभाग - 6000 | सहकारिता विभाग - 6160 | परिवहन विभाग - 3000 |
| औद्योगिक विकास - 7000 | उद्योग विभाग - 10000 | रेलवे विभाग - 12000 |
| नगर विकास - 23000 | विद्युत विभाग - 5040 | रक्षा विभाग - 8000 |
| लोक निर्माण विभाग - 13000 | माध्यमिक शिक्षा - 8000 | पुलिस विभाग - 7280 |
| उद्यान विभाग - 169000 | बेसिक शिक्षा - 14000 | पर्यावरण विभाग - 248000 |
| वन एंव वन्य जीव - 1310000 | प्राविधिक शिक्षा - 5000 | |




CMYK

## नालंदा जिले के हिलसा पहुंचे मुख्यमंत्री, जदयू प्रत्याशी के लिए मांगा वोट

# हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने वाले से भी एनडीए ने लोगों को मुक्ति दिलाई : नीतीश कुमार

♦ विपक्ष पर सीएम ने जमकर साधा निशाना

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह जिले नालंदा के हिलसा सोमवार को पहुंचे। जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। नीतीश कुमार जेडीयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में वोट मांगने के लिए पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा है कि बिहार में 40 सीट है 40 सीट जीतेंगे। देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे और देश का विकास होगा। बिहार के विकास के लिए भी मदद करेंगे। हम अपील करने आए हैं कि हमारे उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को भारी मतों से विजयी बनाइए। नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर साधा। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले क्या स्थिति थी? पूरी तरह से जंगल राज था। कोई घर से बाहर नहीं निकलता था, जिससे मुक्ति हमने और बीजेपी ने दिलाई। इतना ही नहीं हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने वाले से भी हम लोगों ने मुक्ति दिलाई। अब देखा जाए तो हिंदू मुस्लिम एक हैं और लड़ाई नहीं हो रही है। हम लोग हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं। शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या फिर सड़क, बिजली पानी हो हर क्षेत्र में काम हुआ है।

**मुस्लिमों के लिए एक भी काम नहीं किया :** सीएम ने आगे कहा कहा कि जो हम लोग के खिलाफ हैं वह मुस्लिम के लिए एक भी काम नहीं किया और बोलता है कि मुस्लिम मेरे साथ है। हम तो मुस्लिम कम्युनिटी के लोगों से कहेंगे कि वह लोग कोई काम देता था। हिंदू मुस्लिम का झगड़ा कराता था। इसको बंद हम और बीजेपी ने कराया इसलिए इधर उधर क्यों जाइएगा। हमलोग ने अब तय कर दिया है कि हम अब कभी नहीं इन लोगो के साथ जाएंगे, क्योंकि बीजेपी के साथ 1995 से हैं और सब दिनों के लिए साथ रहेंगे। बता दें कि इस सभा में मंत्री संजय झा, ललन सिंह, मंत्री श्रवण कुमार, विधायक समेत अन्य लोग मौजूद रहे। नीतीश कुमार विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रोड शो भी करेंगे।

## मोदी जी आपसे जब लालू जी नहीं डरे तो उनका बेटा कैसे डरेगा: तेजस्वी

**पटना।** राज्य मुख्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को चुनावी सभा संबोधित करने बिहार पहुंचे हुए हैं। पटना में आयोजित सभा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल चाचा जी बोल दिए कि उनकी इच्छा है कि नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री बन जाएं। कभी न कभी अंदर की बात सामने आ ही न जाती है। पीएम मोदी के नामांकन में सीएम नीतीश बनारस नहीं गए। चाचा जी बीमार हो गए थे। अरे बुझे वाला बुझऽता कि सोना ह कि पितर ह.. सब समझने वाले समझते हैं।

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि मेरे पीठ में की हड्डी में चोट है। डॉक्टर ने कहा था 3 महीने कम से बेड रेस्ट लीजिए, लेकिन मैं डॉक्टर से कहा मैं बेड रेस्ट तभी लूंगा जब नरेंद्र मोदी को बेड रेस्ट करवा दूंगा। तेजस्वी बैठने वाला नहीं है। लोकतंत्र को बचाने में जो भी कुबार्नी देनी होगी वह हम देंगे। प्रधानमंत्री जी ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। प्रधानमंत्री जी बिहार में आकर बेरोजगारी की बात, महंगाई की बात नहीं करते हैं। सिर्फ नफरत फैलाने की काम करते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मोदी जी के लिए मुद्दा है मटन मछली, मुजरा, हिंदू मुस्लिम। बिहार जाकर मोदी जी लालू जी को गाली देते हैं तेजस्वी यादव को गाली देते हैं। यह लोग हमको जेल भेजने की तैयारी में हैं। राहुल गांधी जी को जेल भेजने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन मोदी जी आपसे जब लालू जी नहीं डरे तो उनका बेटा कैसे डरेगा? हम भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं।

## मुसलमान-मुसलमान चिल्लाने से खाता नहीं खुलेगा : गिरिराज

**पटना।** बिहार में 'इंडिया' और एनडीए गठबंधन के नेता लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर पूरी ताकत झोंके हुए हैं। इसको लेकर जमकर बयानबाजी भी हो रही है और दावे किए जा रहे हैं। सोमवार को बीजेपी से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस लहर में सब साफ हो जाएंगे। चार जून के बाद लालू यादव और तेजस्वी यादव किसी मस्जिद में पड़े रहेंगे। 400 के पार हो चुका है।

पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में लालू परिवार पर कार्रवाई की बात कही थी। इस पर तेजस्वी यादव ने पलटवार करते हुए कहा था कि वो डरने वाले नहीं हैं। वहीं, इस पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लालू यादव डरे हुए और थके हुए हैं। इसलिए ऐसी बातों को लोगों के बीच रखने का काम करते हैं। लालू यादव का पूरा कुनबा सिर्फ मुसलमान-मुसलमान चिल्लाते रहा है, लेकिन मुसलमान-मुसलमान चिल्लाने से आपका खाता नहीं खुलेगा। वहीं, राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वो तो अपने ही सुर में चलते है। उनको जो पर्चा बना दिया जाता है वो वही बोलते हैं।

## चार जून को परिवारवाद पॉलिटिक्स का देश से अंत हो जाएगा : संजय

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को राहुल गांधी के बिहार आने पर संजय झा ने कहा कि यह दूसरी बार बिहार आ रहा हैं। चार तारीख को रिजल्ट आएगा, परिवारवाद के पॉलिटिक्स का अंत है। अब उनके आने से क्या होगा. चुनाव जब खत्म हो रहा है, अब बिहार आ रहे हैं। आप समझ सकते हैं कि बिहार के प्रति उनकी क्या भावना है।

जातिगत जनगणना को लेकर शकील अहमद के उठाए गये सवाल पर संजय झा ने कहा कि मुंबई में मीटिंग हुई, वहां पर नीतीश कुमार बोलते रहे ममता बनर्जी को कांग्रेस के लोगों को कि एजेंडा तय कर रहे हैं। उसे एजेंडा पर पूरे देश में जाया जाए, जनगणना करेंगे। इन लोगों ने मना कर दिया। आज उसकी चर्चा कर रहे हैं. यह तो थे भी नहीं उस मीटिंग में। हम लोगों ने भी कहा सारे लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह थे, उन्होंने भी कहा था सब लोगों ने इस बात को रखा था, लेकिन उसका पूरा विरोध कांग्रेस ने किया था।

**नौकरी को लेकर तेजस्वी यादव पर साधा निशाना :** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के लिए पाकिस्तान में दुआ हो रही है, पीएम के इस बयान पर संजय झा ने कहा कि अंतिम फेज में हम लोग आ चुके हैं। 4 तारीख को परिवारवाद पॉलिटिक्स का अंत हो जाएगा। मुख्यमंत्री के 10 लाख रोजगार देने और इस पर तेजस्वी के सवाल खड़े करने पर संजय झा ने कहा कि उनसे पूछिए कि जब 15 साल उनका शासन था किस तरह की नौकरी वह दे रहे थे। सारे उद्योगपति को उन्होंने भगा दिया था, जो नौकरी देता था सारे चीनी मिल को बंद कर दिया। डॉक्टर भाग गए कोई बचा ही नहीं था। उन्होंने कहा जब 2006 के बाद अपॉर्चुनिटी बढ़ी। लोगों को रोजगार मिलना शुरू हुआ। सीएम नौकरी 2006 में भी दिए थे, टीचर की बहाली पंचायत के माध्यम से अन्य माध्यम से अभी भी दे रहे हैं। फिर मैं बता देता हूं। बिना मुख्यमंत्री के एक कागज भी सरकार में नहीं बढ़ता और जो भी कुछ हुआ है, नीतीश कुमार ने किया।

## नालंदा में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने नर्स को छत से नीचे फेंका

**पटना।** नालंदा के बिहार थाना इलाके के खंदकपर शारदा पेट्रोल पंप के पास 26 मई की देर रात एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा और क्लीनिक में तोड़फोड़ की। मृत महिला के परिजनों में इतना आक्रोश था कि बालकनी की छत पर से क्लीनिक में काम करने वाली नर्स को धक्का देकर नीचे फेंक दिया। जिससे नर्स बुरी तरह जख्मी हो गई और उसका पैर टूट गया।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस दलबल के साथ क्लिनिक पहुंची और मामले में कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक इलाके के चैनपुरा गांव निवासी गुड़िया कुमारी को पेट में दर्द की शिकायत के बाद परिजनों ने इलाज के लिए ऑक्सफोर्ड मेडिकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल में नर्स ने दवाई दी। जिसके बाद मरीज की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ने लगी और देखते ही देखते उसकी मौत हो गई। परिजनों का यह भी आरोप है कि क्लीनिक में झोलाछाप डॉक्टर बैठे हैं और इसकी लापरवाही के कारण मरीज की मौत हुई। मरीज की मौत होने के बाद परिजनों ने जमकर बवाल किया और कई फर्नीचर और कई सामग्री को तोड़फोड़ दिया।

## नामांकन कराने का झांसा देकर तीन साल से यौन शोषण करता रहा, पिता ने दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/पटना**

समस्तीपुर में एक सरकारी शिक्षक ने नाबालिग लड़की को पॉलिटेक्निक व पारा मेडिकल में नामांकन कराने का झांसा देकर तीन साल से यौन शोषण करता रहा। शिक्षक ने नाबालिग लड़की का फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठता रहा और अपने दूसरे साथी से भी उसका यौन शोषण करता था। मामला दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के व्यापार मंडल रोड के एक शिक्षण संस्थान का है।

यौन शोषण व ब्लैक मेल से तंग आकर मासूम ने अपने माता पिता को अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद उनके होश उड़ गए। पूरी बात जानने के बाद नाबालिग के पिता ने स्थानीय थाना की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए आरोपी शिक्षक विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के खनुआ निवासी रामविलास महतो के पुत्र सोनू कुमार और उसके साथी दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के घाट नवादा निवासी राजेंद्र सहनी के पुत्र गुड्डू सहनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही पिता ने पुलिस से न्याय व सुरक्षा देने की अपील भी की है।

इधर, व्यापार मंडल रोड में कोचिंग के आसपास रहने वाले लोगो ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि आरोपी शिक्षक पिछले चार वर्षों से यहां रूम लेकर पढ़ा रहा था। इस दौरान उसने कई मासूम लड़कियों को अपने हवस का शिकार बना चुका है। वह उन लड़कियों को टारगेट करता था जिसकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती थी या जिसके परिवार वाले का रसूख होता था। कई मासूम और उसके परिवार वालों ने लोक लाज के डर से शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस बात को लेकर कोचिंग पर आए विवाद होता रहता है।






## पूर्व मध्य रेल की विशेष पहल पर दिल्ली मुंबई समेत देश भर में पहुंच रही बिहार की लीची की मिठास

**केटी न्यूज/पटना**



रेलवे सस्ता, सुगम और तेजी से किसान उत्पादों का परिवहन कर उनकी आय की बढ़ोतरी में अहम भूमिका निभा रही है। इसी सिलसिले में पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पटना/पाटलिपुत्र आदि स्टेशनों से ट्रेन के जरिए उत्तर बिहार की प्रसिद्ध लीची को दिल्ली, मुंबई सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों तक नियत समय पर पहुंचाने के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा विशेष प्रबंध किया गया है।

पूर्व मध्य रेल द्वारा इस वर्ष 15 मई 2024 से लीची की लोडिंग प्रारंभ की गई है। 26 मई 2024 तक 12 दिनों में पूर्व मध्य रेल के सोनपुर, समस्तीपुर और दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों से लगभग 2,318 क्विंटल लीची दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु आदि शहरों के लिए भेजा गया है। इससे रेलवे को 8.46 लाख रेल राजस्व के रूप में मिला है।

समस्तीपुर स्टेशन पर 11,062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल पवन एक्सप्रेस में 3.9 टन का एसएलआर उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह मुजफ्फरपुर स्टेशन से 20.05.2024 से पवन एक्सप्रेस में वीपी द्वारा प्रतिदिन 24 टन लीची की लोडिंग की सुविधा मुहैया कराई गई है। इससे यहां के लीची उत्पादक अपनी लीची कम लागत और तेज गति से मुंबई की ओर भेज रहे हैं। इससे व्यापारियों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। व्यापारियों को लीची की लोडिंग में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए चौबीसों घंटे रेल कर्मी कार्यरत हैं। लीची व्यापारियों द्वारा सोनपुर मंडल के स्टेशनों पर लोडिंग के लिए 9771429999, समस्तीपुर मंडल के स्टेशनों पर लोडिंग के लिए 9771428963 और दानापुर मंडल के स्टेशनों पर लीची की लोडिंग के लिए 7759070004 नंबर पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।


## छात्र की हत्या के बाद पटना यूनिवर्सिटी की सभी परीक्षाएं स्थगित

**पटना।** पटना यूनिवर्सिटी में चल रहे परीक्षा को कैंसिल कर दिया गया है। सूचना के अनुसार मंगलवार को सभी कॉलेज बंद रहेंगे। कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना जारी किया है। सूचना के अनुसार अगले आदेश तक पटना यूनिवर्सिटी की सभी परिक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। बता दें कि पटना लॉ कॉलेज हॉस्टल कैंपस में छात्र हर्ष की पिटाई और मौत के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

जारी सूचना के अनुसार पटना विश्वविद्यालय के अंतर्गत पटना लॉ कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर सोमवार को परीक्षा समाप्त होने के उपरांत असामाजिक तत्वों के द्वारा मारपीट के दौरान घायल एक छात्र को पीएमसीएच ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।







# अच्छी पहल : केसठ में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर पर डाला वोट

- चुनाव आयोग के इस प्रक्रिया से बुजुर्गों और दिव्यांगों में काफी उत्साह
- डाक मतपत्र के माध्यम से 17 लोगों ने किया मतदान



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड में सोमवार को लोकसभा चुनाव की वोटिंग के लिए एक टीम ने 17 घरों में पहुंच कर बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों से मतदान करवाया। घरों में मतदान प्रक्रिया का रिकार्ड कायम हो गया है। बक्सर संसदीय क्षेत्र के केसठ में 41.6 फीसदी मतदान दर्ज हुआ है। निर्वाचन विभाग ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पहली बार घर-घर जाकर वोट डालने की प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रक्रिया में बक्सर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में सोमवार को केसठ में अब तक दिव्यांगजन और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 17 मतदाताओं ने घरद्वार पर अपने मत का प्रयोग किया है।

इसमें घर से मतदान करने का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं से मतदान करवाने के लिए गठित टीम घर-घर जाकर मतदान करवा रही हैं। अगर एक बार कोई बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता घर पर नहीं मिलता तो टीम दूसरी बार फिर से मतदान करवाने के लिए आएगी। दूसरी बार भी अगर संबंधित मतदाता घर पर नहीं मिलता तो उसके पश्चात मतदान नहीं होगा। चुनाव आयोग के इस प्रक्रिया से बुजुर्गों और दिव्यांगों में काफी उत्साह दिखा। बता दें कि पहली बार बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों ने अपने घर से ही वोट डाला है।

**17 लोगों ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया :** इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में बक्सर लोकसभा चुनाव के सातवे चरण यानी अंतिम चरण के लिए दिवियांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले 17 लोगों ने डाक मतपत्र के माध्यम

## डुमरांव विधानसभा के 50 फीसदी मतदान केंद्रों पर होगी वेबकास्टिंग, अंतिम दौर में तैयारी

**डुमरांव।** बक्सर लोकसभा क्षेत्र में एक जून को मतदान होंगे, लेकिन इसकी तैयारियां डुमरांव अनुमंडल प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर चल रही है। अनुमंडल प्रशासन ने 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों का लाइव वेबकास्ट कराने की तैयारियों में है। इसके लिए कैमरे लगाए जाएंगे।

मतदान केंद्रों की निगरानी तीसरी आंख से होगी। मतदान से मतगणना प्रक्रिया की निगरानी कैमरों के जरिये की जाएगी। इसके जरिये मतदान की लाइव वेबकास्ट होगी। दरअसल, बीते दिनों चुनाव आयोग ने 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्ट करने का निर्देश दिया था। लोकसभा अंतर्गत जिन मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग की जाएगी, उनमें सभी संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल किए गए हैं। इसके अलावे विधानसभा की 50 फीसदी मतदान केंद्र वेबकास्टिंग में शामिल किए गए हैं। पुलिस-प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र का पिछला रिकॉर्ड देखते हुए भौतिक सत्यापन किया गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाकर वेबकास्टिंग की जाएगी। इससे निर्वाचन आयोग सीधे निगरानी कर सकेगी। डुमरांव विधानसभा के कुल 335 बूथ के 50 प्रतिशत यानी 168 बूथों पर यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। मतदान केंद्रों पर लगाए जाने वाले कैमरे अत्याधुनिक होंगे।

# चुनावी सभा : बक्सर के बन्नी विद्यालय के मैदान पर पहुंचे सूबे के उपमुख्यमंत्री

# सभी माफिया जेल में होंगे बंद या फिर हाथ जोड़ने के लिए होंगे मजबूर : सम्राट चौधरी



**केटी न्यूज/बक्सर**

अभी डेढ़ वर्ष का समय बाकी है। समाज में तीन तरह के माफिया घूम रहे हैं बालू माफिया, शराब माफिया व जमीन माफिया हम आश्वस्त करते है इन सभी तरह के माफियाओं को बक्सर के जेल में बंद करेंगे नहीं तो फिर हाथ जोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। उक्त बातें सोमवार को एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में बक्सर के बन्नी विद्यालय के मैदान पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा जिस तरह मोदी सरकार गरीबों को पक्का मकान दे रही थी तो प्रभु श्री राम भी इंतजार कर रहे थे कि हमें भी पक्का मकान में ले चलो। जिस तरह उत्तर प्रदेश के लोगों ने मोदी जी को अपना अधिकार दिया मोदी जी ने 450 सौ वर्षों का सपना पूरा किया। अब हमारी बारी है, हम लोगों ने तय किया है भगवान राम उत्तर प्रदेश में स्थापित हो गए। मां सीता को भी उनके जन्मस्थली सीतामढ़ी के पावन धरती पर भव्य सीता मंदिर की स्थापना करेंगे।

**मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे :** उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा लालटेन वाले आएंगे तो उनसे पूछिएगा की प्रधानमंत्री किसको बनाओगे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, हेमंत सोरेन को या केजरीवाल को यह सब लोग लुटेरे हैं, सब कोई परिवार के लुटेरे हैं इन पर कोई ना कोई अपराध है किसको बनाओगे प्रधानमंत्री। लेकिन, यह मेरा गारंटी है बक्सर के पावन धरती पर मिथिलेश तिवारी को चुनाव जिताईए, फिर मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मोदी जी ने पूरे देश में 4 करोड़ 28 लाख लोगों को पक्का मकान दिया बिहार में 55 लाख लोगों को मकान दिया। जिनके पक्के मकान नही झोपड़ी में रहते है उनको 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले सबका पक्का मकान बनेगा। मोदी व नीतीश सरकार बना देगी। मोदी जी ने घर दिया, बिजली, पीने को पानी दिया, गैस सिलेंडर, कोरोना काल मे भूख से निजात के लिए अनाज दिए गए। डबल इंजन सरकार ने तय किया। गरीब के इलाज के लिए पांच लाख का बिल भी मोदी व नीतिश जी देंगे। इससे गरीब को चिंता की जरूरत नहीं।

- विपक्ष पर जमकर बरसे उपमुख्यमंत्री, कहा- लालू जी ने केवल गुंडे व अपराधी बनाये

### दस वर्षों में भारत में गरीबी रेखा से लोग बाहर निकले

चुनाव में कुछ लोग आएंगे कहेंगे कि संविधान खतरे में हैं, आरक्षण खतरे में है। कभी पूछियेगा लालटेन वाली पार्टी से लालटेन वाला का युग, लालटेन खत्म हो गया एलईडी बल्ब जो चल रहा है। 1990 से 2005 तक मुख्यमंत्री लालू थे, उन्होंने किसी को आरक्षण दिया क्या। केवल गुंडे व अपराधी बनाये। 2014 से 2024 तक भारत में गरीबी रेखा से लोग बाहर निकले। मार्च में बिहार सरकार 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया। मोदी जी ने दो लाख करोड़ बिहार के विकास के लिए दिया। पहले हमारा अर्थव्यवस्था 12 वें स्थान पर था। आज पांचवे स्थान पर है। 2014 में मोदी जी आये घर-घर बिजली पहुंचाने का काम किये। इस बार जैसे ही मोदी जी आएंगे गरीबों के बिजली बिल जीरो कर देंगे। इससे पहले पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने कहा 70 वर्ष तक कांग्रेस की सरकर ने भारत को लूटी, इस लोकसभा मे राजद एक भी सीट नही जीतेगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ही देश का विकास करेगी।

## फिर से भाजपा के हुए राणा प्रताप सिंह, करेंगे मिथिलेश तिवारी के लिए प्रचार

**बक्सर।** अश्वनी चौबे के विरोध में भाजपा से छह साल के लिए निष्कासन से वापसी हो गई है। इसमें भाजपा नेता विजय मिश्रा ने चाणक्य की भूमिका निभाते हुए बीजेपी में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के समक्ष पुनः भाजपा की सदस्यता दिलाई गयी। पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के वापसी के बाद निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा को झटका लगा है। बक्सर के वर्तमान सांसद अश्वनी चौबे के लगातार विरोध व उनके पुतला दहन करने के कारण बीजेपी से राणा प्रताप को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। जिसके लोकसभा चुनाव 2024 में बक्सर से निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा को प्रेसवार्ता कर समर्थन देने की घोषणा की थी। जिसके बाद से मिथलेश तिवारी को विजयी बनाने के संकल्पित भाजपा नेता विजय मिश्रा ने चाणक्य की भूमिका निभाते हुए राणा प्रताप को वापसी कराई। जिसकी पुष्टि भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविन्द शर्मा ने पत्र जारी कर दी। साथ ही मिथलेश तिवारी के समर्थन में चुनाव प्रचार में भाग लेने को राणा प्रताप को निर्देश दिया गया है।

## सबका साथ सबका विकास पर काम कर रहे हमारे प्रधानमंत्री: प्रेम कुमार



**केटी न्यूज/डुमरांव**

मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही है। 70 सालों में विकास की गंगा 2014 से बहना शुरू हुई है। यह सब मोदी की देन है। कौशल विकास से लेकर स्कील डेवलपमेंट पर काम शुरू कर देश के नौजवानों को हुनरमंद बनाया गया और बनाया जा रहा है। कोविड काल में भी भारत आगे बढ़कर काम किया। हमारे प्रधानमंत्री को देश के वैज्ञानिकों पर विश्वास था और उस विश्वास को उन्होंने वैक्सीन का अविष्कार कर उसे दिखाया भी। वैक्सीन की उस वैक्सीन से देश से लेकर विदेशी तक को इस रोग से मुक्ति दिलाई। उक्त बातें बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार ने डुमरांव में एक प्रेसवार्ता के दौरान कही।

उन्होंने मिथिलेश तिवारी जो बक्सर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैंए उनके संबंध में कहा कि यह एक संघर्षशील कार्यकर्ता रहे हैं। जमीन से जुड़ कार्य किया हैए ऐसा कार्कर्ता बक्सर क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा देगा। मलई बराज योजना हो या गोकुल जलाशय सभी कुछ आपकों धरातल पर नजर आएगा। 18 हजार गांव के लोगों ने बिजली को कभी देखा नहीं थाए आज उजाले में जी रहे हैं। मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री दिवेश मिश्रा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री का देन ही है कि 608 पीएमजीएसवाई से रोड बना है। दीनदयाल पेंशन योजना का लाभ लेकर बुजुर्ग व विधवा महिला किसी के भरोसे पर नहीं रहते। इतना ही नहीं 5 लाख 76 हजार बिहार के लोग मुद्रा योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मिथिलेश तिवारी पिछले सारे रिकार्ड को तोड़कर जीतेंगे। प्रेसवार्ता के बाद दोनों नेता शहीद पार्क में जाकर शहीदों को नमन किया। मौके पर विध्याचल राय, संजय चंद्रवंशी सहित अन्य स्थानीय कार्यकर्ता

## मिशन दक्ष : आज एक पाली में आयोजित होगी विशेष परीक्षा

बक्सर। मिशन दक्ष के तहत शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की विशेष परीक्षा का आयोजन 28 मई को किया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक मथिलेश मिश्र ने पत्र जारी कर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी किया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि मिशन दक्ष के तहत चयनित बच्चों की विशेष परीक्षा 28 मई को आयोजित किया जाना है। निर्गत मार्गदर्शिका में विशेष परीक्षा आयोजित करने का प्रावधान है। परीक्षा का आयोजन एक पाली में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चयनित छात्र-छात्राओं के मूल विद्यालय में ही किया जाएगा। मूल विद्यालय में परीक्षा का आयोजन छात्र-छात्राओं के एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय जाने में होने वाली कठिनाई से बचने के लिए किया गया है। बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2019 में अंकित प्रावधानों के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में वर्ग पांच एवं आठ के वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित छात्र-छात्राओं की पुनः परीक्षा 21 से 28 मई के मध्य आयोजित कराया जा रहा है।

## आक्रोश : डुमरांव पीड़िया रोड जर्जर होने से आवागमन बाधित, आंदोलन की चेतावनी



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल मुख्यालय को जोड़ने वाली डुमरांव.एकौनी पीड़िया रोड के जर्जर होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में तब्दील इस सड़क पर वाहनों का आना-जाना बंद हो गया है। अनुमंडल मुख्यालय से लोगों का संपर्क टूट सा गया है। इस रोड से जुड़े दर्जनभर गांव के छात्र-छात्रा स्कूल जाने से भी घबड़ाते हैं। उच्च वर्ग में पढ़नी वाली छात्राएं प्रतिदिन साइकिल चलाकर स्कूल आती-जाती हैं। सड़क जर्जर होने के कारण उनकी साइकिल बराबर खराब हो जाया करती है।

उस समय ग्रामीण और परेशानी में पड़ जाते हैं जब किसी प्रसवी महिला की तबीयत बिगड़ने में अस्पताल में दिखाने के लिए डुमरांव आना पड़ता है। जर्जर गड्ढेनुमा सड़क से गुजरने पर बीमार प्रसवी महिला को भारी परेशानी होती है। ग्रामीण विशोका चंद्र, निठाली शर्मा, वकील राम, महेन्द्र यादव, धनजी यादव, गीता देवी, सविता देवी, कमल दूबे, इस्लाम अंसारी, भीम गोंड का कहना है कि एकौनी सिद्धीमहुआ से लेकर ददन चौबे के मकान तक साथ ही पीड़िया काली मंदिर तक यह सड़क पैदल चलने लायक नहीं है, ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इस सड़क से जुड़े गांव के ग्रामीणों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा। शहर में उच्च शिक्षा के लिए पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्रा साइकिल से आते-जाते हैं। इस गड्ढेनुमा जर्जर सड़क पर अक्सर इनकी साइकिल खराब हो जाती है, जिससे उन्हें साइकिल के साथ पैदल शहर आना पड़ता है या गांव जाना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है कि पढ़ने वाले बच्चे भी इस इस जर्जर सड़क से कितने परेशान हैं। इतना ही नहीं ग्रामीण बताते हैं कि इसकी लिखित सूचना भी अधिकारियों को दी गई है, बावजूद सालों से लोग सड़क बनने का इंतजार कर रहे हैं। अब लोग सड़क नहीं बनने से जन आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव आचार संहिता नहीं लगा रहता तो लोग आमरण अनशन पर बैठ जाते।

# शहरी यूपीएचसी का राज्य स्तरीय टीम ने किया इंटरनल असेसमेंट, चेक लिस्ट के अनुसार की जांच

# एनक्वास सर्टिफिकेशन के लिए सभी ने किया बेहतर कार्य: सीएस

- राज्य स्तरीय टीम के अप्रूवल के बाद राष्ट्रीय स्तरीय टीम करेगी अस्पताल का दौरा



**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी), बक्सर को अब जल्द ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस/एनक्वास) का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा गठित टीम ने सोमवार को यूपीएचसी का दौरा किया। टीम में डॉ. संध्या सिंह, पटना एएनएम स्कूल की प्राचार्या व पिरामल इंडिया के डॉ. समित कुमार सरकार ने यूपीएचसी में चेक लिस्ट के अनुसार अस्पताल की बारीकियों से जांच की। इसके पूर्व सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा व डीसीक्यूए रुचि कुमारी ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने बताया कि यूपीएचसी को एनक्वास सर्टिफिकेशन दिलाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मियों ने बेहतर कार्य किया है। जिसकी बदौलत आज यूपीएचसी का पूरी तरह से कायाकल्प हो गया है। यहां पर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल किया गया। साथ ही, उनकी जांच, इलाज और उचित परामर्श भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यूपीएचसी को एनक्वास सर्टिफिकेट मिल जाएगा, तो विभाग की ओर से यहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करने के लिए राशि भी मिलेगी।

### टीम के सदस्यों ने की गहनता से जांच

टीम के सदस्यों ने ओपीडी, संपूर्ण टीकाकरण कॉर्नर, स्टोर, लिस्ट के अनुसार दवाओं की उपलब्धता, परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का च्वाइस बॉक्स, चिकित्सकों का रोस्टर, फामेर्सी लैब, दवा वितरण केंद्र और मरीजों के रिकॉर्ड आदि की जांच की।

साथ ही, उन्होंने मौजूद चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों से स्वास्थ्य संस्थान के संचालन तथा रखरखाव से संबंधित सवाल किये तथा एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए चेक लिस्ट के अनुसार मूल्यांकन किया। वहीं, अस्पताल के सभी रजिस्टरों की भी जांच की। टीम ने अस्पताल में कार्यरत नर्स और एएनएम से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध संसाधन एवं दवाइयों की उपलब्धता के साथ चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों से व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। टीम ने अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई को देख सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी विंध्याचल सिंह, प्रभारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, सीएचओ रौशनी कुमारी समेत सभी स्टाफ नर्स और एएनएम मौजूद रही।

## मतदान को लेकर 130 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया

**बक्सर।** आगामी एक जून को होने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निदेर्शानुसार 33-बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के उपरांत रिसीविंग काउंटर पर पीठासीन पदाधिकारी के सहयोग हेतु प्रतिनियुक्ति कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल बक्सर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 130 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, कृष्णा कुमार द्वारा किया गया।

## एक नजर

### थैलेसिमिया माह के तहत 21 लोगों ने अस्पताल में किया स्वैच्छिक रक्तदान

**डुमरांव।** इस रक्तदान शिविर में अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मी से लेकर नगर के बुद्धिजीवियों ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। इस शिविर का उद्घाटन अस्पताल के डीएस डॉ. गिरीश कुमार सिंह व रोगी कल्याण समिति के सदस्य मोहन गुप्ता ने किया। मौके पर बोलते हुए डीएस ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। आपका दान किया गया खून किसी के जीवन बचा सकता है। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। इस रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपना रक्तदान किया। फिर रक्तदान करने आए लोगों की सेवा के साथ सहायता भी किया। रक्तदान करने वालों में नीरज कुमार, अशोक कुमार, अमित कुमार, मुन्ना सिंह, शमीम अंसारी, रवि कुमार, प्रकाश कुमार, आशीष कुमार, मृत्युंजय कुमार, सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। शिविर को सफल बनाने में डॉ. सुमित सौरव, डॉ. अजीत किशोर, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. रश्मि, प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, लैब तकनीसियन जमालूदीन अंसारी, रेडक्रास ब्लड बैंक से आए संतोष कुमार, चंदन कुमार और काउंसेलर मुकेश कुमार का सरहाहनीय सहयोग रहा।



### 136 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को डीएम ने किया रद्द

**बक्सर।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्धारित तिथियों को शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को निबंधिक डाक से निर्गत नोटिस के आलोक में नोटिस मृत अंकित कर कार्यालय को वापस किया गया तथा कुछ अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा स्वेच्छा से अनुज्ञप्ति रद्द करने हेतु अनुरोध आवेदन समर्पित किया गया। थानाध्यक्षों से मृत अनुज्ञप्तिधारियों के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में थानावार निम्नांकित संख्या में जिला के 136 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को जिला दण्डाधिकारी बक्सर ने तत्काल प्रभाव से रद्द किया है। विदित हो कि पर्वू से शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले 193 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्तियों को निलंबित किया गया है। जिसमें बक्सर नगर थाना से 03, मुफस्सिल थाना से 05, औद्योगिक क्षेत्र थाना से 01, राजपुर थाना से 26, इटाढी थाना से 19, धनसोई थाना से 11, डुमराँव थाना से 04, सिमरी थाना से 15, कृष्णाब्रह्म थाना से 08, नैनीजोर थाना से 03, ब्रह्मपुर थाना से 08, बगेनगोला थाना से 12, मुरार थाना से 05, नावानगर थाना से 11, कोरान सराय थाना से 01 एवं सिकरौल थाना से 04 (कुल 136) शस्त्र अनुज्ञप्तियों का शस्त्र रद्द कर दिया गया है।

### उपमुख्यमंत्री ने गिनवाएं भाजपा के कार्य

**ब्रह्मपुर।** प्रखण्ड के नैनीजोर में सूबे के उप मुख्यमंत्री बिजय सिन्हा ने जन सभा को किया संबोधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर तपके के लोगों का विकास से लेकर गरीबों की गरीबी दूर करने के लिए आवास अनाज आयुष्मान जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं को गिनवाएं। बताते चलें कि प्रखण्ड के नैनीजोर हाईस्कूल के समीप मैदान में बक्सर संसदीय क्षेत्र के भाजपा में उम्मीदवार मिथलेश तिवारी के समर्थन में वोट करने को लेकर जनसभा आयोजित की गई। मंच संचालन का नेतृत्व नैनीजोर निवासी पटना के चिकित्सा जगत के जाने माने सुप्रसिद्ध डॉ सत्यप्रकाश तिवारी द्वारा की गई। जनसभा को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री बिजय सिन्हा ने उपस्थित जनसमूह को प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा देश में विकास की लहर की चर्चा करते हुए उनके द्वारा दी गई सभी महत्वपूर्ण आवास अनाज आयुष्मान जैसी कई योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अभिभाषण में मोदी जी के हाथों को मजबूत करने तथा बक्सर के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी मिथलेश तिवारी को कमल का बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील की गई।



### मिथिलेश तिवारी को मिला बिंद समाज का साथ

**डुमरांव।** बिंद समाज खुलकर भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में उतर गया है। इस समाज के नेताओं ने पुरानाभोजपुर में प्रचार अभियन चलाते हुए अपने समाज के लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। इस समाज के नेता चनाए भरियारए गायघाटए नोनियाडेरा का भी दौरा किया। उन्होंने अपने लोगों से कहा कि समाज का भला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हही कर सकते हैं। मौक पर ललन सहनीए नीलम सहनीए कैप्टेन कमलेश सहनीए लव किशोर सहनीए भरत सहनीए राजेन्द्र चौधरीए भरत चौधरीए धर्मेन्द्र चौधरी व समाजिक कार्यकर्ता मदन शुक्ला भी मौजूद रहे।

### मतदान के प्रति चलाया जागरुकता अभियान

**डुमरांव।** डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार को नगर में मतदान के प्रति चलाया गया जागरुकता अभियान। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र बक्सर, नेहरू युवा विकास समिति तथा शांति महिला विकास समिति, डुमराव के तत्वाधान में सोमवार को शहीद पार्क में योग के साथ संजय कुमार सिंह योग शिक्षक तथा पूर्व एन वाइ सी, डुमरांव द्वारा महिलाओं को 1 जून को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया ताकि इस क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो सके। डॉ संजय सिंह ने महिलाओं को बताया कि एक वोट देश के नाम अवश्य रूप से दे। पहले मतदान फिर काम उसके बाद जलपान। जैसे नारों से रूबरू कराएं। आपको



## भाजपा के प्रचार वाहन पर रोड़ेबाजी में टूटा शीशा, 5 नामजद पर प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

लोकसभा चुनाव के तहत राजपुर के कुसही गांव के समीप जनसम्पर्क कर लौट रहे गोपालगंज के भाजपा एमएलसी के वाहन पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वाहन पर रोड़ेबाजी कर दी। जिसमे दो वाहनों के पीछे का शीशा टुट गया। इसको लेकर राजपुर थाने में पांच नामजद व 40 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई। जहा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जबकि, बाकी अन्य फरार चल रहे है।

बताया गया कि गोपालगंज के भाजपा एमएलसी राजीव कुमार उर्फ गोपु बाबू अपने समर्थकों के साथ राजपुर क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने गए थे। उनकी टीम प्रचार के दौरान राजपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत के कुशही गांव के तरफ से रविवार की शाम करीब छह बजे वाहनों से लौट रहे थे। तभी कुशही गांव के समीप दर्जनों की संख्या में पहुंचे असमाजिक तत्वों ने हथियार के बल पर वाहनों को रोकने का प्रयास किया। नही रुकी वाहनें तो रोड़ेबाजी कर दी। पथराव में दो स्कार्पियों क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण राय द्वारा राजपुर थाना पहुंच मामले में पांच नामजद व 40 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जबकि, बाकी अन्य फरार है। राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के तहत छापेमारी कर एक नामजद कुशही गांव निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भोजपुर में लू-लगने से नागालैंड पुलिस के जवान की मौत, मची अफरा तफरी

♦ कोईलवर क्षेत्र के कोईलवर के समीप चलती बस में रविवार की शाम घटी घटना



**केटी न्यूज/आरा**

सीवान से रोहतास चुनाव कराने जा रहे नागालैंड पुलिस के एक जवान की मौत हो गई। कोईलवर के समीप चलती बस में तबीयत बिगड़ने के बाद सदर अस्पताल लाये जाने पर उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत जवान नागालैंड के मोकोकचुंग थाना क्षेत्र खेंसा गांव निवासी एलेमरेन के 42 वर्षीय पुत्र अकंगलूबा है। वह नागालैंड पुलिस के दसवीं एनएपी में तैनात था। वह लोकसभा चुनाव कराने को लेकर भाग अपने बटालियन के साथ बिहार आया था। घटना को लेकर पुलिस महकमे में देर तक अफरातफरी मची रहा। नागालैंड पुलिस बटालियन के जवानों की सूचना पर डीएम महेंद्र यादव, एसपी नीरज कुमार सिंह इएएसपी परिचय कुमार सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। डीएम महेंद्र यादव ने बताया कि नागालैंड पुलिस बटालियन के जवान अकंगलूबा सीवान से चुनाव करा कर सातवें चरण का चुनाव कराने रोहतास जा रहे थे। उसी क्रम में उनकी तबीयत खराब हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा शहर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके बटालियन के कमांडेंट एवं परिजनों से बात करने के बाद उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया।पोस्टमार्टम के उपरांत उनके शव को नागालैंड भेजा जा रहा है। नागालैंड पुलिस बटालियन के कमांडेड लखा कोजा ने बताया कि वे लोग सिवान में चुनाव कराने के बाद रोहतास जा रहे थे। बस में करीब साढ़े चार सौ जवान थे। जाने के क्रम में सीट स्टॉक के कारण जवान की मौत हो गई।

## भीषण गर्मी के कहर ने लोगों का हाल किया बेहाल, अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड में भीषण गर्मी का कहर जारी है। लोग कह रहे हैं कि ऐसी प्रचंड गर्मी पहले कभी नहीं देखी। वहीं बारिश का नामोनिशान न होने से हालात और भी बदतर होते जा रहे हैं। बता दें कि बिहार के कई जिलों में गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं काराकाट नगर पंचायत के लोग अधिकतम 40 डिग्री प्लस तापमान का सामना करने पर मजबूर दिख रहे है । नगर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। पिछले कुछ दिनों में यहां पर अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। आज अपराह्न एक बजे से शाम पांच बजे के बीच अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस और फिर रात 11 बजे तक घटकर 37 डिग्री रह सकता है। वहीं, न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच 'हीटवेव प्रबंधन' के तहत अस्पतालों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी एवं तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रखंड में चिकित्सा संस्थान एवं स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाव, जांच, दवा एवं उपचार सहित तमाम प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। गोडारी सीएचसी प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि इस भीषण गर्मी की वजह से अस्पताल में मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है ।

## एक नजर

### रक्षा मंत्री के सभा की तैयारी को लेकर एनडीए कार्यकताओं की बैठक

**बिक्रमगंज ।** 29 मई को बिक्रमगंज के राजीव गांधी मैदान में होने वाले देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जनसभा की तैयारी को लेकर पूर्व विधायक राजेश्वर राज के बिक्रमगंज स्थित आवास पर एनडीए के काराकाट विधानसभा के सम्मानित मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं प्रमुख साथियों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि पार्टी और मां एक समान है। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख, युद्ध स्तर पर लगा करके हर बूथ से एक-एक गाड़ी आम लोगों को लेकर के आगामी 29 मई को 11दिन में बिक्रमगंज के राजीव गांधी मैदान में पहुंचेंगे। देश की रक्षा मंत्री जन-जन के नेता राजनाथ सिंह के सभा में उनके विचारों को सुनने का काम करेंगे। पूर्व विधायक श्री राज ने कहा कि यह चुनाव नहीं चुनौती है। ताकि दल के नेताओं ने संकल्प लिया है कि 400 पार, फिर से मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने का कार्य करना है। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाना बहुत जरूरी है।

### काराकाट पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, भयमुक्त होकर मतदान करने का दिया संदेश

**काराकाट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और आमजन को भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को देर शाम अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ साथ काराकाट थाना के पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गावों के मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी और विधिव्यवस्था प्रभारी राजकुमार सिंह कर रहे थे। फ्लैग मार्च के दौरान आम नागरिकों से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व लोगों को निर्भय होकर मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। सभी गावों के मतदाताओं से मिलकर उनको भरोसा दिलाया गया कि प्रशासन उनके साथ है, वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार करें। उन्होंने ने बताया कि उपद्रवियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ पूर्व से प्रावधान के मुताबिक कारवाई की गई है। चुनाव में किसी प्रकार का अफवाह फैलाने पर कानूनी कारवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, विधि व्यवस्था प्रभारी राजकुमार सिंह, विगन गहलोत, श्याम किशोर, मुकेश कुमार सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

### दादा का दाह-संस्कार करने गए पोते की गंगा नदी में डूबने से मौत

**आरा।** धोबहां थाना क्षेत्र के बरजा घाट पर सोमवार की शाम अपने चचेरे दादा का दाह-संस्कार करने गये युवक की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। हाथ मुंह धोने के दौरान पैर फिसलने से युवक गंगा नदी में गिर गया और डूब गया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव निवासी रामेश्वर साह का 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना साह था। घटना को लेकर देर तक अफरा-तफरी मची रही। युवक के छोटे भाई सोनू साह ने बताया कि उसके चचेरे दादा विश्वनाथ साह की अत्यधिक उम्र होने जाने के कारण रविवार को निधन हो गया था। सोमवार की शाम सभी लोग उनके शव का दाह-संस्कार करने के लिए बरजा गंगा नदी घाट गये थे। दाह संस्कार के के बाद उसके बड़े भाई मुन्ना साह गंगा नदी के किनारे मुंह-हाथ धो रहे थे। तभी उनका पैर फिसल गया और वह गंगा नदी में गिर पड़े। मौजूद मछुआरे ने उन्हें डूबते हुए देख लिया और शोर मचाने लगे। तब सभी लोग दौड़कर पहुंचे। उसके बाद स्थानीय मछुआरे और लोगों के सहयोग से उसके शव को निकाला गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने चार भाइयों में बड़ा था।

## खबरें फटाफट

### 45 लीटर देसी शराब बरामद कारोबारी फरार

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** दिनारा एवं काराकाट पुलिस ने 45 लीटर देसी शराब किया बरामद , मामले में संलिप्त कारोबारी फरार । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ढेलुआ दलित बस्ती से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 20 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है । उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा । तो वहीं दूसरी ओर काराकाट पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिकसिल बाल से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 25 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया ।

### पूर्व मारपीट मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दिनारा (रोहतास) ।** दिनारा पुलिस ने पूर्व मारपीट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि कोचस निवासी आलोक कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध दिनारा थाना कांड संख्या 41/24 के आलोक में मारपीट करने का मामला दर्ज था । थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वादी गांधीनगर कोचस निवासी चंद्रदीप गुप्ता के द्वारा मारपीट करने का मामला दर्ज कराया गया था । श्री कुमार ने कहा कि वादी चंद्रदीप गुप्ता ने अपने लिखित आवेदन में बताया है कि दो-तीन माह पूर्व दिनारा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में आए हुए थे । जिस दौरान कोचस निवासी आलोक कुमार के द्वारा मारपीट की गई थी । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### चोरी के एक मोबाइल साथ दो चोर गिरफ्तार

**बिक्रमगंज (रोहतास) ।** बिक्रमगंज पुलिस ने चोरी के एक मोबाइल के साथ दो मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के धारूपुर निवासी दीपक सोनी एवं बिगन कुमार को चोरी के एक मोबाइल के साथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों चोर ने एक चालक का मोबाइल चुराया था ।

## वीडियो वायरल होने के बाद तुरंत बाद एक्शन में आई पुलिस ने की कार्रवाई

# सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट करना पड़ा महंगा, पुलिस ने भेजा जेल

♦ नगर थाना क्षेत्र के बलबतरा मोहल्ले से रविवार को पुलिस ने हथियार संग युवक को दबोचा

♦ गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर एक पिस्टल, एक गोली और एक मोबाइल बरामद



**केटी न्यूज/आरा**

आरा के एक युवक को सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट करना काफी महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस खातिरदारी करने उसके घर तक पहुंच गयी और उसे गिरफ्तार कर लिया। युवक नगर थाना क्षेत्र के बलबतरा मोहल्ला निवासी हसन इमाम का पुत्र मोहसिन इमाम है। हथियार के साथ वीडियो वायरल होने के बाद उसे रविवार की रात बलबतरा मोहल्ले से पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर बलबतरा पुल के नीचे से एक पिस्टल और एक गोली बरामद की गयी है। उसका मोबाइल भी जब्त किया गया है।

पूछताछ में उसने हथियार के साथ वीडियो बनाने व सोशल मीडिया की बात भी स्वीकार की है। एएसपी परिचय कुमार की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। नगर थाने की पुलिस को भी वह वीडियो मिला। उसके बाद वीडियो के सत्यापन और हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने वाले की पहचान एवं धरपकड़ के लिए थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम की ओर से तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के जरिए फोटो पोस्ट करने वाले युवक की पहचान की गयी। उसके बाद रविवार की रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वीडियो उसी का है। उसकी निशानदेही पर बलबतरा पुल के नीचे से वीडियो में दिख रहा पिस्टल,गोली और मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। उससे हथियार खरीदने के बारे में भी पूछताछ की गयी। हथियार बरामदगी के मामले में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

एएसपी ने कहा कि अवैध हथियार रखने, उसका इस्तेमाल करने और सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आम लोगों खासकर युवाओं को इस तहर की हरकतों से बाज आने की दी है। बता दें कि जिले में काफी लोगों खासकर युवा वर्ग में हथियार रखने, प्रदर्शन और फायरिंग करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो पोस्ट करने का शौक बढ़ता जा रहा है। पिछले 11 मई को इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा अवैध पिस्टल के साथ फोटो व वीडियो पोस्ट किया गया था। उसमें युवक की ओर छह हजार में हथियार बेचने की बात कही गई थी। वह वीडियो भी भोजपुर का ही बताया गया था। तब भोजपुर पुलिस की एक्स हैंडल पर उसकी शिकायत भी दर्ज की गयी थी।

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनसभा को किया संबोधित



**दावथ (रोहतास)।** सुबे में हो रहे संसदीय चुनाव के मद्देनजर प्रचार के अंतिम दौर में अब उड़न खटोले से शुरू होने लगा पार्टी सुप्रीमो एवं कद्दावर नेताओं का भाग दौड़। इंडी गठबंधन की ओर से जहां एक तरफ तेजस्वी एवं सहनी का हेलीकॉप्टर दौड़ रहा है तो दूसरे ओर एनडीए के तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का उड़न खटोला भी दौड़ने लगा है। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के सामने खेल के मैदान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कार्यक्रम हुआ। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं एवं दलगत नेताओं के द्वारा मोमेंटो, गुलदस्ता एवं चांदी का मुकुट उपहार स्वरूप प्रदान किया गया, तो वहीं कई कार्यकताओं ने अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर भी उन्हें सम्मानित किया। इस चुनावी जनसभा में मुख्य रूप से उन्होंने बिहार में लालू प्रसाद के कार्यकाल एवं उनके पारिवारिक दखलअंदाजी को लोगों के बीच बतलाया। पुनः प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर प्रत्याशी को जीतने का आह्वान भी लोगों से किया। यद्यपि इस कार्यक्रम में दुरदराज के लोग जरूर आए लेकिन बहुत ज्यादा भीड़ भर नहीं देखी गयी। हालांकि मौसम भी काफी गर्म था।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भंडारे के साथ संपन्न, उमड़े श्रद्धालु



**बिक्रमगंज(रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के कांडाडीह गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सम्पन्न हो गया । राष्ट्रीय संत शिरोमणी श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक परंपराओं के अनुसार आवाहित देवी- देवताओं के पूजनोपरान्त पूणार्हुति सम्पन्न कराया गया । इस दौरान यज्ञ भगवान के उद्घोष से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा और यह सिलसिला सारे यज्ञादि कर्मोपरान्त जारी रही। बताते चलें कि इस महायज्ञ को लेकर स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोगों में अदम्य उत्साह व्याप्त था । लोगों ने बताया कि इस महायज्ञ में पूजन,अर्चन एवं कथा श्रवण से सभी का जीवन धन्य हो गया । महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात आयोजित प्रातः कालीन महाआरती के कार्यक्रम में सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया । लोगों की अवधारणा है कि महाआरती में शामिल होने मात्र से ही प्राणी भवमुक्त पार हो जाता है । जिसका नजारा महाआरती के दौरान दृष्टिगोचर हुआ । इस महायज्ञ के समापन के उपरांत सोमवार को यज्ञ समिति द्वारा वृहद भंडारे का आयोजन किया गया ।

## भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी अपने चरम पर है: तेजस्वी

**जहानाबाद।** घोषी के लखवार हाई स्कूल के मैदान में सोमवार चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्थानीय सांसद ने घोषी को लेकर क्या किया। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आप स्थानीय सांसद के कार्यकाल से खुश हैं तो भीड़ ने नहीं कहते हुए जवाब दिया। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने लोगों से पूछा कि क्या आप ऐसे लोगों को मतदान करेंगे तो लोगों ने ना कहा। तेजस्वी यादव ने कहा अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो हम पूरे देश में एक करोड़ नौजवानों को नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है और सरकार आंख बंद कर बैठी है।




## लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापक के साथ की समीक्षा बैठक

# मतदान से एक दिन पूर्व केंद्र पर सभी सुविधाएं कर लें दुरुस्त

**केटी न्यूज/संझौली**



स्थानीय प्रखंड स्थित संझौली बीआरसी में सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं को ले सभी प्रधानाध्यापक के साथ बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद सैयद सरफराजुद्दीन अहमद ने की। बीडीओ ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों के साथ मतदान केंद्र पर मतदाताओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए समीक्षा बैठक की गई। जिसमें कई निर्देश दिए गए। बताया गया कि मतदान के एक दिन पहले मतदान दल के लिए स्कूल खुलने, रसोईया की उपस्थिति सुनिश्चित करने, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए पीने के लिए ठंडा पानी व घड़ा की उपलब्धता, व्हीलचेयर वेबकास्टिंग के लिए बिजली बोर्ड सॉकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा साफ सफाई से लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी मनोज कुमार,दीपक कुमार दीपांकर, नवनीत किशोर सिंह,बीपीएम रवि कुमार सहित सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## महाविद्यालय कर्मी ने मतदाता रैली से लोगों को किया जागरूक

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय शहर के इंदु तपेशवर सिंह महिला महाविद्यालय कर्मियों ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली। जिसके अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता सह मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों से मतदान में बढ़चढ़ भाग लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की डा. पुष्पा सिंह ने किया। कार्यक्रम रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डा. विनोद कुमार सिंह व उप प्राचार्य डा. उमेशवर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से झंडा दिखा रवाना किया।अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली में महाविद्यालय कर्मी सहित सैकड़ों छात्राओं ने शहर के थाना चौक व मुख्य तेंदुनी चौक के सभी जगहों में घूम घूमकर काराकाट लोकसभा के 7वें चरण के चुनाव में 1 जून को लोगों से मतदान करने की अपील किया। मौके पर छात्राओं द्वारा पहले मतदान फिर जलपान इसके बाद लोकतंत्र पर्व मनाना है का लोगों को संदेश दिया। मौके पर डा. उदय प्रताप सिंह, डा. हरेन्द्र सिंह, डा. उपेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रो सूबी कुमारी,प्रो फिरोज खान, आदि उपस्थित थे।

# गुंडों के बल पर पीएम मोदी को हटाना चाहता है इंडिया गठबंधनः केशव मौर्य

- जनता के बटन के बल पर बना राम मंदिर व कश्मीर से हटा 370

**केटी न्यूज/ बलिया**

प्रदेश के लोगों के वर्ष 2014 के आम चुनाव में साइकिल की चेन उतार दिया तथा वर्ष 2019 में सपा की साइकिल के टायर को ब्रस्ट कर दिया है। यह किसी भी दल पार्टी से गंठबंधन कर लें चारों खाना चित हो जायेंगे। यह बातें उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के सर्मथन में बांसडीह इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

कहाकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस के राहुल गांधी से गंठबंधन करके यूपी में आये हैं। एक पीएम के बेटा तो दूसरा सीएम के बेटा है, लेकिन देश में राजतंत्र नहीं हैं। जनता इनकी साइकिल को पूरे अस्सी सीटों पर बिखेर कर समाप्त कर देगी। उन्होंने कहा की जनता के बटन की ताकत के बल पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भव्य राममंदिर का निर्माण किया है। कश्मीर में 370 समाप्त किया हैं। आवास, शौचालय, राशन, पेंशन, किसान सम्मान निधि, आदि योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। सपा , बसपा कांग्रेस पर प्रहार करतें हुए कहा कि यह भ्रष्टाचारियों की पार्टी हैं, यह गुंडों, दलालों के बल पर पीएम नरेंद्र मोदी को हटाना चाहते हैं। पूरे प्रदेश में एनडीए गठबंधन की आंधी चल रही हैं। कानून



व्यवस्था, गरीब कल्याण, सुशासन आदि के बल पर पूरे प्रदेश में अस्सी सीटों पर भाजपा गठबंधन जीत रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से सभी बूथों पर पिछली बार से 370 अधिक मतदान कराने की अपील किया। केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए आप सहयोग करें। पीएम ने देश में गरीब कल्याण की योजनाओं को आमलोगों तक सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से पंहुचाया हैं। इस मौके पर सांसद रविन्दर कुशवाहा, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी



गौतम,विधायक केतकी सिंह, जिलाध्यक्ष संजय यादव,पूर्व विधायक शिव शंकर चौहान, धनंजय कन्नौजिया, विनोद शंकर दूबे, छठ्ठू राम, नकुल चौबे, पूर्व चेयरमैन संजय कुमार सिंह मुन्ना, अजय सिंह , धीरेन्द्र बहादुर सिंह, हरेंद्र सिंह, प्रतुल ओझा, शेताशुं गुप्ता, आदि थे।

## एक नजर

### आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरने से हुई अधेड़ की मौत

**चंदौली।** बबुरी कस्बा स्थित कुटिया पर लगे पेड़ों से आम की तुड़ाई के दौरान अचानक असंतुलित होकर गिरने से लखन सोनकर लगभग 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, कुटिया पर रहने वाले लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर प्राथमिक उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने लखन सोनकर की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने लखन सोनकर को मृत घोषित कर दिया।

बताते चलें कि बबुरी कस्बा के रहने वाले लखन सोनकर कुटिया के बगीचे की देखभाल करते थे आम के तुड़ाई का समय हो जाने के कारण वह स्वयं आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था कि अचानक और संतुलित हो नीचे गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। ट्रामा सेंटर द्वारा मृत घोषित किए जाने पर परिवार में मातम का माहौल बन गया लखन अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है।

### जापलिनगंज में दहेज लोभियों ने विवाहिता को किया आग के हवाले, वाराणसी रेफर

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर जापलिनगंज में रविवार की रात लगभग 10 बजे एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। आनन-फानन में झुलसी विवाहिता को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। विवाहिता जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पीड़ित विवाहिता के भाई मनीलाल जायसवाल ने बताया कि उसकी बहन लक्ष्मी की शादी चार साल पहले कृष्णानगर थाना कोतवाली निवासी राजेश गुप्ता से हुई थी। दहेज में उसकी बहन को नकदी व अन्य सामान के अलावा दो कट्ठा जमीन भी दी गई थी। आरोप लगाया कि उस जमीन को बेचने के लिए आए दिन उसका पति दबाव बनाता था। इसी बात को लेकर रविवार की रात उसकी बहन को पति, सास, ससुर, देवर व ननद ने आग के हवाले कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन जुटी है।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का नागरिक अभिनंदन आज, कई कार्यक्रम में करेंगे शिरकत



**मऊ।** जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा कल 28 मई को मऊ जनपद के विभिन्न व्यक्तिगत कार्यक्रमों में रहेंगे। इस दौरान जय मां वैष्णो देवी यात्रा समिति द्वारा उनका मऊ जनपद प्रथम आगमन पर नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक वेद नारायण मिश्रा और श्रीराम जायसवाल ने बताया कि एलजी मनोज सिन्हा के मऊ जनपद आगमन के दौरान नगर के रोडवेज स्थित आशीर्वाद लॉन में उनका नागरिक अभिनंदन आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी।

### 304 मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न, सबसे पहले होगी डाक मतों की गिनती

**मऊ।** 70 घोसी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना का कार्य सकुशल संपन्न कराए जाने लिए जनपद के लिटिल फ्लावर चिल्ड्रन स्कूल सिकटिया मऊ में मतगणना सुपरवाइजर, माइक्रो आब्जर्वर तथा मतगणना सहायकों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ईवीएम मास्टर ट्रेनर अभिनव श्रीवास्तव द्वारा मतगणना के दिन कंट्रोल यूनिट से किस प्रकार मतदान किए गए मतों की गणना की जानी है, कि पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा वार 14 टेबल लगाए जाएंगे, जिस पर क्रमशः गणना की जाएगी। मतगणना के प्रारंभ में सबसे पहले डाक मत पत्र की गणना की जाएगी। डाक मत पत्र की गणना संपन्न होने के बाद ही कंट्रोल यूनिट से मतगणना प्रारंभ की जायेगी। मतगणना की समस्त गतिविधियां पार्टी अभिकताओं के सामने की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। मतगणना का समय प्रातः 8:00 से मतगणना समाप्ति तक चलेगा। मतगणना स्थल नवीन मंडी बलिया मोड़ मऊ में संपन्न होगी।

### मारूफपुर में चार दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** चहनियां विद्युत उपकेंद्र मारूफपुर से संबद्ध ग्राम मारूफपुर में बीते चार दिनों से विद्युत आपूर्ति न होने से बिलबिलाये व नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विद्युत विभाग को चेताया कि यदि 12 घंटे के अंदर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गयी तो हम लोग सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन कर रहे संदीप पाण्डेय ने बताया कि ग्राम पंचायत मारूफपुर के उत्तरी पूर्वी छोर पर लगे 100 केवी के ट्रांसफार्मर से गांव में विद्युत आपूर्ति के लिये केबल बिछायी गयी है। जिसमें चार दिन पूर्व आग की चिंगारी निकलने लगी और केबल पिघल गयी। जिससे गांव में विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी। जिसके मरम्मत के लिये विद्युत उपकेंद्र सहित अन्य सक्षम अधिकारीयों को प्रार्थना पत्र दिया गया। ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करायी गयी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी जिससे हम ग्राम वासी पिछले चार दिनों से उमस भरी प्रचंड गर्मी में बेहाल परेशान है और पानी की किल्लत से फेटेहाल हो चुके है। सबसे बुरी स्थिति महिलाओं, बुजुर्गो, बच्चों और मरीजों की है। आज हम लोग प्रदर्शन करके विद्युत विभाग को चेता रहे है कि यदि 12 घंटे के अंदर विद्युत आपूर्ति ठीक नहीं हुयी तो हम ग्रामवासी अपने परिवार जनों के साथ सड़क पर निकल कर रात बीताएंगे

## खबरें फटाफट

### जानलेवा हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को कैद

**बलिया।** जानलेवा हत्या के प्रयास के मामले में सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की दोपहर दो आरोपियों को दो–दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही छह–छह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपियों का नाम रमाशंकर बिंद व राधेश्याम बिंद है, दोनों आरोपी डोमरी बांसडीहरोड के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ बांसडीहरोड थाने में वर्ष 2012 में मुकदमा दर्ज हुआ था। अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की दोपहर दो आरोपियों को दो–दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही छह–छह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को मिली सजा

**बलिया।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की दोपहर आरोपी को एक वर्ष चार महीने की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम सुरेश डोम पुत्र बिन्दा डोम निवासी अमरपुर है। आरोपी के खिलाफ नरहीं में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के उपरांत साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष चार महीने की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### आरोपी को मिली एक वर्ष की सजा

**बलिया।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार की दोपहर आरोपी को एक वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम मोहम्मद मुजाहिद पुत्र दिलशाद निवासी अखोप थाना उभांव है। आरोपी के खिलाफ उंभाव में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के उपरांत साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष की सजा सुनाई।

## बलिया की जनसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने सपा व कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले...

# धर्म के नाम पर मुसलमान को नहीं दिया जाएगा आरक्षण

- राहुल को सलाह दी कि चुनाव में हार का ठीकरा ईवीएम पर मत फोड़ना

**केटी न्यूज/बिल्थरारोड**



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि परिवारवादियों ने गठबंधन कर लिया है, जो अपने परिवार का भला करता है, वह आपका भला क्या करेगा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार देश की 130 करोड़ जनता है। सोमवार को श्री लालमणि ऋषि इंटर कॉलेज हल्दीरामपुर के मैदान में सलेमपुर प्रत्याशी सांसद रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस व सपा पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राहुल बाबा आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैला कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, जबकि जब तक मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे, आरक्षण समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों को बंद कर दिया गया था, जिसे भाजपा की सरकार ने चालू करवाया। उन्होंने कहा कि छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। पांचवें चरण में ही भाजपा 310 सीट पर जीत दर्ज करने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म के नाम पर मुसलमान को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी ने आतंकवाद को खत्म किया। पुलवामा और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि आज का भारत पड़ोसी देश में घुसकर आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करने वाला है। उन्होंने राहुल को सलाह दी कि चुनाव में हार का ठीकरा ईवीएम पर मत फोड़ना। उन्होंने जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए हाथ उठवाकर जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा।

उन्होंने बागी बलिया की धरती को नमन करते हुए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और सलेमपुर से तीसरी बार रवींद्र कुशवाहा को विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त,पूर्व राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शंकर दुबे, पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, छट्ठू राम, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्त, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक, सुग्रीव राजभर आदि मौजूद रहे। लोकगीत गायक कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

### रोड शो को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह की 29 मई को अपराह्न गाजीपुर नगर में आयोजित होने वाले रोड शो के सफल संचालन व्यवस्था टोली की बैठक जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय छावनी लाइन पर हुई । बैठक को संबोधित करते हुए रोड शो प्रभारी बुंदेलखंड कानपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि अमित शाह सातवें व अंतिम चरण के चुनाव प्रचार बंद होने से एक दिन पूर्व 29 मई को गाजीपुर नगर में रोड शो करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बैठक में बताया कि अमित शाह पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोड शो का शुभारंभ करेंगे यह रोड शो ऐतिहासिक होगा। बैठक में गाजीपुर सदर विधानसभा के सहेड़ी ग्राम निवासी बसपा कार्यकर्ता चंद्रदेव राम, मनोज कुमार तथा अमरजीत भारती ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने पार्टी पटका पहनाकर उनको सदस्यता ग्रहण कराया। बैठक में सहारनपुर विधायक राजीव गुम्बर, विनोद अग्रवाल, अश्वनी पांडेय, सुरेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, गोपाल राय, सुनील गुप्ता, अच्छेलाल गुप्ता, हजारी प्रसाद वर्मा, नन्दू कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह, हर्षित सिंह, रामेश्वर तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पूर्वांचल में करारी हार तय देख बूथों पर कब्जा कर रही भाजपाः अखिलेश यादव

**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के ग्राउंड में सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह के समर्थन में सभा की। उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार किया और भाजपा के 400 पार के नारे को खोखला बताया। कहा कि जिस तरह से अंतिम चरण में चुनाव चल रहा है इस तरह भाजपा का भी अंत होता जा रहा है। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद पूर्वांचल में अपनी करारी हार देखते हुए अब भाजपा बूथ पर कब्जा करना चाहती है,लेकिन मतदाता और कार्यकर्ता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएंगे। पूरे देश में एनडीए गठबंधन 140 सीट पर सिमट जाएगा। कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। सभी कल कारखानों के साथ-साथ रेल, भेल, हवाईअड्डे, बंदरगाह सब सरकार बेच रही है। कहा कि गोमुख से लेकर गंगा सागर तक मां गंगा की सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये सरकार ने साफ कर दिया मगर मां गंगा साफ नहीं हुई। इसमें कहीं ना कहीं भाजपा मां गंगा को भी धोखा दिया है। कहा कि केंद्र में सरकार बनते ही अग्निवीर योजना समाप्त होगी। साथ ही 30 लाख युवकों को आरक्षण के साथ रोजगार मुहैया कराया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि



चुनावी जनसभा में अखिलेश ने की युवाओं के मन की बात

**चंदौली।** सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह के चुनावी जनसभा में सोमवार को मुख्यालय स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव युवाओं में जोश भर गए। युवाओं के हौसले और जज्बात को देखकर उन्होंने युवाओं के मन की बात की और कहा कि सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार के साथ–साथ नौकरी भी देंगे।

भाजपा संविधान को भी बदलना चाहती है लेकिन उनके इस मंसूबे को देश की जनता कामयाब नहीं होने देगी। कहा कि पड़ोसी जिले वाराणसी में लोगों को क्योटो का सपना दिखाने वालों से आज लोग मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। साथ ही महिलाओं के खाते में सालाना एक लाख रुपये भेजने, किसानों का कर्ज माफ करने का भरोसा दिलाया।

## किक बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

# 2024 में शाह फैज विद्यालय की कृति कौर ने जीता कांस्य पदक



**गाजीपुर।** शाह फैज विद्यालय नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहाँ के छात्र हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। इसी क्रम में किक बॉक्सिंग राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 22 से 26 मई 2024 को श्री शिव छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बालेवाड़ी स्टेडियम, पुणे आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण देश से 1293 खिलाडियों ने भाग लिया जिसमे उत्तर प्रदेश से 93 खिलाडियों ने भाग लिया। शाह फैज विद्यालय की (12)-47 केजी (के एल) में कक्षा आठ की कृति कौर ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीत कर विद्यालय व जिले का मान बढ़ाया। देवेंद्र प्रसाद प्रजापति के नेतृत्व में 20 मई को कृति कौर पुणे महाराष्ट्र रवाना हुई थीं, जो कि इनके कोच व शाह फैज विद्यालय में शारीरिक शिक्षा के वरिष्ठ अध्यापक हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ. नदीम अधमी ने कृति कौर की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार भी उन्हें ढेरों शुभकामनायें देता है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एनडीए प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

# माफिया मिट्टी में मिले तो यूपी में आने लगा लाखों करोड़ का निवेश : योगी आदित्यनाथ

- सपा ने गरीबों की हत्या का संकल्प लिया था, हमने माफिया को मिट्टी में मिलाने का
- कहा, अब पूर्वांचल में हो रहा निवेश, यहीं लगेंगी फैक्ट्रियां, यहीं पर युवाओं को मिलेगी नौकरी

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। मगर, जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे। इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम



मनाने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णानंद राय के साथ ही श्याम शंकर राय, रमेश राय, रमेश पटेल, मुन्ना यादव सहित अन्य लोगों को बर्बरता के साथ मारा गया था। तब प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। ये दोनों जब भी मिलते हैं तब अनर्थ होता है। हमें फिर से कोई अनर्थ नहीं होने देना है। सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस को ये बताना चाहिए कि मुन्ना यादव, रमेश पटेल जिनकी मुख्तार जैसे माफिया ने हत्या की थी, क्या वो पिछड़ी जाति के नहीं थे। प्रयागराज में पूजा पाल के पति राजू पाल और जया पाल के पति उमेश पाल क्या पिछड़ी जाति के नहीं थे। उनका संकल्प बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को, गरीब के बेटों को मारने का था तो हमारा भी संकल्प था कि माफिया को मिट्टी में मिला रहेगे। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री दया शंकर सिंह, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', पियूष राय, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, मार्कण्डेय शाही, मुन्ना राय, विजय शंकर, उपेन्द्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### अच्छे लोग चुनकर आते हैं तो विकास भी अच्छा होता है

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि आज हम एक ऐसे माहौल में जी रहे हैं, जिसकी कल्पना देश के प्रथम स्वातंत्र्य सेनानी मंगल पांडेय, चित्तू पांडेय ने की थी। विकास की जो तड़प पूर्व पीएम श्रद्धेय चंद्रशेखर जी में थी और मोहम्मदाबाद के विकास के लिए चिंतित रहने वाले कृष्णानंद राय के सपनों को साकार करने का प्रयास मोदी जी कर रहे हैं। आज पूरे देश में जहां कहीं भी हम जाते हैं लोगों के मन में एक ही भाव और संकल्प है।

# देश की जनता को मोदी जी की नीतियों पर है विश्वास

**केटी न्यूज/मऊ**

घोसी लोकसभा के क्षेत्र रानीपुर में एनडीए के प्रत्याशी अरविंद राजभर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैली को संबोधित किया। सीएम योगी ने रैली को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर के पक्ष में मतदान करने की अपील किया वहीं तीसरी बार मोदी सरकार की वापसी के लिए जनसमर्थन मांगा और कहा कि देश की जनता को मोदी जी की नीतियों पर विश्वास है, इसलिए अबकी बार चार सौ पार का नारा सच होकर रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा की अब तक छह चरण के लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में मोदी जी की लहर चल रही है विपक्ष धराशाही तथा हताश हो चुके हैं। पूरे देश में मोदी जी को जनता का भारी समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। संपन्न हुए 6 चरणों के चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि अबकी बार 400 पार। कल प्रधानमंत्री ने विशाल जनसभा में जनता को संबोधित करते हुए गठबंधन प्रत्याशी अरविंद राजभर के लिए आशीर्वाद मांगा जनता का आशीर्वाद हमें भरपूर मिल रहा है। देश की तकदीर प्रधानमंत्री ने बदलने के लिए अथक प्रयास किया है। तीसरी बार मोदी सरकार में देश हित में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का सम्मान बढ़ाया है आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है हमारी रक्षा नीति हमारी विदेश नीति तथा हमारी आर्थिक नीति ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया है।

# सीएम योगी के अपनेपन के भाव से विभोर हो गए श्रद्धालु, पूछते हैं कुशलक्षेम

◆ प्रातःकालीन भ्रमण के दौरान गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से पूछा उनका कुशलक्षेम

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के प्रत्याशियों के लिए एक-एक दिन में आधा दर्जन जनसभाओं में शामिल होने के बाद भी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या और जनता से अनौपचारिक जुड़ाव की उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान उनकी प्रातःकाल की दिनचर्या में प्रभु एवं गुरुजन के प्रति आस्था निवेदन के साथ ही गोसेवा अभिन्न हिस्सा है। वह मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं से कुशलक्षेम पूछना नहीं भूलते हैं तो परिसर में परिजनों संग आए बच्चों को पास बुलाकर दुलारना और आशीर्वाद देना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में ये सारे दृश्य एक-एक करके नजर आए। मंदिर में श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह को देखकर जैसे ही सीएम ने उनसे पूछा, कहां से आए हैं, यहां कोई परेशानी तो नहीं हो रही, सभी लोग मुख्यमंत्री के अपनेपन के भाव



से विभोर होकर जयकारे लगाने लगे।

लोकसभा चुनाव प्रचार के कई कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। मंदिर परिसर स्थित अपने आवास में रात्र विश्राम करने के बाद रविवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात हर बार की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान परिसर में उनकी नजर बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं पर गई तो वह उनके पास पहुंच गए। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए इन श्रद्धालुओं में कुछ स्थानीय थे तो बहुत से लोग गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और छतीसगढ़ से आए थे।

### कहां से आना हुआ, कैसे हैं, कोई तकलीफ तो नहीं

मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से सभी से यह जानने के साथ कि वे कहां से आए हैं, उनका कुशलक्षेम भी पूछा। मुख्यमंत्री के अपनत्व के इस अंदाज से श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ गया और सभी जय श्रीराम, भारत माता की जय, गुरु गोरखनाथ जी महाराज की जय और योगी आदित्यनाथ जी महाराज की जय के नारे लगाने लगे। इन श्रद्धालुओं के साथ उनके बच्चे भी महायोगी गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को अपने पास बुला लिया, सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद देने लगे। उन्होंने बच्चों से उनका नाम, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा, खूब हंसी ठिठोली की और सभी को चॉकलेट देकर विदा किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा करना कभी नहीं भूलते हैं।

## एक नजर

### पीएम मोदी का मानसिक स्तर खराब : सुप्रिया श्रीनेत



**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक जून को वाराणसी में भी मतदान किया जाना है। चुनाव के मद्देनजर इंडिया गठबंधन एवं एनडीए के शीर्ष नेता यहां चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के लहुराबीर स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने मीडिया से बात की। उन्होंने पीएम मोदी पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठ बोलने की बीमारी है, वो बिना पलक झपकाए झूठ बोलते हैं। वो खुद को ईश्वर, अपने को अविनाशी बता रहे हैं। इस धरती पर सभी नश्वर है। पीएम मोदी का मानसिक स्तर खराब हो गया है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव के मतदान के चरण समाप्त हो रहे हैं, उसी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाषा भी बदल रही है। हिंदू मुस्लिम, मंगलसूत्र, अडानी अंबानी के बाद अब मुजरा तक आ गए हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। वो सरकार बनेगी, जो युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों एवं हासिये पर रहे लोगों की आवाज सुनी जाएगी। बाबा विश्वनाथ न्याय करेंगे। समझ में आ रहा है कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री के चेहरे के बाबत सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भारत के संविधान एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए कई पार्टियों ने एक गठबंधन बनाया है। उसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, असम से लेकर पोरबंदर तक कांग्रेस पार्टी ही एक बड़ी पार्टी है। चुनाव के बाद बहुमत मिलने पर हम 24 घंटे के अंदर बैठक करके प्रधानमंत्री के चेहरे के बारे में बता देंगे। लेकिन, कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण हमारा नेता ही प्रधानमंत्री का चेहरा होगा।

### डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयपाल शर्मा के साथ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के मूल्यांकन भवन में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना की तैयारियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 04 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, पीने का पानी, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी, मीडिया गैलरी, माइक व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति रहे और इसकी वैकल्पिक व्यवस्था भी कर ली जाए।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर पवन कुमार को निर्देशित किया कि मोबाइल टॉयलेट, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि एंबुलेंस की व्यवस्था रहे इसके साथ ही मेडिकल बूथ बनाया जाए,जिसमें चिकित्सक उपलब्ध रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल को फ्लेक्सी और बैनर की व्यवस्था करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि मतगणना से सम्बंधित सभी प्रकार की तैयारी 31 मई 2024 तक पूर्ण कर ली जाए। ताकि 04 जून को मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने पशु से भरे कंटेनर को पकड़ा, चार तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना जलालपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चार पशुतस्करों को किया गिरफ्तार, पशु तस्करों द्वारा एक कन्टेनर में क्रूरतापूर्वक बांध कर ले जाए जा रहे 29 भैंस, 45 पडवा, व 20 पडिया को पुलिस ने बरामद किया है ।पकड़े गए सभी पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार थाना जलालपुर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हौज टोल प्लाजा के पास से एक कन्टेनर पकडा। कन्टेनर से 29 भैंस, 45 पडवा, व 20 पडिया बरामद किया। जिनको बहुत ही क्रूरतापूर्वक बांधा गया था तथा वाहन से चार पशु तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इन दिनों गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। भीषण गर्मी ने लोगों का सुकून छीन लिया है। आसमान से बरस रही आग का गोला जहां एक ओर लोगों को झुलसा रही है। वहीं लू के थपेड़ों ने घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है ।जौनपुर की बात करें तो तापमान लगभग 44 डिग्री के करीब तक पहुंच चुका है। और आने वाले दिनों में तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है ।सुबह 8 बजे से ही सूर्य देवता के तेवर तीखे हो जाते है ।जिससे आम जनमानस काफी परेशान है। मई के महीने में जून जैसी तपिस महसूस हुई हो रही है। गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। दिन शुरू होते ही पारा चढ़ने लगता है। दोपहर तक लू के थपेड़े से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश?किल हो जाता है। दोपहर 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलना शुरू हो जाती है और सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। जिसके चलते लोगों को बाहर निकलने में काफी मुश्किल हो रही है , तेज धूप से बचने के लिए लोग मुह और सर ढकने के लिए टोपी गमछा का सहारा लेते नजर आ रहें है ।वही बात करे भीषण गर्मी को देखते हुए पेय पदार्थों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। लोग भीसड़ गर्मी से थोड़ी राहत मिले इसके लिए ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

### गैंगस्टर मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला अगले हफ्ते

# हाईकोर्ट के फैसले के बाद अफजाल के चुनाव लड़ने की तस्वीर होगी साफ

◆ इससे पहले 21 और 22 मई को दो घंटे तक चली थी सुनवाई

**केटी न्यूज/प्रयागराज/गाजीपुर**

माफिया मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को दोनों पक्षों का बहस सुनने के बाद सुनवाई पूरी कर ली गई। इस अहम मामले के फैसले को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय पर सबकी निगाहें टिकी हुई थी। लेकिन सुनवाई पूर्ण होने के बाद भी फैसला नहीं सुनाया गया। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान भी काफी करीब आ गया है। हाई कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता है कि सांसद अफजाल अंसारी इस बार चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं।

हाई कोर्ट ने फैसला अगले हफ्ते सुनने का निर्णय लिया है। सपा उम्मीदवार अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने की तस्वीर अबतक साफ नहीं हुई है। माना जा रहा था कि कोर्ट सोमवार को इस मामले में कोई फैसला



देगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बीते 23 मई को भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी। करीब डेढ़ घंटे तक सुनवाई के बाद अदालत ने 27 मई की तारीख तय कर दी थी। कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से पक्ष रखा गया था। गैंगस्टर मामले में गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा मिली चार साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

राज्य सरकार और पीयूष राय की तरफ से अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर याचिकाएं दाखिल की गई हैं। अफजाल अंसारी की अपील पर जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है। इससे पहले 21 और 22 मई को दो घंटे तक सुनवाई चली थी।

अफजाल अंसारी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए सजा खत्म करने की मांग की थी। कोर्ट को बताया था कि अफजाल अंसारी के चुनाव लड़ने को लेकर संशय बना हुआ है। कोर्ट से अपील किया कि सजा रद्द की जाए।

राज्य सरकार और पीयूष राय के वकीलों ने इसका विरोध किया। उन्होंने अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले से ही तय होगा कि अफजाल अंसारी लोकसभा चुनाव लड़ सकेंगे या नहीं। अफजाल और राज्य सरकार के वकील रख रहे अपना पक्ष। इसमें राज्य सरकार की तरफ से वकीलों ने बहस की। अफजाल अंसारी के वकीलों ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखते गैंगस्टर मामले में सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई आज पूरी की गई। अब अगले हफ्ते आ सकता है फाइनल फैसला।

सांसद अफजाल अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट मामले में न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह मामले की सुनवाई कर रहे हैं। पिछली कई तारीखों से इस मुकदमें पर दोनों पक्षों की ओर से दलीलें पेश की जा रही हैं। सोमवार को इस मामले में फाइनल फैसला नहीं आ सका, जिसकी सभी को उम्मीद थी। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड मामले में गैंगस्टर के तहत मिली चार साल की सजा के खिलाफ गाजीपुर के सांसद व सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी की याचिका पर सोमवार की दोपहर दो बजे से सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह मामले की सुनवाई कर रहे हैं। पिछली कई तारीखों से इस मुकदमें पर दोनों पक्षों की ओर से दलीलें पेश की जा रही हैं। अगले हफ्ते इस मामले में फाइनल फैसला आ सकता है।

### हिमांगी सखी ने मोदी के विजय के लिए किया हवन-पूजन

**वाराणसी।** धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी के प्रसिद्ध अस्सी घाट पर सोमवार को किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने पीएम मोदी के विजय के लिए हवन पूजन किया। हिमांगी सखी ने देवताओं को प्रसन्न किया, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के विजय में कोई भी रुकावट ना आए। इस बार 400 पार कर नरेंद्र मोदी मजबूत सरकार बनाएं। हिमांगी सखी ने कहा कि इस हवन का प्रसाद लेकर प्रधानमंत्री से मिलेंगी और उन्हें विजय तिलक लगाएंगी।

महामंडलेश्वर किन्नर हिमांगी सखी ने कुछ दिन पहले पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ने की बात कही थी। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से बातचीत के बाद उन्होंने अपना मन बदल दिया था। अब वाराणसी में घूमकर पीएम नरेंद्र मोदी का प्रचार कर रही हैं। पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच हवन में आहूति डाली और पूजन किया। हिमांगी सखी ने बताया आज हम लोगों ने काशी के प्रसिद्ध अस्सी घाट पर देवताओं को प्रसन्न किया, ताकि नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें। इस बार सरकार 400 पार सीट लाकर एक मजबूत सरकार बनाएं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के विजयी होने के बाद यह प्रसाद प्रधानमंत्री को दिया जाएगा और विजय तिलक किया जाएगा।

### बुआ के घर आ रहे युवक की सोन नदी में डूबने से मौत

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के सोन नदी करगरा में रविवार की शाम नदी पार करते समय दिनेश पुत्र स्व. परमानंद (17) निवासी खरहरा थाना जुगैल की सोन नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है। बता दें कि दिनेश रविवार की सायंकाल अपनी बुआ के घर सोननदी पार कर खरहरा आ रहा था। उसी समय गहरे पानी में डूब कर सोन नदी की धारा में डूब गया। लोगों ने देर रात तक काफी मशक्कत कर खोजबीन की, लेकिन कुछ अता-पता नही चल सका। सोमवार की सुबह दिनेश का शव सोन नदी में उतराया हुआ मिला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

# सपा के इशारे पर स्व. कृष्णानंद राय सहित पिछड़े नेताओं की हुई थी हत्या : सीएम योगी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

माफियाओं को संरक्षण देने वाले आतंकवाद एवं नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाले देश के सम्मान को गंवाने वाले देश के विकास को ठप करने वाले कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के लोगों का गरीबों एवं विकास से कोई लेना-देना नहीं है। ये माफियाओं को गले का हार बनाते है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र के बैजलपुर गांव स्थित महादेव मंदिर परिसर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा।

उन्होंने भाजपा के मुहम्मदाबाद विधायक रहे स्व. कृष्णानंद राय समेत सात साथियों की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि कृष्णानंद राय मुहम्मदाबाद के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते थे, लेकिन समाजवादी पार्टी का केवल एक ही काम था कि भारतीय जनता पार्टी के




विकास करने वाले नेताओं को चुन -चुन कर समाप्त करना। मैं आज मोहम्मदाबाद की जनता से पूछना चाहता हूं कि क्या कृष्णानंद राय के साथ शहीद हुए मुन्ना यादव शेषनाथ पटेल तथा इलाहाबाद में माफिया अतीक के द्वारा मारे गए पूजा पाल के पति राजू पाल पिछड़ा वर्ग से नहीं थे। इनका गरीबों एवं पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं है। समाजवादी पार्टी परिवारवाद एवं माफियाओं के पोषक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर को भारी मतों से जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि औरंगजेब की आत्मा को कब्र में ही दफन कर दीजिए। उन्होंने राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए लोगों से पूछा कि क्या आप लोग अयोध्या गए हैं और नहीं नहीं गये हैं तो एक बार मैं फिर अपने मंत्री दयाशंकर सिंह एवं स्थानीय युवा नेता पियूष राय से आग्रह करता हूं कि चुनाव के बाद सभी मुहम्मदाबाद क्षेत्रवासियों को अयोध्या का दर्शन कराएं, ताकि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद यहां के सभी लोगों को प्राप्त हो सके। ब्इस मौके पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, डा. सानंद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार राय, प्रमोद राय, पमुख अवधेश राय, आनन्द राय, राहुल राय, सहित काफी संख्या में जन समूह उपस्थित रहा।

### जेपी नड्डा ने बाबा विश्वनाथ और कालभैरव के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए



भाजपा ने पूरी ताकत काशी में लगा दी है। काशी की गली-गली में केंद्र और प्रदेश सरकारों के मंत्री वोट मांग रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को काशी पहुंचे। उन्होंने बाबा कालभैरव का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद काशी विश्वनाथ धाम में मत्था टेकने पहुंचे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पिछले पंद्रह दिनों में दो बार बनारस आ चुके हैं। वह चुनाव अभियान की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। सोमवार की सुबह बाबा कालभैरव का दर्शन कर जेपी नड्डा ने आशीर्वाद मांगा। इसके बाद बाबा विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेकने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद मांगा।





### सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनावी जनसभा में कसा तंज

# ओपी राजभर बोले... राहुल-अखिलेश बच्चा, हम उनके चच्चा

**केटी न्यूज/महराजगंज**

महाराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में आमजन से समर्थन मांगने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर सोमवार को निचलौल ब्लाक के बैठवलिया पहुंचे। उन्होंने भाजपा को जिताने की अपील की। उनके साथ कैबिनेट मंत्री दानिश अली ने भी जनसभा को संबोधित किया। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि विकास भाजपा सरकार की पहचान है। केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद आपको बिजली बिल जमा करने के लिए परेशान नहीं होना होगा। तीन वर्षों में लोगों की छतों पर सरकार पावर हाऊस (सोलर प्लांट) लगाएगी। उसके बाद किसी को बिजली का बिल नहीं देना पड़ेगा। सपा व कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी व अखिलेश यादव की लुटिया इस बार डूबने वाली है। उनकी ओर से फैलाए जा रहे झूठ के भ्रमजाल में जनता फंसने वाली नहीं है। दोनों यूपी में घूम रहे हैं, जो अभी बच्चा हैं। उन्हें नहीं पता है कि हम उनके चच्चा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बसपा की सरकारों में हम लोगों का हक लूटा है। हम 46 साल से घूम रहे हैं। ये आज निकले हैं। इनको गर्मी लग रही है। जब चार जून को रिजल्ट आएगा तो अखिलेश और राहुल को यह गाना याद आएगा... 'दिल के टुकड़े- टुकड़े करके मुस्कुरा के चल दिए, जाते -जाते ये तो बता



दे हम जिएंगे किसके लिए।'

ओपी राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई योजना लाए हैं। आपके मकान की छत पर सोलर प्लांट लगाने के लिए सरकार 75 प्रतिशत अनुदान देगी। बसपा, सपा व कांग्रेस यह नहीं कर पाएंगे। महाराजगंज ही नहीं, यूपी की 80 सीटों पर हमें जीत हासिल होगी। महिला उत्थान का कार्य हमेशा भाजपा ने किया है। राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सौ में 33 महिलाएं आपके बीच की जनप्रतिनिधि चुनी जाएंगी। तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। केंद्र में सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में 70 वर्ष की उम्र पार कर चुके लोगों को पांच लाख रुपये तक सालाना निशुल्क उपचार की योजना को मंजूरी दी जाएगी। विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अली ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसमें सभी जाति व धर्म के लोगों को समान रूप से सम्मान मिलता है। यह विकास के मुद्दे पर काम करती है। संचालन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह ने किया।

## सुभाषितम्

मुस्कुराहट, आपकी खूबसूरती में सुधार करने का एक सस्ता तरीका है। - अज्ञात

## दुनिया के देश बढ़ते कर्ज से परेशान गरीब और विकासशील देश एकजुट

भारत में जी-20 की बैठक हुई थी। इस बैठक में दुनिया भर के देशों के ऊपर बढ़ते कर्ज की समस्या के समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई थी। भारत में हुई बैठक में अंतिम निर्णय इस मामले में नहीं हो सका। 6 महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। जून-जुलाई माह में ब्राजील में होने जा रही बैठक में सभी देशों के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर शामिल होंगे। इस बैठक में कर्ज की समस्या से समाधान दिलाने के लिए कोई निर्णय हो, इसके लिए गरीब और विकासशील देश एकजुट हो रहे हैं। ब्राजील पिछले कई वर्षों से कर्ज के संकट की मार से हलाकान है। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं के कारण सभी देशों का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कर्ज लेकर विकास करने का जो फंडा, वैश्विक व्यापार संधि के माध्यम से सारी दुनिया के देशों को दिया गया था। वैश्विक व्यापार संधि के बाद जो नए नियम और कानून बनाए गए। उसकी जद में दुनिया के सभी देश आए। विकासशील और गरीब देशों ने लालच में, अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा कर्ज ले लिया। अब कर्ज को चुका नहीं पा रहे हैं। जिन वैश्विक संस्थाओं ने ऋण दिया है वे ऋण की वसूली के लिए पर्याप्त दबाव बना रहे हैं। जिस उद्धेश्य के लिए कर्ज दिया गया है, उसका शुल्क और कर बढ़ाने का दबाव गरीब और विकासशील देशों पर वैश्विक वित्तीय संस्थाओं द्वारा बनाया जा रहा है। इस कारण सैकड़ों देशों की स्थिति कर्ज और ब्याज के बोझ से विस्फोटक हो गई है। श्रीलंका, पाकिस्तान, ब्राजील इत्यादि दर्जनों देश इसके शिकार हो चुके हैं। हाल ही में भारत ने भी इस मामले में बड़ी चिंता जाहिर की है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार सारी दुनिया के देशों के ऊपर 02 लाख, 35 हजार अरब डॉलर का कर्ज है। जो सभी देशों की जीडीपी का 238 फीसदी हो जाता है। कर्ज के कारण सभी देश महंगाई और जनता की नाराजगी से जूझ रहे हैं। आने वाले सालों में यह स्थिति और भी खराब होने वाली है। पिछले 20 सालों में गरीब एवं विकासशील देशों ने आंतरिक कर्ज और वैश्विक कर्ज.बड़े पैमाने पर लिया है। पिछले 10 वर्षों में कर्ज और किस्त की रकम पांच गुना बढ़ गई है। आम जनता से जो टैक्स और शुल्क सरकारों द्वारा वसूल किया जा रहा है, उसका 25 से 30 फीसदी कर्ज अदाएगी में जा रहा है। जिसके कारण कई देशों को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बजट की राशि को घटाना पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में दुनिया के देशों का निर्यात कम होता जा रहा है। दुनिया के लगभग सभी देशों का आयात पिछले 10 वर्षों में पूर्व की तुलना में बढ़ा है। जिसके कारण व्यापार असंतुलन भी बढ़ रहा है। वर्तमान स्थिति में कर्ज की अदाएगी संभव नहीं हो पा रही है। भारत में जी 20 के सम्मेलन में इस समस्या पर सभी देशों ने मिलकर विचार विमर्श किया, लेकिन अंतिम सहमति नहीं बन पाई। 12 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय वित्त व्यवस्था पर गठित कार्य समिति की बैठक है। इस बैठक के बाद 22 और 23 जुलाई को जी 20 के केंद्रीय बैंकों के डिप्टी गवर्नर की बैठक हो रही है। 25 जुलाई को मंत्री स्तर की बैठक ब्राजील में संपन्न होगी। इसमें सभी केंद्रीय बैंकों के गवर्नर भी शामिल होंगे। 6 महीने पहले भारत की अगुवाई में कर्ज को लेकर सभी देशों के बीच में विचार विमर्श हुआ है। ऐसी स्थिति में सभी गरीब और विकासशील देशों का मानना है, जुलाई माह में जो बैठक ब्राजील में होने जा रही है, उसमें कर्ज और ब्याज को लेकर छूट देने और कर्ज की समय सीमा बढ़ाने के संबंध में निर्णय हो, इसके लिए भारत की सरपरस्ती में सभी देश एकजुट हो रहे हैं। ब्राजील भी कर्ज की मार से बहुत सालों से दबा हुआ है। ब्राजील सरकार के नेतृत्व में इसी मुद्दे पर पेरिस में ऋण देने वाली वैश्विक संस्थाओं के साथ बैठक होने जा रही है। उसके पूर्व कर्ज के बोझ से दबे सभी देश भारत और ब्राजील से इस समस्या का समाधान निकालने की गुहार लगा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

## मूर्तिकार का सपना



एक मूर्तिकार ने एक रात विचित्र स्वप्न देखा। वह किसी छायादार पेड़ के नीचे बैठा था। अचानक उसे सामने एक पत्थर का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। उसने उसे उठा लिया फिर उसे सामने रखा और औजारों के थैले से छेनी-हथौड़ी निकालकर उसे तराशने के लिए जैसे ही पहली चोट की, पत्थर जोर से चिल्ला पड़ा- मुझे मत मारो। दूसरी बार वह रोने लगा। मूर्तिकार ने उसे छोड़ दिया। फिर उसने अपनी पसंद का एक अन्य टुकड़ा उठाया और उसे तराशने लगा। वह टुकड़ा चुपचाप वार सहता गया और देखते ही देखते उसमें से एक एक देवी की मूर्ती उभर आई। मूर्ति वहीं पेड़ के नीचे रख वह आगे चला गया। फिर कुछ समय बाद वह उसी पुराने रास्ते से गुजरा। उस स्थान पर पहुंचकर उसने देखा कि उस मूर्ति की पूजा-अर्चना हो रही है, जो उसने बनाई थी। भीड़ लगी है, भजन आरती हो रही है, भक्तों की पंक्तियां लगी हैं। जब उसके दर्शन का समय आया, तो पास आकर उसने देखा कि उसकी बनाई मूर्ति के सामने न जाने क्या-क्या रखा है। जो पत्थर का पहला टुकड़ा उसने, उसके रोने चिल्लाने पर फेंक दिया था वह भी एक ओर पड़ा है और लोग उसके सिर पर नारियल फोड़ -फोड़ कर देवी की मूर्ति पर चढ़ा रहे है। तभी मूर्तिकार की नींद टूट गई। वह सपने के बारे में सोचने लगा। उसने निष्कर्ष निकाला कि जो लोग थोड़ा कष्ट झेल लेते हैं, उनका जीवन बन जाता है। विश्व उनका सत्कार करता है। पर जो डर जाते हैं और बचकर भागना चाहते हैं वे बाद में जीवन भर कष्ट झेलते हैं, उनका सत्कार कोई नहीं करता।

# हिंदुत्व की विचारधारा और सावरकर

- प्रभुनाथ शुक्ल



भारतीय स्वाधीनता संग्राम में वीर सावरकर जैसा व्यक्तित्व होना मुश्किल है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान वीर सावरकर ने हिंदुत्व की विचारधारा को पल्लवित और पोषित किया। देश के वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक माहौल में सावरकर के विचारों की प्रासंगिकता बेहद अहम हो गई है। लेकिन सावरकर का त्याग और बलिदान भारतीय राजनीति की विचारधारा में विभाजित हो गया है। यह हर भारतीय के लिए चिंता और विमर्श का सवाल है। देश की राजनीति में सावरकर की विचारधारा के मायने चाहे जो हों, लेकिन सावरकर होना कोई साधारण बात नहीं। सावरकर ने जिस विचारधारा को स्वाधीनता काल में आगे बढ़ाया था आज हिंदुत्व के लिए उस विचारधारा की कितनी अहमियत है यह देश खुद समझ सकता है। भारत और पश्चिम में हिंदुत्व के उभार को लेकर किस तरह का उग्र विश्लेषण होता है यह सर्व विदित है। देश की राजनीति में आज हम जिस हिंदुत्व का निवेश कर आगे बढ़ रहे हैं वह एक नए रूप में परिभाषित हो रहा है। इसकी आवश्यकता सावरकर ने बहुत पहले बता दिया था। हालांकि सावरकर की इस विचारधारा पर दक्षिण और वामपंथ में काफी टकराहट है। दक्षिणपंथ जहां इसे अपनी विरासत मानकर इस पर गर्व करता है वहीं सेक्युलरवादी और वामपंथी विचारधारा के लोग इसे अलगाववाद की नीति कहते हैं। सावरकर रत्नागिरी जेल में रहते हुए 1921 में हिंदुत्व नाम से एक किताब लिखा था। वैसे यह किताब उनके उपनाम यानी बदले नाम से प्रकाशित हुई। क्योंकि सावरकर उस समय जेल में बंद थे उन पर अंग्रेजों ने कड़ी निगरानी रखी थी। किस की बात हम आज कर रहे हैं उसे सावरकर बहुत पहले समझ गए थे। सावरकर को राजनीतिक विचारधारा में बांटना उचित नहीं होगा। पूरी दुनिया में इस्लामी गतिविधियां जहां तेजी से बढ़ रही हैं, वहीं भारत में हिंदुत्व के उभरते नए क्षितिज एक अच्छा संकेत है। लेकिन राजनीतिक विमर्श सावरकर को लेकर कई बड़े सवाल पैदा करता है। वीर सावरकर के हिंदुत्व को राजनीति से जोड़ना कर देखते थे। वह हिंदुत्व को धर्म से अलग रखना चाहते थे। ऐसे लोगों का मानना है कि सावरकर का हिंदुत्व धर्म से न होकर राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा था।सावरकर अपने हिंदुत्व की विचारधारा में पश्चिम के सांस्कृतिक निवेश का घोर विरोध करते थे। उनके विचार में हिंदुत्व एक जीवन पद्धति और सभ्यता है। सिंधु घाटी सभ्यता से आने वाले लोग ही हिंदुत्व की पृष्ठभूमि से आते हैं। पवित्र भूमि से जुड़ने वाले लोगों को ही हिंदुत्व का पोषक मानते थे। सावरकर की विचारधारा पर अध्ययन से पता चलता है कि वह इंग्लैंड में पढ़े होने के नाते आधुनिक विचारधारा के पोषक रहे। हालांकि स्वाधीन आंदोलन में अपने को बलिदान करने वाले मुस्लिम क्रांतिकरियों का बहुत सम्मान करते थे। लेकिन सेल्यूलर जेल में जाने के बाद मुसलमानों पर उनकी विचारधारा बदल गई। यह अंग्रेजों की फुटडालो राजनीति करो की नीति से हुआ। अंग्रेजी हुकूमत ने वीर सावरकर को बहुत प्रताड़ित किया। क्योंकि इस जेल में अधिकांश कैदी हिंदू थे लेकिन उन पर निगरानी करने वाले सिंधी बलोची और पठान थे। जेल में इन्हीं निगरानी ओहदेदारों की आड़ में अंग्रेज हिन्दू और मुसलमान में फूट डालना चाहते थे। इनकी प्रताड़ना की वजह से जेल में सावरकर के विचार बदल गए। इसका नतीजा यह हुआ कि सेल्यूलर जेल में धर्म के आधार पर कैदियों को प्रताड़ित किया जाने लगा। जेल में हिंदू कैदियों का सबसे अधिक उत्पीड़न किया गया। इतनी अधिक लोगों को प्रताड़ना दी गई कि लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर कर दिया गया। इसके खिलाफ वीर सावरकर ने आवाज उठाई। फिर सावरकर को वहां से रत्नागिरी जेल में भेज दिया गया। लेकिन वहां भी सेल्यूलर जेल जैसी परिस्थितियों पैदा की गई। क्योंकि इस नीति के पीछे अंग्रेजों की साजिश थी। अंग्रेज मुस्लिम निगरानी ओहदेदारों की तरफ से हिंदू कैदियों को प्रताड़ित करवाते थे। जिसकी वजह से हिंदुओं में मुसलमानों के प्रति घोर नफरत पैदा हुई और अंग्रेज अपने चाल में सफल हुए। जेल यात्रा से ही सावरकर के विचार में उग्र हिंदुत्व की बात आई और राजनीति में उन्होंने खुलकर हिंदुत्व विचारधारा की वकालत किया। सावरकर की विचारधारा को इस्लामी धार्मिक आंदोलन ने भी बड़ा मोड़ दिया। 19वीं शताब्दी की शुरूआत में तमाम मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं की तरफ से मुद्दे उठाए जाने लगी जिसमें बहावी आंदोलन उन्हें काफी प्रभावित किया। मुसलमानों में धार्मिक कट्टरता बढ़ाने की वजह से सावरकर को इन गतिविधियों ने बहुत गहराई से प्रभावित किया। इसका नतीजा रहा कि वह हिंदुत्व विचारधारा का खुलकर समर्थन किया और उसे आगे बढ़ाया। फिर देश की राजनीतिक मुसलमानों का हस्तक्षेप बढ़ाने लगा। जिसने सावरकर को काफी हद तक प्रभावित किया। सावरकर हिंदुत्व की विचारधारा की एक पहचान हैं।उनका मानना था कि भारत के लिए हिंदुत्व एक विशाल शब्द है। उनकी विचारधारा में भारत के सभी धर्म हिंदुत्व शब्द में समाहित हैं। उनके विचार में हिंदू वहीं है जो देशभक्ति करते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं। साल 1937 में रत्नागिरी जेल से रिहाई के बाद उन्होंने हिंदुत्व की बड़ी वकालत किया और राजनीति एवं सामाजिकता के लिए हिंदुत्व को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने भारत को हिंदूराष्ट्र के रूप में स्थापित करने की विचारधारा का पूर्ण समर्थन किया। देश में पहली बार वीर सावर ने हिंदू महासभा का गठन किया और उसे एक राजनीतिक दल एवं विचारधारा के रूप में स्थापित किया। 1939 में सावरकर के नेतृत्व में मुस्लिम लीग और गैर कांग्रेसी दलों के गठबंधन सरकार गठन करने का प्रयास किया। क्योंकि 1939 ब्रिटिश ने भारत को एक युद्धरत देश घोषित कर दिया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सामूहिक त्यागपत्र दे दिया था। सावरकर ने हिंदू महासभा की अगुवाई में सरकार बनाने के लिए गठबंधन किया। इस घटना के बाद देश में महात्मा गांधी की अगुवाई में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई। सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या के लिए एक साजिश कर्ता के रूप में उन्हें आरोपित किया गया। इस पर अदालत में मुकदमा भी चला लेकिन सबूत की अभाव में अदालत से उन्हें बरी कर दिया। सावरकर भारत के गौरव हिंदुओं के लिए गर्व का विषय हैं। सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक में 28 में 1883 को हुआ था। सावरकर होना आसान काम नहीं है। हम हिंदुत्व के प्रणेता को जन्म दिवस पर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उम्मीद करते हैं कि उनकी विचारधारा पर चलने पर भारत गौरवान्वित होगा।

# खबरदार! जो किसी ने जाम लगने की शिकायत की ....

- चैतन्य भट्ट

जिसे देखो वहीं पुलिस को कोसता हुआ नजर आता है, हर इलाके में लगे जाम में फंसे लोग मन ही मन पुलिस को गालियां देते हैं कि ये पुलिस सिर्फ चालान तक ही अपने आप को सीमित रखी हुई है, यहां गाडियां एक दूसरे पर चढ़ी जा रही हैं, एक-एक इंच खिसकने में जान पर बनी हुई है, जाम ऐसा है कि हिलते तक नहीं बन रहा लेकिन पुलिस को इन सब बातों से कोई लेना-देना नहीं, लेकिन जब से अपने को यह पता लगा जाम सिर्फ अपने शहर में ही नहीं बल्कि यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, शिमला, नैनीताल, कुल्लू, मनाली, मसूरी यानी हर जगह लगा हुआ है तब अपनी आत्मा को शांति महसूस हुई कि जब पूरे देश में जाम लगा हुआ है तो अकेले जबलपुर की पुलिस ही क्यों गाली खाए। वैसे जाम से फायदे भी काफी हैं,अगल-बगल खड़े लोगों से दोस्ती भी हो जाती है क्योंकि वे भी पुलिस को गाली देते हैं और अपन भी और जब दो लोग एक से विचार वाले मिल जाते हैं तो उनमें दोस्ती होना स्वाभाविक है, जाम जब बहुत ज्यादा हो जाता है तो सामान बेचने वाले भी जाम में अपना सामान बेच के चार पैसे कमा लेते हैं क्योंकि जाम में फंसा आदमी सोचता है कि बाजार जाना तो मुश्किल है जो लेना है इसी से ले लो, शराबियों के लिए जाम सबसे महत्वपूर्ण है यदि जाम ना होगा तो फिर मदिरा हलक में किसके सहारे जाएगी। जाम से एक फायदा और है कि लोग स्पीड से नहीं चलते और जब स्पीड से नहीं चलते तो एक्सीडेंट होने का भी डर नहीं रहता सोचिए जब इतने फायदे हैं फिर भी पता नहीं क्यों लोग जाम से इतने परेशान और हलकान रहते हैं, और अब तो सुना है कि माउंट एवरेस्ट की चोटी पर भी जाम लग गया है अखबार में एक फोटो छपी है जिसमें 200 लोग एवरेस्ट पर चढ़ने की लाइन में लगे हुए जाम में फंसे हैं हाल ये है कि एवरेस्ट की चोटी पर एक मिनट से भी ज्यादा खड़े होने की इजाजत तक नहीं मिल रही है इधर एवरेस्ट भी सोच रहा है कि पता नहीं कौन से पाप किए थे जिसे देखो वही चढ़ा आ रहा है ना तेंन सिंह हिलेरी को अपने ऊपर चढ़ने देते और ना आज ये दिन देखने पड़ते। उसी समय उनको धक्का देकर नीचे गिरा देते तो किसी की हिम्मत नहीं थी एवरेस्ट पर चढ़ जाते अब तो जिसको देखो, जिसको टाइम मिला वोही एवरेस्टपर चढ़ने की तैयारी करने लगता है, सरकार का क्या है उसको तो पैसा मिल रहा है लेकिन एवरेस्ट की लाई लुटी जा रही है बर्फ टूट टूट कर गिर रही है और एवरेस्ट बेचारा खून के आंसू रो रहा है। अभी लोग बाग चंद्रमा में भी जाने की कोशिश कर रहे हैं यानी अब वहां पर भी जाम लगने वाला है इसलिए आज से विद्या माई की कसम खा लो कि कितने ही जाम में फंसे रहो ना तो पुलिस को गाली दोगे और ना ही जाम की कभी बुराई करोगे ,क्योंकि जब हर तरफ जाम ही जाम हो तो फिर अपने जाम से ऐसा घबराना कैसा ? जब भी जाम में फंस जाओ एक ही गाना गाओ छलकाए जाम आइएआपकी आंखों के नाम

### काहे की सीबीआई

अपने देश के लोगों को सीबीआई पर बड़ा ही भरोसा था जब भी कोई लफड़ा धपड़ा होता था लोग बाग मांग करते थे कि मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए। कोर्ट में भी जब पिटीशन दायर होती थी और ये माना जाता था कि पुलिस या दूसरी एजेंसियां ठीक-ठाक काम नहीं कर रही तो कोर्ट भी जांच के लिए सीबीआई को आदेश देता था , लेकिन नर्सिंग कॉलेज घोटाले में सीबीआई के अफसरों ने जो खेल खेला उसके बाद समझ में आ गया कि सीबीआई से अच्छी तो अपनी पुलिस ही है थोड़ा बहुत पैसा लेती थी सीबीआई वाले तो लाखों रुपए डकार गए और ऐसे ऐसे कॉलेजों को स्वीकृति दे दी जिनमें न फैकल्टी है, ना कमरे हैं,ना बिल्डिंग है है तो बस रिश्वत का पैसा। अब सीबीआई वालों की जब से नाक कटी है तब से उधर के बड़े अधिकारियों ने दो-तीन इंस्पेक्टर को को सजा दे दी है और भी खोजबीन जारी है कि कौन-कौन इस खेल में शामिल थे।अपना मानना तो ये है कि अब सीबीआई वाले भी करें तो करें क्या? फ्री फोकट में कहां तक जांच करें, वैसे ही उनके ऊपर जांचों का बोझ है उस पर से और जांच पर जांच उनके सर पर मढ़ी जा रही हैं इसलिए उन अफसरों ने सोचा कि जब काम ही काम है तो चार पैसे भी कमा लिए जाए और राहुल राज साहब ने ऐसी सेटिंग करी और सबको बराबर से पैसा बटने लगा।अब तो अपने को लगता है कि किसी भी मामले में सीबीआई जांच की मांग करना अपने आप को धोखा देने जैसा है क्योंकि सीबीआई की जो रेपुटेशन थी वो तो मिट्टी में मिल चुकी है। अभी तो सुना है कि इन्हीं महानुभाव ने व्यापम घोटाले की भी जांच की थी अब सुनते हैं फिर से वह मामला उखड़ने वाला है देखें उसमें और क्या-क्या नए-नए खेल खुलते हैं

### फिर वही पुराना राग

बरसों हो गए हमको ये सुनते-सुनते जो भी चीफ मिनिस्टर आता है वो यही कहता है कि कलेक्टरों को अपनी रातें गांव में गुजारना चाहिए ताकि वहां की परिस्थितियों से वे वाकिफ हो सकें,अब आप ही सोचो पचास हजार में एक व्यक्ति कलेक्टर बन पाता है तो वो क्या इसलिए बनता है कि रात में खटिया में सोए, मच्छरों से पूरा शरीर कटवाए, लोटा लेकर खेत जाए, जिनको ए सी दफ्तर, ए सी गाड़ियों ए सी बंगलो की आदत हो वो भला गांव क्यों जाएंगे। अब मुख्यमंत्री साहब ने कलेक्टर को छोड़ पुलिस के अफसर को निर्देश दे दिया है कि वे रात में थानों का निरीक्षण करें। अब आप ही बताओ मुख्यमंत्री जी कौन सा अफसर है जो अपनी नींद खराब करेगा और दूर दराज के थानों में जाकर वहां सो रहे पुलिस वालों की भी नींद खराब करेगा। दिन भर तो वैसे ही पिरते रहते हैं पुलिस वाले, थोड़ा बहुत रात में आराम करने का मौका मिलता है उसमें भी आपको चैन नहीं, अब जब अफसर की नींद पूरी नहीं होगी तो चिड़चिड़ापन रहेगा और जब थाने में कर्मचारियों को खरार्टे लेते हुए देखेगा तो फिर उठापटक करेगा। काहे को ये सब कर रहे हो, जैसा चल रहा है चलने दो बहुत ज्यादा आप दम दोगे तो दो-चार बार अफसर लोग रात-बिरात थानों का निरीक्षण कर लेंगे और फिर वही सिस्टम शुरू हो जाएगा, बैठक करो, पीसी करो, वीडियो कांफ्रेंस करो और अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लो। जो ढर्रा बरसों से चल रहा है उसमें परिवर्तन लाने की कोशिश काहे के लिए कर रहे हो बेहतर तो यही है कि अफसर को भी आराम करने दो और थाने में तैनात पुलिसकर्मियों को भी। भगवान ने जब रात सोने के लिए बनाई है तो आप काहे के लिए उसमें डिस्टरबेंस करके लोगों को जगा रहे हो।

# पथ अग्निपथ पर सियासत करना उचित नहीं

- संजय गोस्वामी

आज देश में तथाकथित अग्निवीर योजना पर बयान सुनने को मिलता है जो देशहित में नहीं है ऐ आर्मी के ऊपर छोड़ दीजिये क्योंकि अगर कहीं युद्ध हुआ तो आप तो बचाने वाले नहीं है उसे सेना ही बचाएगा, आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहाँ युद्ध की प्रकृति व्यापक रूप से बदल गई है। भारत को न केवल स्थल, जल और वायु से बल्कि साइबरटेक, इंटरनेट ऑफ मिलिटरी थिंग्स (क्ष्ज्ञ्टळ) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) से भी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इस परिदृश्य में एक बेहतर सुसज्जित और अधिक तैयार सेना की आवश्यकता है। देश के लिये एक तरुण और सुसज्जित सशस्त्र बल की आवश्यकता की पूर्ति के लिये सरकार अग्निपथ योजना लेकर आई है। शीघ्र ही भारतीय सशस्त्र बल ह्यअग्निवीरह्न की भर्ती संबंधी सभी महत्त्वपूर्ण कार्य शुरू करेंगे, जिन्हें हमारी युद्ध इकाइयों की रीढ़ के रूप में परिकल्पित किया गया है। इस संदर्भ में अग्निपथ योजना के सारतत्व को समझना प्रासंगिक होगा। अग्निपथ योजना : केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिये अग्निपथ योजना का अनावरण किया है। यह योजना देशभक्त और अभिप्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर देगी। सेना में शामिल होने वाले इन युवाओं को ह्यअग्निवीरह्न कहा जाएगा। चार वर्ष की सेवा के बाद किसी बैच के केवल 25% सैनिकों की ही संबंधित सेवाओं में 15 वर्ष की अवधि के लिये पुनर्नियुक्ति की जाएगी। :यह योजना केवल अधिकारी रैंक से नीचे के सैन्यकर्मियों के लिये है जो सेना में कमीशन अधिकारी (उङ्क्षश्२२ङ्खल्लीडाू१२) के रूप में शामिल नहीं होते हैं। कमीशन अधिकारी भारतीय सशस्त्र बलों के अंदर एक विशेष रैंक रखते हैं। वे प्रायः राष्ट्रपति की संप्रभु शक्ति के तहत कमीशन धारण करते हैं और उन्हें आधिकारिक तौर पर देश की रक्षा करने का निर्देश प्राप्त होता है। चयन हेतु 17.5 वर्ष से 23 वर्ष की आयु के युवा आवेदन करने के पात्र है। अग्निवीरों को प्रदत्त लाभः 4 वर्ष की सेवा अवधि की पूर्णता पर उन्हें एकमुश्त 11.71 लाख रुपए (उपार्जित ब्याज सहित) की ह्यसेवा निधिह्न का भुगतान किया जाएगा। उन्हें चार वर्ष की अवधि के लिये 48 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर भी प्राप्त होगा। उनके शहीद होने की स्थिति में परिवार को 1 करोड़ रुपए (शेष कार्यकाल के वेतन सहित) का भुगतान किया जाएगा। चार वर्ष बाद सेवानिवृत्ति पर सरकार उनके पुनर्वास में मदद करेगी। उन्हें ह्यस्किल सर्टिफिकेटह्न और ह्यब्रिज कोर्सह्न प्रदान किया जाएगा। ऐसी योजना की आवश्यकता क्यों थी? औसत आयु कम करनाः अग्निपथ योजना के कार्यान्वयन का एक उद्देश्य यह है कि सैन्यकर्मियों की औसत आयु में कमी लाई जाए। इसकी आवश्यकता वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद महसूस की गई थी। इसके कई दशकों बाद ह्यकारगिल समीक्षा समितिह्न ने भी इस आवश्यकता पर बल दिया था। वर्तमान में भारतीय सेना में महज 19% कर्मी 25 वर्ष से कम आयु के हैं (इस आयु वर्ग के लिये एक छोटी संख्या) जबकि 36-40 आयु वर्ग में भी 19% कर्मी शामिल हैं (इस आयु वर्ग के लिये एक बड़ी संख्या)। चूँकि चीन और पाकिस्तान दोनों के पास ही पर्वतीय इलाके हैं, कम आयु प्रोफाइल की भारतीय इकाइयाँ इन भूभागों में बेहतर सैन्य प्रदर्शन करेंगी। भविष्य के लिये तैयार सैनिकः युद्ध की प्रकृति बदल रही है और तेजी से बहुआयामी बनती जा रही है।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** मन प्रसन्न होगा और आपको लाभ होगा। आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा। | **तुला** समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति दूर होगी। |
| **वृषभ** आप यदि एक व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। | **वृश्चिक** आपको कुछ कर दिखाने की धुन सवार रहेगी। अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। |
| **मिथुन** आज लाभ का दिन है। आपके लिए आज नौकरी और व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। | **धनु** आज का दिन कुछ मिलाजुला रहेगा और आज हर मामले में सावधानी से काम करें। |
| **कर्क** आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आज आप अपने ही काम में लगे रहेंगे। | **मकर** दाम्पत्य जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। |
| **सिंह** बेहतर होगा कि आप बिना वजह की चिंता से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दें। | **कुंभ** आपको लाभ होगा। वाहन और भूमि खरीदने की दिशा में काम कर सकते हैं। |
| **कन्या** हर काम सावधानी से करने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही से आपको नुकसान हो सकता है। | **मीन** आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में बीतेगा। |

## विशेष

### आचार संहिता के उल्लंघन पर नोटिस नहीं नसीहत पत्र

चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में किसी के ऊपर भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सबसे ज्यादा शिकायतें थी। जिसके कारण शिकायतों का निपटारा करने का चुनाव आयोग ने नया तरीका निकाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को नोटिस जारी करने के बजाय कांग्रेस और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों को नसीहत पत्र देकर चुनाव आयोग ने अपनी कार्यवाही पूरी कर ली।

### पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट सरकार के निशाने पर

पश्चिम बंगाल की हाईकोर्ट ने 25000 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने तथा ओबीसी के प्रमाण पत्र को रद्द करने का जो आदेश दिया है। उस फेसलो को पश्चिम बंगाल की सरकार ने मानने से इनकार कर दिया है।पश्चिम बंगाल सरकार ने इसकी अपील सुप्रीम कोर्ट में कर दी है। पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के एक जज,जो राज्य सरकार के खिलाफ फैसले पर फैसला सुना रहे थे। सर्विस के दौरान ही इस्तीफा देकर वह पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने के लिए मैदान में आ गए। इस्तीफा देने के समय यह कहना कि वह भाजपा के संपर्क में थे। एक दूसरे जज साहब सेवा निवृत्त हुए।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1414: खिजर खान ने दिल्ली पर कब्जा करके सैयद वंश के शासन की शुरूआत की. 1572: महाराजा प्रताप मेवाड़ की गद्दी पर बैठे. 1883: क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर का जन्म. 1940: द्वितीय विश्वयुद्ध में बेल्जियम ने जर्मनी के आगे हथियार डाल दिए. 1947: भारतीय मानक संस्थान की स्थापना हुई. 1964: पेरिस-बुखारेस्ट ओरिएंट एक्सप्रेस ने 78 वर्ष बाद अपनी अंतिम यात्रा की. 1970: अखिल भारतीय श्रमिक संघ कांग्रेस दो भागों में बँट गई. 1971: सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया. 1974: उत्तरी आयरलैंड की मिलीजुली सरकार का पतन. 1976: अमरीका और सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षणों के बारे में समझौता किया. 1997: माधवराव सिंधिया नारायण दत्त तिवारी, अर्जुन सिंह व आर. के. धवन, हवाला कांड से आरोप मुक्त.

## दैनिक पंचांग

**28 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.28 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 08.41 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 10.57 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.09 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 15.20 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 17.35 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.51 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.56 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.42 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मीन | 01.15 बजे से |
| | | मेष | 02.46 बजे से |
| | | वृष | 04.26 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 149 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख)
**तिथि** पंचमी 15.24 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 09.34 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 02.06 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 15.24 बजे तदनन्तर गर 02.34 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 30'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871993
**जूलियन दिन** 2460458.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद **तारीख** 19
**विशेष** वीर सावरकर जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# सास के साथ रिश्ता खूबसूरत बनाए रखने के लिए इन खास बातों का रखें ध्यान

**महिलाओं के जीवन में हर पड़ाव पर कई सारे बदलाव और उतार-चढ़ाव आते हैं। इन्हीं में से उनका एक फेज शादी का भी होता है। दरअसल, शादी के बाद कई नए रिश्ते बनते हैं, जिनमें सास-बहू का रिश्ता बेहद अनोखा और इंटरेस्टिंग होता है।**

टीवी सीरियल और सिनेमा ने सास और बहू की रिलेशनशिप की अलग ही छवि बना रखी है, जहां प्यार कम और नोकझोंक ज्यादा दिखाई देता है। हालांकि, रियल लाइफ में कई जगह ऐसे ही उदाहरण देखने को मिलते हैं। इस तरह के रिश्ते थोड़े चुनौतीपूर्ण तो होते हैं। पर, छोटी सी कोशिश और समझदारी से इस रिश्ते को खूबसूरत और मजबूत बनाया जा सकता है।

## सास-बहू के रिश्ते को कैसे बनाएं मजबूत?

### सम्मान और प्यार दिखाएं

बहू होने के नाते आपको हमेशा अपनी सास का सम्मान करना चाहिए और उन्हें प्यार देना चाहिए। जब भी आपकी सास कुछ बोल रही हों, तो उनकी बातों को ध्यान से सुनें और उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। साथ ही, उनके अनुभवों से सीखने का प्रयास करें।

### सास के साथ अच्छी तरह से करें बातचीत

अपनी सास से खुलकर और ईमानदारी से बात करें। अगर आपको किसी भी तरह की कोई परेशानी है, तो अपनी भावनाओं और विचारों को उनसे साझा करें। अगर कोई गलतफहमी या मनमुटाव हो तो शांत और धैर्यपूर्वक बात करें। कुछ चीजों को उनकी नजरिए से भी देखने की कोशिश करें। तभी आपके संबंध सास के साथ अच्छे हो सकते हैं।

### घरेलू कामों में सास की करें मदद

जब भी जरूरत हो तो अपनी सास की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहें। घरेलू कामों में, खरीदारी में या फिर डॉक्टर के पास ले जाने में उनकी मदद अवश्य करें। उनके लिए समय निकालें और बीच-बीच में उनके साथ बातें कर रहें। उन्हें कभी भी अकेलापन महसूस न होने दें।

### रिश्ते में धैर्य रखना है जरूरी

रिश्ते बनाने में समय लगता है। अपनी सास के साथ मजबूत रिश्ता बनाने के लिए आपको धैर्य रखने की जरूरत है। अपनी गलतियों से सीखें और धीरे-धीरे आपस में समझदारी विकसित करें।



# टेक्नोलॉजी के कारण हो रहा है स्ट्रेस तो इन आसान टिप्स की मदद से खुद को करें रिलैक्स

**टेक्नोलॉजी का अत्यधिक उपयोग आज के समय में तनाव का कारण बन रहा है, लेकिन आप इस तनाव को खुद से दूर करने के लिए कुछ आसान उपायों की मदद ले सकती हैं।**

तनाव आज के समय में लोगों के जीवन का हिस्सा ही बन गया है। घर से लेकर ऑफिस में काम का बढ़ता बोझ, कमजोर पारिवारिक रिश्ते व बेहद जल्द सबकुछ पाने की चाह जीवन को तनावग्रस्त बनाती है। लेकिन इसके अलावा एक चीज ऐसी भी है, जो स्ट्रेस को जन्म देती है और वह है टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना। वर्तमान में, किसी भी महिला का शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब वह टेक्नोलॉजी के संपर्क में ना आती हो। फोन से लेकर लैपटॉप में हम कई-कई घंटें बिताते हैं, लेकिन अंततः इनका अत्यधिक उपयोग स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी समस्याओं को जन्म देता है। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए भी आप टेक स्ट्रेस को खुद से दूर कर सकती हैं और इसके लिए आपको बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। बस आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाकर ऐसा आसानी से कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इन टिप्स के बारे में-

## करें डिजिटली डिटॉक्स

खुद को तनावमुक्त रखने का सबसे आसान तरीका यह है कि आप खुद को कभी-कभी डिजिटली डिटॉक्स करें। स्क्रीन (आंखें स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं टिप्स) से बाहर आकर वास्तविक दुनिया का आनंद लें। मसलन, अगर संडे को आपकी छुट्टी होती है तो उस दिन अपने लैपटॉप को भी छुट्टी दें। कोशिश करें कि वह दिन आप अपने परिवार के साथ बिताएं और फोन, लैपटॉप व टीवी से दूरी बनाएं। इसके अलावा जब आप ऑफिस से घर आती है तो कम से कम एक घंटे के लिए फोन को बंद करके रखें। इससे भी आप खुद को अतिरिक्त टेक स्ट्रेस को दूर कर सकती हैं।

## लें छोटे-छोटे ब्रेक

अगर आपका काम कुछ ऐसा है कि आपको लंबे समय तक लैपटॉप के सामने बैठना पड़ता है तो हो सकता है कि इसके कारण आपको सिर में दर्द या फिर अन्य तरह के स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है। इसलिए इससे बचने के लिए आप काम के बीच में छोटे-छोटे ब्रेक लें। अगर संभव हो तो आप बीच में कुछ नैप भी ले सकती हैं। इससे भी आपका स्ट्रेस काफी कम होता है।

## फोन को रखें बेड से दूर

टेक स्ट्रेस को दूर करने का एक सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने जीवन में कुछ नियम तय करें। मसलन, जब आप रात में अपने बेड पर हों तो फोन को खुद से दूर रखें। इसके अलावा सुबह उठने के बाद सबसे पहले फोन को इस्तेमाल करने की आदत को बदलें। इस तरह के छोटे-छोटे टिप्स टेक स्ट्रेस को दूर रखने में मददगार होता है।

## तय करें शेड्यूल

जब आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि आप उसे नियंत्रित रूप से ही इस्तेमाल करें। मसलन, आप लैपटॉप व फोन पर टाइम स्पेंड करने का शेड्यूल करें। साथ ही यह भी कोशिश करें कि आपका काम तय समय पर ही पूरा हो। इससे भी आप अपने तनाव को काफी हद तक कम कर सकती हैं।



## रिलैक्सिंग एक्टिविटी

यह सच है कि टेक्नोलॉजी को खुद से दूर नहीं किया जा सकता, लेकिन फिर भी आप उसके नेगेटिव प्रभावों को काफी हद तक कम कर सकती हैं। मसलन, अगर आपने पूरा दिन लैपटॉप पर काम किया है और अब आपको थकान व तनाव का अहसास हो रहा है तो काम खत्म करने के बाद आप कुछ रिलैक्सिंग एक्टिविटी जरूर करें। मसलन, आप एक शॉवर लें या फिर अपना मनपसंद म्यूजिक सुनें। इससे आपको काफी अच्छा लगेगा।



# शैम्पू की खाली पड़ी बोतल से घर पर ऐसे तैयार करें धूपबत्ती स्टैंड

**हम सभी बाजार से अलग-अलग शैम्पू की बोतल खरीद कर लाते हैं। जैसे ही शैम्पू खत्म होता है उसे कचरे के ढेर में फेंकते हुए। आपको बता दें इसकी मदद से आप बिना पैसा खर्च किए कमाल का सामान बना सकती हैं।**

हम सभी के घरों एक नहीं कई ऐसे सामान आते हैं जो प्लास्टिक के डिब्बे में आते हैं। फिर चाहे बात करें फूड आइटम, क्लीनिंग और स्किन केयर प्रोडक्ट आज के समय ये सारे प्रोडक्ट प्लास्टिक के डिब्बे में आता है। सामान खत्म होने के बाद हम सभी इन डिब्बों को यूजलेस समझकर कूड़े के ढेर में फेंक देते हैं। लेकिन आपको बता दें कि आप इन डिब्बों का दोबारा और सही से इस्तेमाल कर घर की काफी यूजफुल सामान को क्रिएट कर सकती हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप बेकार पड़े शैम्पू की बोतल से रिक्रिएट कर सकते हैं। होम डेकोर से लेकर पूजा स्थान पर इस्तेमाल होने वाले स्टैंड से लेकर डेकोरेशन आइटम्स को बाजार से खरीदना पसंद करते हैं। ये सामान देखने में जितने सुंदर होते हैं उनकी कीमत उतनी ही ज्यादा होती है। मंदिर में भगवान की प्रतिमा व मूर्ति के सामने दीया और धूपबत्ती जलाने के लिए स्टैंड की जरूरत पड़ती है। आपको बता दें कि आप सुंदर और यूनिक धूप बत्ती स्टैंड को खाली डिब्बे से तैयार कर सकती हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

## जरूरी सामान

- शैम्पू की बोतल (जो आपके पास मौजूद है)
- थर्माकोल
- क्ले • फेविकोल
- पेंट • ब्रश
- दपती • छोटे पत्थर
- छोटे प्लास्टिक का फूल और पत्ती
- मिट्टी का खिलौने वाला नन्हा घड़ा

## स्टैंड बनाने का तरीका

- स्मोक धूप स्टैंड बनाने के लिए सबसे पहले बोतल के एक तरफ के ऊपरी हिस्से को काट लें।
- काटने के बाद ऊपर के हिस्से को काटकर वहां पर कैप लगाएं। इसके अलावा अंदर लगी पाइप को निकाल दें।
- अब थर्माकोल को छोटे-छोटे टुकड़े में काटकर बोतल के अंदर के हिस्से पर वॉल स्टैंड जैसा चिपकाएं।
- चिपकाने के बाद इसे कुछ देर सूखने दें। अब क्ले की मदद से छोटी चादर ,उसका थोड़ा सा किनारा नली की तरह बनाकर थर्माकोल के ऊपर रखकर ब्रश की मदद से अच्छे से चिपकाएं।
- इसके बाद छोटे-छोटे पत्थर को डिब्बे के नीचे वाले हिस्से में ग्लू की मदद से चिपका दें।
- अब सफेद पेंट की मदद से पत्थर और डिब्बे को पेंट कर दें।
- पेंट के सूखने के बाद ब्राउन और ब्लैक कलर को मिक्स करके अंदर के हिस्से पर कलर करें।
- अब एक दपती लेकर उसके गोल व चौकोर टुकड़े करके डिब्बे के बाहर चिपका दें।
- इसके बाद ब्राउन पेंट करके उसे सेट होने के लिए दो से तीन घंटे के लिए छोड़ दें।
- एक स्पंज लेकर बाहर के हिस्से पर हल्का-हल्का टैप करें।
- इस प्रोसेस को करने के बाद आप अपने हिसाब से इसे सजा सकती हैं।
- अगर नहीं तो आप छोटे-छोटे प्लास्टिक के फूल और पत्ती को लगाकर पत्थर के ऊपर मिट्टी का छोटा सा बर्तन या घड़ा दें।

इस तरह से आप बिना अधिक पैसा खर्च किए घर पर डिमांडिंग और यूनिक स्मोकी धूप स्टैंड बनाकर तैयार कर सकती हैं।









# वेडिंग के लिए डिजाइनर आउटफिट खरीदने का है मन तो पहले इन बातों पर करें फोकस

**अगर आप अपनी शादी को खास बनाने के लिए डिजाइनर आउटफिट खरीदना चाहती हैं तो किसी भी आउटफिट को सलेक्ट करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए।**

लड़कियां चाहे कितना भी पैसों की बचत करना चाहें, लेकिन जब बात उनकी शादी की होती है तो वह पैसों की बचत को दरकिनार कर हर चीज बेस्ट चाहती हैं। इसमें सबसे पहले नंबर आता है उनके वेडिंग आउटफिट का। शादी के दिन हर किसी की निगाहें दुल्हन पर होती है और ऐसे में वह अपने लुक को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकतीं। यूं तो आपको कई तरह के फैशनेबल वेडिंग लहंगे आदि मिल जाएंगे, लेकिन एक एलीगेंट और ग्रेसफुल लुक पाने के लिए एक डिजाइनर वेडिंग आउटफिट खरीदना अच्छा आईडिया है। यह थोड़ा महंगा हो सकता है, लेकिन इस तरह के डिजाइनर आउटफिट में अलग-अलग कलर का परफेक्ट कॉम्बिनेशन, उसकी आर्टिस्टिक एंब्रायडरी और सुंदर मोटिफ व अन्य डिजाइन वेडिंग आउटफिट के बेहद खास बनाते हैं। हो सकता है कि आपने भी अपनी शादी के लिए एक डिजाइनर लहंगा लेने का मन बनाया हो, लेकिन किसी भी आउटफिट को खरीदने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में

## जरूर करें रिसर्च

जब आप एक डिजाइनर वेडिंग आउटफिट खरीद रही हैं तो पहले कुछ रिसर्च करनी जरूरी है। मसलन, आप अपने वेडिंग डे के दिन किस तरह का लुक चाहती हैं और फिर आप अलग-अलग डिजाइनर के वेडिंग लहंगों पर नजर डालें। इससे आपको यह समझ में आएगा कि कौन से डिजाइनर के आउटफिट आपके बजट में आपकी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। इसके अलावा, आप किसी भी डिजाइनर आउटफिट को सलेक्ट करने से पहले उसे पहनकर जरूर देखें। इससे आपको अपने फाइनल लुक का काफी हद तक अंदाजा हो जाएगा।

## डिजाइनर से ही खरीदें

अगर आप एक डिजाइनर वेडिंग आउटफिट खरीद रही हैं तो कोशिश करें कि आप इसे सीधे डिजाइनर से ही खरीदें। आजकल अलग-अलग ब्रांड और डिजाइनर्स के स्टोर्स अवेलेबल हैं। जहां से आपको सही पीस चुनने में आसानी होगी। लेकिन अगर आप इसे रिसेलर या फिर ऑनलाइन शॉप कर रही हैं तो आपको मैटीरियल की क्वालिटी को चेक करना चाहिए। उदाहरण के तौर पर अगर आप सिल्क आउटफिट खरीद रही हैं तो कुछ आसान टेस्ट के जरिए पहचान सकती हैं कि वह असली है या नकली। आप इसे अपने हाथों से रगड़ें। यदि आप गर्मी महसूस करती हैं तो आप इसे खरीद सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े के साथ गर्मी को महसूस करना लगभग असंभव है।

## अगर खरीदें ऑनलाइन

अगर आप अपने डिजाइनर वेडिंग आउटफिट को किसी कारणवश ऑनलाइन आर्डर कर रह हैं जो इसके बारे में अधिकतम जानकारी प्राप्त कर लें। मसलन, आउटफिट बनाने और इसे आप तक पहुंचाने में लगने वाले समय को पहले ही जान लें। इसके अलावा, जिस ऑनलाइन स्टोर से आप आउटफिट खरीद रहे हैं, उसकी रिटर्न पॉलिसी को चेक करना न भूलें। कभी-कभी, जो आप ऑनलाइन खरीदते हैं, वह अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है। ऐसे में नो रिटर्न पॉलिसी आपके लिए मुश्किले खड़ी कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एलन मस्क को मिलेगा अमेरिका का सबसे बड़ा पे पैकेज!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया का सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को अमेरिका का कॉरपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा पे पैकेज मिलने जा रहा है। टेस्ला के बोर्ड ने मस्क के लिए 56 अरब डॉलर का पे पैकेज देने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए कंपनी के शेयरहोल्डर्स से मंजूरी मांगी गई है। लेकिन प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्म Glass Lewis ने टेस्ला के शेयरहोल्डर्स से इस प्रस्ताव को रिजेक्ट करने की अपील की है। फर्म का कहना है कि मस्क को दिए जाने वाला पैकेज बहुत बड़ा है और इसका कंपनी पर दूरगामी असर होगा। कंपनी के बोर्ड को मस्क का करीबी माना जाता है। इसलिए माना जा रहा है कि इस पैकेज से कंपनी पर मस्क की पकड़ और मजबूत होगी। मस्क के लिए जो पैकेज प्रपोज किया गया गई है, उसमें कोई सैलरी या कैश बोनस नहीं है। इसमें टेस्ला के मार्केट वैल्यू के आधार पर मस्क को रिवॉर्ड्स दिया जाएगा। अभी कंपनी का मार्केट कैप 571.63 अरब डॉलर है। टेस्ला बोर्ड के चेयरमैन रॉबिन डेनहम ने पिछले महीने एक इंटरव्यू में कहा था कि मस्क इस पे पैकेज के हकदार हैं क्योंकि कंपनी ने रेवेन्यू और स्टॉक प्राइस के मोर्चे पर टारगेट हासिल किया है। मस्क 2008 में टेस्ला के सीईओ बने थे। हाल के वर्षों में कंपनी के रिजल्ट में काफी सुधार आया है। 2018 में कंपनी को 2.2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था जबकि पिछले साल उसे 15 अरब डॉलर का प्रॉफिट हुआ। प्रॉक्सी एडवाइजर ने साथ ही शेयरहोल्डर्स से एलन मस्क के भाई किंबल मस्क को फिर से बोर्ड में सेलेक्शन का विरोध करने की अपील की है।दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पेशे से इंजीनियर मस्क कई कंपनियां चलाते हैं। इनमें टेस्ला के अलावा माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स और स्पेसएक्स भी शामिल हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनयेर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ 191 अरब डॉलर है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में बर्नार्ड अरनॉल्ट (211 अरब डॉलर) और जेफ बेजोस (203 अरब डॉलर) के बाद तीसरे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 38.6 अरब डॉलर की गिरावट आई है। टेस्ला दुनिया की 14वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है।

### रेल कंपनी के शेयरों ने बना डाला नया रिकॉर्ड, कंपनी को मिला है मेट्रो का काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों ने नया रिकॉर्ड बना डाला है। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर सोमवार को 6 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 399.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल विकास निगम के शेयर अपने लाइफ टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह उछाल एक बड़ा प्रोजेक्ट मिलने की वजह से आया है। रेल विकास निगम लिमिटेड महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एक प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने एक कंपनी रिलीज में बताया है कि वह महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (नागपुर मेट्रो) के एक प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। इस प्रोजेक्ट में रेल विकास निगम को 6 एलवेटिड मेट्रो स्टेशनों का कंस्ट्रक्शन करना है। इन स्टेशनों में कैन्टान्मेंट, कैम्पटी पुलिस स्टेशन, कैम्पटी म्यूनिसिपल काउंसिल, ड्रैगन पैलेस, गोल्फ क्लब और कन्हन रिवर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।

# मेक इन इंडिया का कमाल! रूस को विमानों के कलपुर्जे और इंजीनियरिंग सामान एक्सपोर्ट कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल भारत से रूस को एक्सपोर्ट में काफी तेजी देखने को मिली। यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। इस कारण भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं, मशीनरी और मशीन पार्ट्स तथा विमान कुलपुर्जों के निर्यात में काफी तेजी देखने को मिली। लेकिन दवा, चाय, कॉफी और तम्बाकू जैसी पारंपरिक वस्तुओं के निर्यात में स्थिरता या गिरावट रही। कारोबार में लगी संस्थाओं का कहना है कि भारत से आयात करने में जबरदस्त दिलचस्पी देखने को मिली है लेकिन प्रतिबंधों के डर और ट्रांजैक्शंस को पूरा करने में बैंकों की ना-नुकुर ने निर्यातकों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारों का मानना है कि रूस को कुछ सामान यूएई के माध्यम से भेजा जा सकता है, जिसे यूक्रेन और रूस में तनाव से काफी फायदा हुआ है।

यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने भारत को डिस्काउंट पर कच्चा तेल देना शुरू किया था। इस कारण रूस से बड़े पैमाने पर क्रूड का आयात किया जा रहा है। इससे रूस भारत का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर बन गया है। दोनों देशों के बीच 65.7 अरब डॉलर का ट्रेड होने का अनुमान है। हालांकि इसमें भारत का व्यापार घाटा 57 अरब डॉलर है जो भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार घाटा है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा सबसे ज्यादा है। हालांकि हाल ही में रूसी निर्यातकों को अधिक स्वतंत्र रूप से निवेश करने की अनुमति देने के लिए कदम उठाए गए हैं। रूस में निर्यात के अवसरों का पता लगाने के लिए कई व्यापार मिशन भी बनाए गए हैं, जिनमें से कुछ रुपी बैलेंस का यूज कर सकते हैं।




### एक्सपोर्टर्स की चिंता

लेकिन एक्सपोर्टर्स इस बात से भी चिंतित हैं कि बैंक ट्रांजैक्शन को पूरा करने में ना-नुकुर कर रहे हैं। एक बड़े एक्सपोर्टर ने कहा, अधिकांश भारतीय बैंक संभावित प्रतिबंधों के डर से इस बिजनस में हाथ नहीं डालना चाहते हैं। SberBank जैसी रूसी संस्थाएं अपनी भारतीय ब्रांच के जरिए फंड के तैयार हैं लेकिन घरेलू बैंक इससे बचना चाहते हैं। पिछले दो वर्षों से रूस के साथ सभी तरह का कारोबार बंद करने वाले एक अन्य निर्यातक ने कहा, मेरी सलाह है कि वे सभी निर्यात एक छोटी सहायक कंपनी के माध्यम से करें ताकि कारोबार के अन्य हिस्सों पर किसी तरह का प्रतिबंध न लगे। हालांकि, एक जर्मन खरीदार इस निर्यातक से माल खरीद रहा है और फिर रूस को निर्यात कर रहा है। रूस पर प्रतिबंधों के बाद ऑटो कम्पोनेंट जैसे क्षेत्रों में काफी रुचि देखी गई थी, लेकिन अमेरिकी खरीदारों और ग्लोबल कार कंपनियों के साथ भारतीय कंपनियों के एक्सपोजर के कारण वे इससे दूरी बना रही है। ताजा आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि 2023-24 में रूस को निर्यात 35 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 4.3 अरब डॉलर हो गया, जबकि भारत का कुछ एक्सपोर्ट 3 प्रतिशत गिरा है। 1.2 अरब डॉलर की वृद्धि में से लगभग आधी वृद्धि मशीनों और इलेक्ट्रॉनिक्स सहित मशीन भागों के कारण हुई।

## नवरत्न कंपनी कर रही महारत्न बनने की तैयारी, शेयर खरीदने को मची होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन रिन्युबल एनर्जी डेवलपमेंट लिमिटेड लिमिटेड का इरादा वित्तीय वर्ष 2030 तक महारत्न पीएसयू बनने का है। यह सरकारी दिशानिर्देशों और लागू अनुमोदन के अधीन है। कंपनी द्वारा एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह कहा गया है। बता दें कंपनी को पिछले महीने सरकार द्वारा नवरत्न का दर्जा दिया गया था। शुरुआती कारोबार में इसके शेयर 5 फीसद उछल गए थे। जहां इरेडा के शेयर 1.7 प्रतिशत गिरकर बंद हुए थे, वहीं आज यानी सोमवार सुबह 10 बजे 3.75 फीसद ऊपर 193 रुपये करीब ट्रेड कर रहा थे। पिछले 5 दिन में यह स्टॉक करीब 7 फीसद चढ़ा है। जबकि, पिछले छह महीन में ही इसने अपने निवेशकों को तीन गुना से अधिक फायदा करा चुका है। पिछले एक साल में यह 220 पर्सेंट उछला है।

महारत्न का दर्जा पाने के लिए इरेडा ने कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं ,जिन्हें वह वित्तीय वर्ष 2030 तक हासिल करना चाहती है। कंपनी का इरादा वित्त वर्ष 2030 तक अपने वार्षिक डिस्बर्समेंट को 5 गुना से अधिक बढ़ाकर 1.36 लाख करोड़ करने का है। वित्त वर्ष 2024 के अंत तक इरेडा का डिस्बर्समेंट 25,089 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि है।



वित्त वर्ष 2030 के अंत तक इरेडा का इरादा लगभग 3.5 लाख करोड़ का लोन बुक बनाने का है। यह फाइनेंशियल ईयर 2024 की 59,650 करोड़ के लोन बुक से 6 गुना अधिक है। महारत्न के रूप में क्लासिफायड होने के लिए कंपनी को नवरत्न का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। यह न्यूनतम शेयरधारिता मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए और पिछले तीन वर्षों में उसका औसत वार्षिक कारोबार 25,000 करोड़ से अधिक होना चाहिए।एक महारत्न पीएसयू के रूप में आईआरईडीए के पास अन्य कैटेगरी के पीएसयू की तुलना में स्वायत्तता और अधिकार में वृद्धि होगी। एक महारत्न पीएसयू सरकार की पूर्व अनुमति के बिना किसी परियोजना में अपनी कुल संपत्ति का 15 प्रतिशत निवेश कर सकता है।

इसके अलावा 30 मई को पांच और छह महीने की लॉक-इन अवधि समाप्त होने पर इरेडा के लगभग 147.8 करोड़ शेयर ट्रेडिंग के लिए पात्र हो जाएंगे। शेयरों की संख्या कंपनी की बकाया इक्विटी का 55 प्रतिशत है।

## डिजिटल स्कूल-यूनिवर्सिटी से उज्ज्वल होगा शिक्षा का : पांडे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। इसकी शुरुआत एक यूट्यूब चैनल से हुई थी, जो आज यूनिकॉर्न बन गई है। नीट और जेईई की अच्छी तैयारी कराने के लिए अलख पांडे ने 2020 में फिजिक्स वाला एप लॉन्च किया। 8,000 करोड़ की कंपनी के पास आज 15,000 से ज्यादा कर्मचारी हैं। अलख पांडे ने कहा कि बचपन में मेरे पास इतने संसाधन नहीं थे। कोचिंग के लिए पैसे नहीं थे। मैं 10 साल का था, जब पिताजी को मकान बेचना पड़ा। इस मुश्किल हालातों के बीच मेरी माताजी हमेशा आगे बढ़ने और बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करती थीं। माताजी शिक्षिका हैं। घर बिकने के बाद उन्होंने ट्यूशंस लेने के लिए प्ररित किया। ट्यूशंस के साथ मैं आईआईटी की तैयारी करता था। भले ही मैं आईआईटी नहीं निकाल पाया, लेकिन एक बात समझ में आई कि पढ़ाई में अच्छा होने के बावजूद आपको प्रशिक्षित टीचर, अच्छे स्टडी मटीरियल और बेहतर गाइडेंस की जरूरत पड़ती है। इसने मुझे फिजिक्स वाला शुरू करने के लिए प्रेरित किया। अलख पांडे ने कहा कि 2018-19 तक मेडिकल नीट यूजी परीक्षा के लिए 15 लाख बच्चे पंजीकरण कराते थे। इनमें से सिर्फ वही दो लाख बच्चे तैयारी कर पाते थे, जिनके पिता कोचिंग के लिए डेढ़ से दो लाख रुपये की फीस भर पाते थे। बाकी 13 लाख बच्चे सिर्फ इस प्रयास में फॉर्म भरते थे कि किसी तरह एक राउंड निकल जाए। इन समस्याओं को देखते हुए हमने नीट यूजी के लिए 3,500 रुपये में ऑनलाइन कोर्स लॉन्च किया। इससे अब वे बच्चे भी ऑनलाइन तैयारी कर पा रहे हैं, जो पहले सक्षम नहीं थे। तीन साल में 35,000 बच्चे हमारे इस कोर्स के जरिये सेलेक्ट होकर डॉक्टर बन गए हैं। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। अलख पांडे ने कहा कि 2019 के अंत या 2020 की शुरुआत की बात होगी। कोविड के दौरान एक एडटेक कंपनी के मालिक का फोन आया कि तुम हमारे साथ काम करो। 500 रुपये लेकर हमारे टीशर्ट पहनकर हमारे लिए शूट कर लो। यह काफी अट्रैक्टिव लगा, पर हमने इस पर काम नहीं किया। बाद में उन्होंने मुझे 75 करोड़ में मेरा यूट्यूब चैनल बेचने को कहा और मुझे डायरेक्टर बनने का भी ऑफर दिया। मैंने उनसे आगे की योजना पूछी तो बताया कि हमलोग एक कोर्स लॉन्च करेंगे। कोर्स तीन महीने का होगा, जिसमें प्रति सब्जेक्ट फीस 8,000 रुपये होगी। मेरा सवाल था कि क्या यह सबके लिए अफोर्डेबल होगा उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चों को क्यों पढ़ाना चाहते हो। यह बात मुझे हर्ट कर गई और वह भी इसलिए क्योंकि यही व्यक्ति 2013 में बच्चों का रोल मॉडल हुआ करता था। यही मेरे लिए निर्णायक क्षण था और मैंने तय किया कि मैं सभी बच्चों को पढ़ाकर दिखाऊंगा।






## बोनस शेयर और डिविडेंड देगी कंपनी! शेयरों की मची है लूट, 13 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एम फोरोनिंग लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में आज 13 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह उछाल बोनस शेयर को लेकर आई खबर के बाद देखने को मिली है। कंपनी का इंट्रा-डे हाई 1276.90 रुपये के लेवल पर था। यह कंपनी का 52 वीक हाई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 29 मई को बोनस शेयर और डिविडेंड के भुगतान पर फैसला करेगा। इसी खबर के आने के बाद कंपनी के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है।

# बिल गेट्स ने कहा-काश! सीख लिया होता अपने फ्रेंड वॉरेन बफेट का वह सबक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिल गेट्स को आजतक अपने दोस्त वॉरेन बफेट का वह सबक याद है, जिसे वह उस वक्त सीख नहीं सके। इस बात का गेट्स को अबतक मलाल है। गेट्स का कहना है कि टाइम मैनेजमेंट से संबंधित वह सबक पहले सीख लेते तो उनकी खुशी और उत्पादकता दोनों को बढ़ा सकती थी।बिल गेट्स ने बीते गुरुवार को मेटा के थ्रेड्स ऐप पर पोस्ट किया, मुझे यह समझने में बहुत समय लग गया कि सफल होने के लिए आपको अपने शेड्यूल के हर सेकंड को तय करने की ज़रूरत नहीं है। जब मैं पीछे देखता हूं तो मुझे लगता है यह सबक मैं बहुत पहले ही सीख सकता था, अगर मैंने वॉरेन बफेट के लेंडर पर अधिक नजर डाली होती।

### एक टफ बॉस थे गेट्स

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ के रूप में अपने 25 साल के कार्यकाल के दौरान बिल गेट्स का हर मिनट शेड्यूल होता था। गेट्स ने साल 2000 में सीईओ का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्सेप्ट किया कि वह एक टफ बॉस थे, जो रात के दो बजे भी अपने कर्मचारी को रिक्वेस्ट भेजन में संकोच नहीं करता था।



### सक्सेस का एकमात्र रास्ता

वॉरेन बफेट के साथ चार्ली रोज के साथ 2017 में एक इंटरव्यू में गेट्स ने एक टर्निंग प्वाइंट का खुलासा किया। पहले उनका मानना था कि बहुत कठोर अप्रोच ही सक्सेस का एकमात्र रास्ता है। हालांकि, बफेट के आश्चर्यजनक रूप से हल्के शेड्यूल को देखने के बाद गेट्स ने पुनर्मूल्यांकन करना शुरू कर दिया।

बिल गेट्स ने कह, मुझे याद है कि वॉरेन ने मुझे अपना कैलेंडर दिखाया था। उसके पास (अभी भी) ऐसे दिन हैं , जब उसमें कुछ भी नहीं है। बफेट के हल्के शेड्यूल ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सबक सिखाया। आप अपने समय को नियंत्रित करते हैं। यह आपकी गंभीरता का प्रतीक नहीं है कि आप अपने शेड्यूल में हर मिनट तय करते हैं। बफेट ने उसी साक्षात्कार के दौरान कहा, मैं मूल रूप से जो कुछ भी चाहता हूं उसे खरीद सकता हूं, लेकिन मैं समय नहीं खरीद सकता। बफेट का कहना है, अधिक होशियारी से काम करें, अधिक मेहनत से नहीं।

2014 के स्टैनफोर्ड के रिसर्च में पाया गया कि 50 घंटे के बाद उत्पादकता कम हो जाती है। जबकि, 70 घंटे काम करने वालों को 55 घंटे के समान आउटपुट प्राप्त होता है। वहीं, 2021 के एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि डेली फ्री टाइम के 9.5 घंटे से अधिक अवास्तविक हो सकता है। बिल गेट्स ने स्वयं स्वीकार किया कि इसे हासिल करने में उन्हें कई साल लग गए। जब मैं आपकी उम्र का था, मैं छुट्टियों में विश्वास नहीं करता था। मैं वीकेंड में विश्वास नहीं करता था। मुझे विश्वास नहीं था कि जिन लोगों के साथ मैंने काम किया, उन्हें भी ऐसा करना चाहिए। मैंने यह सबक सीखने के लिए ऐसा किया। उन्होंने आगे कहा,अपने रिश्तों को संवारने, सफलताओं का जश्न मनाने और नुकसान से उबरने के लिए अपना समय लें। जब जरूरत हो तब ब्रेक लें। अपने आस-पास के लोगों को भी जरूरत पड़ने पर सहजता से लें।

## 3 लाख के लोन से बना डाला 1,300 करोड़ रुपये का कारोबारी साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक मिलियनेयर राहुल शर्मा 2018 की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक माइक्रोमैक्स के सीईओ हैं। यह कंपनी देश में कम कीमत वाले फीचर फोन बनाने की माहिर है। राहुल शर्मा दिल्ली में पले-बढ़े हैं। उनका जन्म 14 सितंबर, 1975 को हुआ था। राहुल शर्मा की शादी बॉलीवुड अभिनेत्री असिन थोट्टूमकल से हुई है। असिन को सलमान खान की रेडी और आमिर खान की गजनी जैसी फिल्मों में उनके किरदारों के लिए जाना जाता है।

फोर्ब्स के अनुसार, राहुल शर्मा ने एम्बेडेड टेक्नोलॉजी में अपनी गहरी रुचि के कारण माइक्रोमैक्स की स्थापना की, जो उनकी युवावस्था में ही शुरू हो गई थी। 2000 में राहुल शर्मा ने अपने दोस्तों राजेश अग्रवाल, विकास जैन और सुमीत अरोड़ा के साथ मिलकर माइक्रोमैक्स इंफॉर्मेटिक्स की नींव रखी थी। शुरुआत में कंपनी ने समय के साथ विस्तार करने से पहले लो-एंड टेक्नोलॉजी प्रोडक्टों पर फोकस किया। सबसे पहले कंपनी ने एक ऐसा मोबाइल फोन बनाया जिसकी बैटरी एक बार चार्ज करने पर एक महीने तक चलती थी।

इसके बाद राहुल ने अपना फोकस डुअल सिम वाले फोन पर किया। माइक्रोमैक्स देश में सिंगल बेसबैंड डुअल सिम फोन लॉन्च करने वाली अग्रणी कंपनी बन गई। हॉलीवुड के जाने-माने एक्टर ह्यूग जैकमैन ने भी माइक्रोमैक्स के ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम किया। इतना ही नहीं, 2018 में राहुल शर्मा ने रिवोल्ट इंटेलीकॉर्प नाम से अपना नया व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने 400 को भी लॉन्च किया। यह भारत की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित इलेक्ट्रिक बाइक है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राहुल शर्मा ने पिता से 3 लाख रुपये का लोन लेकर अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू की थी। राहुल की कुल संपत्ति लगभग 1300 करोड़ रुपये है। उन्होंने राष्ट्रसंत तुकादोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री और कनाडा के सस्केचेवान यूनिवर्सिटी से कॉमर्स से ग्रेजुएशन किया है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कंपनी ने मार्च 2022 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए 500 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व जनरेट किया। राहुल को 2010 में फोर्ब्स पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड और 2013 में बिजनेस में उत्कृष्टता के लिए जीक्यू मैन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें फॉर्च्यून की 40 अंडर 40 सूची और फॉर्च्यून पत्रिका की ओर से प्रकाशित 2014 ग्लोबल पावर लिस्ट में शामिल किया गया।





### राहुल की कैसे हुई असनि से मुलाकात

जनवरी 2016 में राहुल शर्मा ने बॉलीवुड अभिनेत्री असिन से शादी की। कपल को एक बच्चा भी हुआ। असिन को पहली बार 2012 में अक्षय कुमार ने राहुल शर्मा से मिलवाया था। जब असिन को पता चला कि वह जिस व्यक्ति से मिली थीं, वह वास्तव में माइक्रोमैक्स के संस्थापक थे तो वह उनके व्यवहार से बहुत प्रभावित हुईं। उन्होंने एक-दूसरे के साथ फोन नंबर शेयर किए। पहली मुलाकात के बाद राहुल शर्मा ने असिन से अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए कहा ताकि वह उन्हें बता सकें कि उन्हें अपना जीवनसाथी मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, माइक्रोमैक्स के संस्थापक महरौली में रहते हैं। 2017 में फोर्ब्स ने उनकी संपत्ति 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी थी। राहुल शर्मा के पास मर्सिडीज और बेंटले सुपरस्पोर्ट लिमिटेड एडिशन हैं। उनकी सबसे पसंदीदा कार रोल्स रॉयस घोस्ट सीरीज 2 है। राहुल शर्मा ने असिन को 6 करोड़ रुपये की सगाई की अंगूठी भेंट की थी।

## केरल के आर्थिक संकट से निपटने के लिए केंद्र ने दिए 21,253 करोड़, केंद्रीय मंत्री ने सीएम से की अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। अब केंद्र सरकार, केरल की मदद के लिए आगे आई है। केंद्र सरकार ने आर्थिक संकट से गुजर रहे केरल के लिए 21,253 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी।

### केंद्र ने दी 21 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी

केंद्रीय मंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार केरल को आर्थिक संकट से निकालने के लिए आगे आई है और दिसंबर 2024 तक केरल को 21,253 करोड़ रुपये उधार देने की मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब केरल गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आर्थिक संकट के चलते केरल सरकार कर्मचारियों की सैलरी नहीं दे पा रही है और पूर्व कर्मचारियों को पेंशन भी नहीं मिल पा रही है।

अपने पोस्ट में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सीएम पी विजयन से अपील करते हुए लिखा कि मैं सीएम से अपील करता हूं कि इस फंड का इस्तेमाल सही तरीके से और बिना किसी भ्रष्टाचार के लोगों की भलाई के लिए किया जाए। केरल सरकार इस फंड से राज्य सरकार के कर्मचारियों खासकर केएसआरटीसी के कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन दें क्योंकि ये लोग बीते कई महीनों से परेशान हैं। पोस्ट में साथ ही लिखा गया कि तटीय सुरक्षा और मिनी हार्बर प्रोजेक्ट पर ध्यान दिया जाए। तटीय सुरक्षा के लिए सीपीओ की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें पूरा किया जाए।

हाल ही में केरल के वित्त मंत्री केएन बालागोपाल ने इस बात पर चिंता जताई थी कि केंद्र सरकार दक्षिणी राज्यों के फंड में कटौती कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले फंड में 11 गुना की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इस दौरान केरल को मिलने वाला टैक्स सिर्फ 8.8 गुना ही है, जिसका मतलब ये है कि इसमें भारी कटौती हुई है। यही वजह है कि केरल, पंजाब, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल इस मुद्दे को उठा रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा फंड की कमी की वजह से ही सामाजिक योजनाओं के लिए खर्च करने में दिक्कत हो रही है। केंद्र सरकार की तरफ से फंड जारी करने में देरी हो रही है।

केंद्र सरकार ने शहरी राहत कार्यक्रम के तहत केरल को राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम के लिए 200 करोड़ रुपये की पेशकश आवंटित किए हैं। ये रकम तिरुवनंतपुरम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दी गई है। दरअसल तिरुवनंतपुरम में बीते दिनों प्री-मानसून बारिश के दौरान जलभराव हुआ था। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि केरल सरकार में जल्द ही इसके लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास जमा करना चाहिए। प्रस्ताव देने की अंतिम तारीख मई तक ही है।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# गलत डॉक्टरों से इलाज, इमरजेंसी एग्जिट भी नहीं; मासूमों को निगलने वाले अस्पताल को लेकर कई खुलासे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के बेबी केयर अस्पताल अग्निकांड से हर कोई सदमे में है। इस हादसे में 7 नवजात मासूमों ने अपनी जान गंवा दी जबकि पांच का इलाज चल रहा है। यह आग इतनी भीषण थी कि पूरा अस्पताल खंडहर में तब्दील हो गया। बेबी केयर अस्पताल का मालिक गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर बच्चों की जान जोखिम में डालने का आरोप लगा है। वहीं अब इस मामले से जुड़े कई बड़े खुलासे हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि अस्पताल में लगातार कई लापरवाही बरती जा रही थी और बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था।

अस्पताल का लाइसेंस खत्म हो चुका था लेकिन इसके बावजूद अस्पताल चल रहा था। इसके अलावा जो एक्सपायर लाइसेंस था उसमें भी अस्पताल को केवल 5 बेड की ही इजाजत मिली हुई थी लेकिन वहां 25-30 बच्चों का इलाज किया जाता था। जानकारी के मुताबिक मौके से 32 ऑक्सीजन सिलेंडर बरामद हुए हैं जबकि यहां 5 बेड के हिसाब से ही ऑक्सीजन सिलेंडर होने चाहिए थें। इसके अलावा अस्पताल में ना तो इमरजेंसी एग्जिट था और ना ही आग बुझाने का कोई इंतजाम। इसके अलावा इस अस्पताल को फायर सर्विस की तरफ से एनओसी भी नहीं दिया गया था। सबसे परेशान करने वाली बात यह है



कि बच्चों का इलाज ऐसे डॉक्टर कर रहे थे जो इसके लिए क्वालिफाई भी नहीं थे। इन डॉक्टरों के पास बैचलर ऑफ आयुर्वेदि मेडिसिन एंड सर्जरी थी। यानी इनमें से कोई भी बच्चों का डॉक्टर नहीं था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के पास फायर क्लीयरेंस नहीं था। डीएफएस के एक अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, इमारत के पास कोई फायर एनओसी नहीं है। बाकी हम सोमवार को एनओसी से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया है, जो शनिवार देर रात आग लगने की घटना के बाद से फरार था। दिल्ली सरकार ने अग्निकांड की मजिस्ट्रेटी जांच के भी आदेश दिए हैं। घटना के बाद, शाहदरा की जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) रितिशा गुप्ता असपताल गई तो वहां अपने बच्चों को खो चुके परिवारों ने खूब गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने हमें इंसाफ चाहिए के नारे लगाए। अपने 10 दिन के बच्चे को खोने वाले रितिक ने कहा, यहां आने वाला हर अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। उनके पास कोई जवाब नहीं है कि क्या अस्पताल वैध था, क्या अस्पताल के पास अग्निशमन विभाग से कोई एनओसी थी। एक निवासी मुकेश बंसल ने दावा किया कि इमारत में अवैध ऑक्सीजन रिफिलिंग सिलेंडर का काम किया जा रहा था। बंसल ने कहा, हमने स्थानीय पार्षद से भी इसकी शिकायत की थी। लेकिन कुछ नहीं किया गया। यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा था।बंसल ने यह भी कहा कि वह अस्पताल के बगल में रहते थे लेकिन सिलेंडर रिफिलिंग के अवैध काम के कारण वह अगली गली में चले गए। पुलिस ने कहा कि वे दावे की जांच कर रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट (शाहदरा) द्वारा दिल्ली मंडल आयुक्त को सौंपी गई एक रिपोर्ट के अनुसार, घटना के समय अस्पताल में 12 बच्चे भर्ती थे। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 को आसपास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां छह को मृत घोषित कर दिया गया।

## दिल्ली के बच्चों के अस्पताल में आग पर ऐक्शन में आप सरकार, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुलाई हाईलेवल मीट

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित बच्चों के निजी अस्पताल में आग लगने की घटना पर दिल्ली सरकार ऐक्शन में आ गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल में आग के बारे में चर्चा के लिए आज एक हाईलेवल बैठक बुलाई है। बैठक में बढ़ती गर्मी को लेकर भी चर्चा होगी। दरअसल, रविवार को बताया कि विवेक विहार के न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में शनिवार रात आग लगने से 7 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और 5 अन्य घायल हो गए थे।

अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह बैठक दिल्ली सचिवालय में होगी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में भीषण गर्मी के हालात पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बेबी केयर अस्पताल के लाइसेंस की अवधि समाप्त हो जाने और अग्निशमन विभाग से मंजूरी नहीं मिलने के बाद अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### किसी की बलि दो, कान में आती थी आवाज; पहले मुर्गे और फिर 4 साल के बेटे का काट दिया गला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पुलिस ने दिमागी रूप से अस्वस्थ एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर अपने 4 साल के बेटे की गला काटकर उसकी बलि दे दी। उन्होंने बताया कि कमलेश के परिजनों ने जानकारी दी कि शनिवार को कमलेश अचानक पागलों की तरह हरकत करने लगा। वह परिवार के सदस्यों से कहने लगा कि उसके कानों में अजीब सी आवाज सुनाई दे रही है और उसे किसी की बलि चढ़ाने के लिए कहा जा रहा है। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुआडीह गांव में आरोपी कमलेश नगेशिया (26) की बातों पर उसके परिजनों ने ध्यान नहीं दिया। शनिवार-रविवार रात रात में भोजन के बाद सभी सोने चले गए और कमलेश की पत्नी भी अपने दो बेटों को लेकर अपने कमरे में सोने चली गई। उन्होंने बताया कि रात में कमलेश अचानक उठा और उसने घर के आंगन में एक मुर्गे का गला रेत दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में वह अपने बड़े बेटे अविनाश को उठाकर आंगन में ले आया और गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। जब पत्नी जागी तो उसने बच्चे को नहीं देखा। वह बाहर निकली और पति कमलेश से बेटे के बारे में पूछा। तब कमलेश ने उसे बताया कि उसने बलि चढ़ाने के लिए उसका गला काट दिया है। महिला ने पड़ोस में रहने वाले परिवार के अन्य सदस्यों और गांववालों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बाद में पुलिस को सूचना दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया, आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। उसने अपनी पत्नी और परिवार के अन्य लोगों को बताया था कि उसे एक आवाज सुनाई देती है, जिसमें उसे बलि चढ़ाने को कहा जाता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले उसने अपनी मां की हत्या की भी कोशिश की थी, लेकिन तब परिजनों ने रोक लिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने कमलेश को पकड़ लिया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार कमलेश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अरविंद केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट में नई अर्जी, अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की गुहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग की है। केजरीवाल ने अपनी नई याचिका में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर कुछ दिन का और वक्त मांगा है। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को बताया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई है। आप ने कहा कि केजरीवाल को पीईटी-सीटी स्कैन और अन्य टेस्ट कराने हैं, इसलिए जांच कराने के लिए उन्होंने 7 दिन का और समय मांगा है। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री का 7 किलो वजन घट गया था। उनका कीटोन लेवल बहुत हाई है। उनमें किसी गंभीर बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की है। डॉक्टरों ने केजरीवाल की जांच के बाद उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन और कई टेस्ट करवाने की जरूरत बताई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दिपांकर दत्ता की बेंच ने बीती 10 मई को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 2 जून को फिर से तिहाड़ जेल में सरेंडर करने का आदेश दिया था। अंतरिम जमानत देते हुए कोर्ट ने केजरीवाल को मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर पाबंदी समेत कई अन्य शर्तें लगाई थीं। बेंच ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के बीच मुख्यमंत्री केजरीवाल को राहत देते कहा था अंतरिम जमानत देने की शक्ति का प्रयोग आमतौर पर कई मामलों में किया जाता है। यह मामला अपवाद नहीं है। ईडी द्वारा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) में कथित घोटाला मामले के सिलसिले में 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया था।



## केजरीवाल को क्यों पीईटी-सीटी स्कैन की दी गई सलाह, आप बोली- यह कैंसर का भी लक्षण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके अपनी अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की गुजारिश की है। अरविंद केजरीवाल ने देश की सबसे बड़ी अदालत से कहा है कि उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन समेत कुछ टेस्ट करवाने हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि जो लक्षण केजरीवाल में पाए गए हैं वह किडनी की गंभीर समस्या या कैंसर की ओर भी संकेत हो सकते हैं। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिनों की अंतरिम राहत दी थी और 2 जून को सरेंडर करके दोबारा जेल जाने को कहा है।

सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वजन 7 किलो घट गया है। इसके अलावा उनका कीटोन लेवल बहुत ऊंचा है। बताया जा रहा है कि मैक्स के डॉक्टरों ने केजरीवाल की जांच की है और जो बातें अब तक सामने आई हैं वो किसी गंभीर बीमारी के भी लक्षण हो सकते हैं। आशंका दूर करने के लिए डॉक्टरों ने उन्हें पीईटी-सीटी स्कैन और कई टेस्ट करवाने की सलाह दी है।

## सावधान! वजन घटाने वाली दवाओं से हो सकता है पेट के लकवे का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की एक बड़ी अबादी बढ़ते वजन से परेशान है। हर कोई तेजी से पतला होने के शार्टकट्स खोजने में लगा हुआ है। ऐसे में सबसे पहला तरीका जो दिमाग मे आता है, वह है मोटापे से निजात दिलाने वाली दवाओं का सेवन। लेकिन इसके बहुत गंभीर साइड इफैक्ट्स भी हो सकते हैं। हाल ही में अमेरिका में हुए एक अध्यन में इस बात की पुष्टि हुई है। अध्यन में बताया गया है कि तेजी से मोटापा घटाने में इस्तेमाल होने वाली वेगोवी और ओजेम्पिक जैसी दवाओं के लगातार सेवन के गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसमें पेट के लकवे जैसे रोग शामिल हैं।

दरअसल, पेट के लकवा मारने पर वजन से तेजी से कमी आने लगती है। इसके साथ ही कुपोषण और अन्य जटिल रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। कई बार तो इसके इलाज के लिए सर्जरी तक का सहारा लेना पड़ सकता है। हालांकि अध्यन में यह भी साफ किया गया है कि इन साइड इफैक्ट्स के होने की संभावना बहुत कम है।

## गुरुग्राम-नजफगढ़ रोड बनेगा 6 लेन, सड़क चौड़ीकरण के लिए जल्द होगा जमीन का अधिग्रहण

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम-नजफगढ़ रोड जल्द ही छह लेन का बनने जा रहा है। दिल्ली हिस्से में नजफगढ़ रोड को छह लेन का बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण पर करीब 53 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। इसको लेकर करीब 25 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया को शुरू करने के आदेश दक्षिण-पश्चिम के जिलाधीश को जारी किए हैं।

गुरुग्राम-नजफगढ़ रोड को ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे बोला जाता है। ये रोड सेक्टर 99ए से शुरू होता है, जो सेक्टर 108-109 की मुख्य सड़क तक जाती है। इसके बाद 1357 मीटर रोड गांव राघोपुर (दिल्ली) हिस्से में है। रोड के इस हिस्से के खत्म होने के पश्चात सेक्टर 114-115 को विभाजित कर रही मुख्य रोड शुरू हो जाती है। इस रोड और दिल्ली बॉर्डर के बीच 381 मीटर लंबी रोड दिल्ली हिस्से में है। गुरुग्राम हिस्से



में सड़क की चौड़ाई 75 मीटर में है, जबकि दिल्ली हिस्से में करीब 20 मीटर है। ऐसे में सुबह और शाम के समय दिल्ली हिस्से में यातायात जाम की समस्या बन जाती है।

गत 15 मई को दिल्ली सरकार के शहरी विभाग के विशेष सचिव केएस मीणा की तरफ से जारी दिशा-निर्देश के मुताबिक इस रोड की चौड़ाई बढ़ाने की योजना को लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। इसमें दिल्ली सरकार के सभी विभागों के अलावा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में डीडीए के निदेशक ने कहा था कि द्वारका एक्सप्रेस वे के शुरू होने से इस रोड पर यातायात कम रहेगा। निजी जमीन के साथ-साथ दिल्ली हिस्से में सड़क निकल रही है। ऐसे में जमीन अधिग्रहण की जरूरत होगी। शहरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निदेशक की इस बात पर कहा था कि यातायात दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, ऐसे में इस सड़क की चौड़ाई को बढ़ाना जरूरी हो गया है। इसको लेकर इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है।

बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए खर्च होने वाली राशि में हरियाणा सरकार की हिस्सेदारी रहेगी। अभी यह तय नहीं हो सका है कि हरियाणा सरकार को कितनी प्रतिशत राशि देनी होगी।

## पाकिस्तान ने चीनी इंजीनियरों की हत्या में शामिल 11 आतंकियों को किया गिरफ्तार, पांच विदेशी समेत छह लोगों की हुई थी मौत

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में पांच चीनी इंजीनियरों की हत्या में शामिल तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 11 आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आतंकियों ने मार्च में आत्मघाती बम विस्फोट में पांच चीनी इंजीनियर समेत छह लोगों को उड़ा दिया था। पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी प्रमुख राय ताहिर व गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग स्थानीय तालिबान से संबंधित हैं, जिन्हें टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है। टीटीपी का लक्ष्य वर्तमान पाकिस्तान सरकार को अस्थिर करना है। इसके लिए वह आतंकी हमला करते है।

पकड़े गए आतंकियों के पास से मोबाइल बरामद हुआ है, जिससे पता चला है कि हमले का संदेश आतंकियों को टीटीपी लीडर से मिला था। हमले की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। गृह मंत्री ने कहा है कि हमले में शामिल अन्य तीन मुख्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कानूनी सहायता ली जाएगी।



**विस्फोटकों से भरे वाहन के बस से टकराने से छह लोग मारे गए:** दरअसल, मार्च में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में विस्फोटकों से भरे वाहन के बस से टकराने से छह लोग मारे गए थे, जिसमें पांच नागरिक चीन के थे। सभी 2021 से चीन समर्थित जलविद्युत परियोजना पर बतौर इंजीनियर काम कर रहे थे।

## शहबाज सरकार की सेना-आईएसआई के दखल को रोकने की तैयारी!



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बारे में कहा जाता है कि वहां सेना और सत्ता एक सिक्के के दो पहलू हैं। यही वजह है कि सेना में सत्ता और सत्ता में सेना की झलक दिख ही जाती है। हालांकि, अब शहबाज सरकार सेना और आईएसआई के दखल को रोकने की तैयारी में लग गई है। यहां के प्रधानमंत्री के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्ला ने एक तंत्र बनाने का आह्वान किया है ताकि संस्थान एक दूसरे के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी नहीं कर पाएं। दरअसल, उनका यह बयान न्यायाधीशों द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद आया है, जिसमें न्यायिक कार्यों में खुफिया एजेंसियों द्वारा कथित हस्तक्षेप की बात कही गई थी। सनाउल्ला ने एक मीडिया चैनल के शो में कहा, न्यायाधीशों द्वारा एक पत्र लिखना एक तंत्र के विकास के लिए पर्याप्त है ताकि संस्थाएं एक-दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप न करें। रिपोर्ट के अनुसार, राणा ने यह टिप्पणी इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के उस पत्र के संदर्भ में की जो मार्च में सामने आया था, जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के हस्तक्षेप का आरोप लगाया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कियानी, न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी, न्यायमूर्ति बाबर सत्तार, न्यायमूर्ति सरदार इजाज इशाक खान, न्यायमूर्ति अरबाब मुहम्मद ताहिर और न्यायमूर्ति समन फफत इम्तियाज ने 26 मार्च को सर्वोच्च न्यायिक परिषद को पत्र भेजा था। जिसमें न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप पर एक न्यायिक सम्मेलन बुलाने का आग्रह किया था। पत्र का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बैठक के दौरान कहा था कि मामलों में कार्यपालिका द्वारा हस्तक्षेप और न्यायाधीशों के न्यायिक कामकाज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक जांच आयोग बनाने पर सहमत हुए थे।

## अमेरिका के कई राज्यों में आया भयंकर तूफान, दो बच्चों समेत 18 की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन



सदस्य शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे।

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका:** अधिकारियों ने बताया कि ओकलाहोमा सीमा के पास टेक्सास के कुक काउंटी में शनिवार रात आए तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में मोबाइल होम पार्क के पास तबाही मचाई। यहां सिर्फ मलबा बचा है। शेरिफ ने आगे कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि रविवार सुबह लापता हुए कुछ लोगों की तलाश एवं बचाव अभियान जारी है।

**घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट:** रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को कहा कि शनिवार को आए तूफान में करीब 100 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट हो गईं। इसके अलावा 100 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। वैली व्यू में भी तूफान का कहर देखने को मिला। घरों और व्यवसायों का मलबा देखने को मिला। इतना ही नहीं भयंकर तूफान ने पेड़ों और बिजली लाइनों को भी तबाह कर दिया। बता दें, वैली व्यू कार द्वारा डलास से लगभग एक घंटे उत्तर में है। अधिकारियों ने बताया कि डेंटन काउंटी में कई लोगों को एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया है। टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अरकंसास, टेनेसी और केंटुकी तक 4,70,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं। तूफान ने ओकलाहोमा में दो लोगों की जान ले ली और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## उत्तर कोरिया एक बार फिर करेगा जासूसी सैन्य उपग्रह लॉन्च करने की कोशिश, जापान को किया अलर्ट

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अगले हफ्ते एक उपग्रह लॉन्च करने वाला है। जापान के तटरक्षक ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन जून को किसी भी समय उपग्रह लॉन्च करने की अपनी योजना के बारे में टोक्यो को जानकारी दी है। बता दें, अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह सैन्य जासूसी उपग्रह हो सकता है। कक्षा में दूसरे जासूसी सैटेलाइट को भेजने का उसका यह प्रयास है।

तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से करेगा लॉन्च

दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया ऐसी गतिविधियों में शामिल हो रहा है जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह उत्तर पश्चिम में अपने मुख्य तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है।

पिछ्ले साल भी किया था लॉन्च

उत्तर कोरिया ने अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष-आधारित निगरानी नेटवर्क बनाने के अपने प्रयासों के तहत पिछ्ले नवंबर में अपना पहला सैन्य टोही उपग्रह कक्षा में भेजा था।

संयुक्त राष्ट्र ने लगाया प्रतिबंध

### संक्षिप्त समाचार

## आईपीएल के रियल हीरो के लिए बीसीसीआई ने किया इनाम का ऐलान

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को आईपीएल 2024 के 13 वेन्यू के सभी ग्राउंड स्टाफ और पिच क्यूरेटर के लिए इनाम का ऐलान किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीत लिया है। चेपॉक स्टेडियम से शाहरुख खान, गौतम गंभीर, रिंकू सिंह से लेकर कप्तान श्रेयस अय्यर तक के जश्न मनाने के अतरंगी तरीके और तस्वीरें यकीनन आपका दिल जीत लेंगी। वहीं, इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी




कुछ ऐसा ऐलान किया है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। दरअसल, बीसीसीआई ने ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स के लिए लाखों रुपए के इनाम का ऐलान किया है। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए ग्राउंड स्टाफ और क्यूरेटर्स के लिए यह ऐलान किया। जय शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल आईपीएल 2024 सीजन के पीछे अनसंग हीरोज ग्राउंड स्टाफ का अहम योगदान है। इन्होंने खराब मौसम की स्थिति में भी अच्छी पिच तैयार करके दी। 10 नियमित आईपीएल मैदानों के ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 3 एक्स्ट्रा मैदानों के स्टाफ को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद! इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू वेन्यू जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया था। दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापट्टनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में कुछ मैच खेला जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना।

## हम पूरे सीजन अजेय टीम की तरह खेले : श्रेयस

**चेन्नई, एजेंसी।** एक दशक के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए कोलकाता ने आईपीएल 2024 की ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पूरे सीजन में कोलकाता एक चैंपियन की तरह खेली। फाइनल मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, मेरे लिए अभी अपने एहसास और भावनाओं को बता पाना काफी मुश्किल है। खुश होने के लिए हमारे पास अभी काफी कुछ है। हमने खिलाड़ियों से जैसी उम्मीद की, उन्होंने वैसा ही प्रदर्शन किया। इंतजार बहुत लंबा था। हम पूरे सीजन में चैंपियन की तरह खेले। आंद्रे रसेल (19 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52) के शानदार अर्धशतक से कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में रविवार को 8 विकेट से रौंद कर 57 गेंद शेष रहते तीसरी बार आईपीएल खिताब जीत लिया। कोलकाता ने हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर समेटने के बाद 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। केकेआर का 2024 का अभियान आईपीएल इतिहास में सबसे प्रभावशाली अभियानों में से एक था, जिसने एक सीजन में सबसे कम हार के रिकॉर्ड की बराबरी की। 2008 में शेन वार्न की राजस्थान रॉयल्स केवल तीन हारी थी। श्रेयस अय्यर ने कहा, हम भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। यह दबाव वाला मैच था। मिचेल स्टार्क और आंद्रे रसेल ने शानदार प्रदर्शन किया, युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। श्रेयस ने आंद्रे रसेल के बारे में कहा कि रसल के पास जादुई छड़ी है। ज्यादातर मैचों में उन्होंने हमें विकेट दिलाए हैं। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने हमारे लिए जीत आसान कर दी।




### डायमंड लीग

## शकारी 100 मीटर में चैंपियन, चेबेट का 10 हजार मीटर में विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं की फर्राटा दौड़ में रिचर्ड्सन शुरुआती 30 मीटर में पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उन्होंने रफ्तार पकड़ी। सेंट लूसिया की जूलियन एल्फ्रेड (10.93) दूसरे और ब्रिटेन की डिना एशर स्मिथ तीसरे स्थान पर रहीं। गत विश्व चैंपियन अमेरिका की शकारी रिचडर्सन ने डायमंड लीग प्रीफोंटाइन क्लासिक में महिलाओं की 100 मीटर की रेस 10.83 सेकेंड के साथ जीत ली। पुरुषों में अमेरिका के क्रिस्टियन कोलमैन ने 9.95 सेकेंड में सत्र के श्रेष्ठ समय के साथ 100 मीटर की रेस जीती, जबकि केन्या की बिटराइस चेबेट ने 10 हजार मीटर में 28 मिनट 54.14 सेकेंड के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। महिलाओं की फर्राटा दौड़ में रिचर्ड्सन शुरुआती 30 मीटर में पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उन्होंने रफ्तार पकड़ी। सेंट लूसिया की जूलियन एल्फ्रेड (10.93) दूसरे और ब्रिटेन की डिना एशर स्मिथ तीसरे स्थान पर रहीं। शकारी को अगले महीने पेरिस ओलंपिक के लिए अमेरिकी टीम के ट्रायल में हिस्सा लेना है। टोक्यो ओलंपिक में वह ट्रायल में पहले स्थान पर रहने के बावजूद मारिजुआना के कारण डोप टेस्ट में विफल हो गई थीं।



## दीपा करमाकर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं

**ताशकंद (उज्बेकिस्तान), एजेंसी।** शीर्ष जिमनास्ट दीपा करमाकर ने रविवार को यहां ताशकंद में एशियाई महिला कलात्मक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बन गईं। व्यक्तिगत वॉल्ट के फाइनल में करमाकर 13.566 के औसत स्कोर के साथ आठ जिमनास्टों के बीच शीर्ष पर रहीं। अपने दोनों प्रयासों में, 30 वर्षीय को 13.566 के समान स्कोर प्राप्त हुए। उत्तर कोरियाई किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले करमाकर ने 2015 में हिरोशिमा में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। 2016 में रियो ओलंपिक में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद वह देश में एक घरेलू नाम बन गईं। करमाकर ने 2014 में ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक भी जीता। प्रतिबंधित पदार्थ के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद 21 महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद करमाकर पिछले साल एक्शन में लौटीं।

### फ्रेंच ओपन

## चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका दूसरे दौर में, लुसिया को हराया

**पेरिस, एजेंसी।** ओसाका ने महिला सिंगल्स वर्ग में पहले दौर का मैच 6-1, 4-6, 7-5 से अपने नाम कर लिया। यह उनकी फ्रेंच ओपन में तीन साल में पहली जीत है। इस साल 15 महीने के मातृत्व अवकाश से लौटी ओसाका जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में हार गई थीं।



चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने इटली की लुसिया ब्रोनजेटी को तीन सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई। ओसाका ने महिला सिंगल्स वर्ग में पहले दौर का मैच 6-1, 4-6, 7-5 से अपने नाम कर लिया। यह उनकी फ्रेंच ओपन में तीन साल में पहली जीत है। इस साल 15 महीने के मातृत्व अवकाश से लौटी ओसाका जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर में हार गई थीं। 26 साल ही ओसाका ने पहला सेटा एकतरफा अंदाज में 28 मिनट में ही जीत लिया था लकिन दूसरे सेट में वह 4-6 से हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में 7-5 से जीत दर्ज करते दूसरे दौर में पहुंच गईं। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में सोफिया केनिन और गार्सिया ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन 2021 चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा को हालांकि विक्टोरिया गोलुबिक ने 7-6, 6-4 से हराया। यहां खिताब जीतने के बाद 24वीं वरीय बारबरा को लगातार तीन बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है।

### वावरिंका ने मरे को हराया

ब्रिटेन के एंडी मरे को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा और उन्हें स्टान वावरिंका ने लगातार सेटों में 6-4, 6-4, 6-2 से मात दी। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़े थे। फ्रेंच ओपन में 1980 से वावरिंका सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यहां 39 बरस या इससे अधिक उम्र में जीत दर्ज की है। मरे 37 साल के हैं और वर्ष 2000 से दो खिलाड़ियों की मिलाकर उम्र के मामले में यह मुकाबला दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों का मुकाबला रहा। वहीं, पुरुष सिंगल्स वर्ग के अन्य मुकाबलों में रूस के छठे वरीय आंद्रे रुबलेव ने जापान के टारो डेनियल को पहले दौर में 6-2, 6-7(3), 6-3, 7-5 से हराकर अगले दौर में पहुंच बनाई। इटली के लोरेंजो सोनेगो पहले दौर में हंबर्ट को 6-4, 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे में पहुंचे। वहीं तीसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने भी अमेरिका के जेजे वोल्फ को 6-1, 6-2, 6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# सुनील नारायण ने रचा दिया इतिहास

**चैन्नई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को तीसरी बार विजेता बनाने में सुनील नारायण ने गेंद और बल्ले दोनों से अहम भूमिका निभाई। पिछले कुछ सीजन में नारायण उस फॉर्म में नहीं दिखाई दिए थे, लेकिन आईपीएल 2024 में एकबार फिर से मैदान पर उनका वही पुराना फॉर्म देखने को मिला।




सुनील नारायण ने आईपीएल के 17वें सीजन में जहां केकेआर टीम के लिए बल्ले से पारी की शुरुआत करने की जिम्मेदारी निभाई तो वहीं उन्होंने गेंद से भी कमाल दिखाया। नारायण इस सीजन अपने आईपीएल करियर का पहला शतक भी लगाने में कामयाब रहे। सुनील नारायण को फाइनल मुकाबले के बाद इस सीजन का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड भी दिया गया जिसे जीतने के साथ उन्होंने एक खास रिकॉर्ड़ भी बना दिया।

### नारायण ने तीसरी बार जीता ये खिताब

आईपीएल के इतिहास में सुनील नारायण पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब तीसरी बार अपने नाम किया है। नारायण के बल्ले से इस सीजन जहां 488 रन देखने को मिले तो वहीं वह 17 विकेट भी अपने नाम करने में कामयाब रहे। आईपीएल में जब केकेआर की टीम ने पहली बार साल 2012 में खिताब को जीता था तो वह नारायण का डेब्यू आईपीएल सीजन था और उन्होंने उसमें 24 विकेट हासिल किए थे और इस खिताब को पहली बार अपने नाम किया था। इसके बाद साल 2018 में खेले गए आईपीएल सीजन में सुनील नारायण ने गेंद से जहां 17 विकेट हासिल किए तो वहीं बल्ले से भी वह 357 रन बनाने में कामयाब रहे थे और दूसरी बार ममोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड जीता था।

**फाइनल मुकाबले में बल्ले से नहीं दिखा पाए कमाल-** सुनील नारायण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2024 के फाइनल मुकाबले में बल्ले से कोई खास कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो सके और सिर्फ 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वहीं इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में सुनील नारायण 9वें स्थान पर रहे। नारायण के बल्ले से इस सीजन कुल 33 छक्के और 50 चौके भी देखने को मिले, जिसके बाद उन्होंने आईपीएल के 17वें सीजन में कुल 83 बाउंड्री भी लगाई।

# दस साल बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीता तीसरा खिताब

### आईपीएल फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद की शर्मनाक हार




**चेन्नई।** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने धमाल मचा दिया है. उसने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला अपने नाम कर तीसरा खिताब जीत लिया है. यह मैच रविवार (26 मई) को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया, जो एकतरफा रहा.

फाइनल में पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम को केकेआर के हाथों 8 विकेट से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी. इस मैच में हैदराबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रनों का आसान टारगेट दिया था. इसके जवाब में केकेआर टीम ने 2 विकेट गंवाकर 10.3 ओवरों में ही मुकाबला और खिताब अपने नाम कर लिया.

### 2012 और 2014 में भी खिताब जीत चुकी केकेआर

बता दें कि केकेआर ने इससे पहले 2012 और 2014 आईपीएल सीजन के फाइनल में एंट्री की थी और दोनों ही बार गौतम गंभीर की कप्तानी में खिताब जीता था. इसके बाद 2021 सीजन में ओएन मोर्गन की कप्तानी में फाइनल में पहुंचे थे, तब चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों हार मिली थी. यह केकेआर टीम का चौथा फाइनल रहा, जिससे अपने नाम कर कोलकाता ने तीसरा खिताब जीत लिया है. दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद है, जिसने अब तक एक ही बार खिताब जीता है. उसने डेविड वॉर्नर की कप्तानी में 2016 सीजन जीता था, तब फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया था. 2009 में भी हैदराबाद टीम ने खिताब जीता था, लेकिन तब उसका नाम डेक्कन चार्जर्स था और फ्रेंचाइजी के मालिक (गायत्री रेड्डी) भी अलग ही थे.

### हैदराबाद टीम ने फाइनल में बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

मुकाबले में हैदराबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ. टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और वो 18.3 ओवर में 113 रन बनाकर ढेर हो गई. इसके साथ ही हैदराबाद टीम ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. हैदराबाद टीम आईपीएल इतिहास के किसी भी फाइनल मुकाबले में सबसे छोटा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है. उसने चेन्नई सुपर किंग्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. चेन्नई टीम ने इससे पहले 2013 फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 9 विकेट पर 125 रन बनाए थे.

### स्टार्क-हर्षित के साथ रसेल की गेंदबाजी का कहर

मौजूदा फाइनल मुकाबले में केकेआर टीम के गेंदबाज पूरी तरह हावी नजर आए. उनके सामने हैदराबाद टीम के बल्लेबाजों की एक नहीं चली. कोलकाता के खिलाफ मैच में स्त्र॥ टीम के कप्तान पैट कमिंस ने 24 और एडेन मार्करम ही सबसे ज्यादा 20 रन बना सके हैं.

उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा नहीं छू सके. उनके बाद हेनरिक क्लासेन ने 16 रन बनाए. जबकि केकेआर टीम के लिए तेज गेंदबाज आंद्रे रसेल ने 3 विकेट झटके. जबकि मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट लिए. वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती को 1-1 विकेट मिला.

### जो विराट-धोनी और रोहित भी नहीं कर पाए, वो मिचेल स्टार्क ने किया

# आईपीएल में बना डाला अनोखा रिकॉर्ड

**चेन्नई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी और तेज तर्रार गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आईपीएल में इस सीजन 2015 के बाद पहली बार भाग लिया। वह मिनी ऑक्शन का हिस्सा थे और नीलामी में आईपीएल में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। उनको केकेआर ने 24.75 करोड़ की मोटी रकम में खरीदा था। इतना महंगा बिकने के बाद लोगों ने केकेआर की स्ट्रेटेजी पर सवाल उठाए। सीजन के शुरुआत में मिचेल स्टार्क को लय पकड़ने में समय लग रहा था। लेकिन दूसरे हाफ में धीरे-धीरे उनकी गेंदबाजी में धार दिखने लगी। स्टार्क ने केकेआर को आईपीएल जिताने में तो अहम भूमिका निभाई है।



साथ ही उन्होंने आईपीएल प्लेऑफ में भी एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

**आईपीएल प्लेऑफ में मिचेल स्टार्क ने बनाया खास रिकॉर्ड-** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले क्वालीफायर और फाइनल में मिचेल स्टार्क ने जबरदस्त गेंदबाजी की थी, जिसके चलते उन्हें दोनों ही मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसी के साथ उन्होंने प्लेऑफ में बड़ा रिकॉर्ड बना डाला।। वह एक सीजन में प्लेऑफ में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। स्टार्क ने इस सीजन प्लेऑफ में दो बार अवॉर्ड जीता। इससे पहले यह कारनामा अब तक आईपीएल में कोई और खिलाड़ी नहीं कर पाया था।

**आईपीएल 2024 में मिचेल स्टार्क का प्रदर्शन-** आईपीएल 2024 में मिचेल स्टार्क ने केकेआर के लिए खेलते हुए 41.5 ओवर डाले। इस दौरान उन्होंने 10.61 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट लिए।

## आईपीएल के मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को नकद पुरस्कार

### बीसीसीआई सचिव जय शाह ने की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें 'गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान 'शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे। आईपीएल 2024 का समापन रविवार को चेन्नई में हुआ जिसमें फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की जीत के साथ अपनी तीसरी खिताबी जीत दर्ज की। शाह ने एक्स पर लिखा, 'हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए।



# एफटीआईआई ने मनाया कान फिल्म फेस्टिवल में पायल कपाड़िया की ग्रैंड प्रिक्स जीत का जश्न, भड़के अली फजल

अभिनेता अली फजल हर मुद्दे पर अपनी बात बेबाकी के साथ रखते हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। अब उन्होंने पुणे स्थित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की पाखंडपूर्ण भूमिका की आलोचना की है। संस्थान ने कान फिल्म महोत्सव में अपनी पूर्व छात्रा पायल कपाड़िया की ऐतिहासिक ग्रैंड प्रिक्स जीत का जश्न मनाया है। संसथान ने पोस्ट साझा किया, जिस पर अली फजल भड़क गए। एफटीआईआई के आधिकारिक एक्स हैंडल ने आज रविवार को कान फिल्म महोत्सव की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें संसथान की पूर्व छात्र पायल कपाड़िया और चिदानंद नाइक शामिल हैं, जिन्होंने अपनी फिल्म सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट ओंस टू नो के लिए सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए ला सिनेफ पुरस्कार जीता। अली फजल ने एफटीआईआई के पोस्ट दोबारा साझा किया और लिखा, कृपया ऐसा न करें। बस ऐसा न करें। दरअसल, साल 2015 में अभिनेता से नेता बने गजेंद्र चौहान की एफटीआईआई अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था, जिसका नेतृत्व पायल ने किया। पायल के इस कदम के बाद से उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई करते हुए यह तर्क दिया गया कि पायल के पास एफटीआईआई जैसे प्रमुख संस्थान का नेतृत्व करने की विश्वसनीयता नहीं है। साथ ही पुणे पुलिस ने 2008 बैच के छात्रों की अधूरी परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के अपने फैसले के बाद तत्कालीन एफटीआईआई निदेशक प्रशांत पथराबे को अपने कार्यालय में बंदी बनाने के लिए पायल सहित 35 छात्रों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। पायल और अन्य छात्रों को छात्रवृत्ति से भी वंचित कर दिया गया।





पवित्रा पुनिया ने बताई

# एजाज खान से ब्रेकअप की असली वजह...

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस पवित्रा पुनिया इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में हुई हैं। हाल ही में ये खबर सामने आई थी कि पवित्रा पुनिया और टीवी एक्टर एजाज खान का ब्रेकअप हो गया है। करीब 3 सालों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद पवित्रा और एजाज ने अलग होने का फैसला कर लिया है। अब इतने दिनों बाद पहली बार पवित्रा पुनिया ने इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ी है। पवित्रा पुनिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया है कि उनका और टीवी एक्टर एजाज खान का रिश्ता आखिर क्यों टूट गया।

पवित्रा पुनिया ने कही ये बात

टीवी की बोल्ड एक्ट्रेस पवित्रा पुनिय ने बातचीत में एजाज खान और अपने ब्रेकअप के बारे में बताया है। पवित्रा ने कहा, सोच नहीं मिलती, आप तो बहुत कोशिश करते हैं। लोग ये सवाल करते हैं कि तीन साल के बाद पता चला कि सोच नहीं मिलती है। इतने साल आप अपने रिश्ते के लिए कोशिश करते हो इससे भागते नहीं हो। तो हम कोशिश कर रहे थे। बात नहीं बनी तो किसी रिश्ते में क्यों पड़ें, जिसमें आगे चलकर और भी जटिलताएं हो सकती हैं। बेहतर है कि वो चीज खत्म कर दें।

ये काम कर रही हैं अब पवित्रा पुनिया

पवित्रा पुनिया ने आगे कहा कि वो अब इन सब चीजों को भूलने की कोशिश कर रही हैं और अपनी फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं। बताते चलें कि पवित्रा पुनिया टीवी की बोल्ड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनका अंदाज बेहद कातिलाना है। वो अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। पवित्रा पुनिया के हर पोस्ट पर लोग जमकर रिएक्ट करते हैं। मालूम हो कि पवित्रा पुनिया ने कई टीवी शोज में अपना जलवा बिखेरा हैं।

दलजीत कौर का सनसनीखेज खुलासा बोलीं-

# पति निखिल ने उनकी शादी को स्वीकार करने से किया इनकार



दलजीत कौर ने जिस पोस्ट को डिलिट किया है उसमें उन्होंने लिखा था, मेरे कपड़े, मेरा चूड़ा, मेरा मंदिर, मेरा हर समान वहीं है, मेरा घर वहीं है। मेरे बच्चे के कपड़े, किताबें और उम्मीद अपने पिता से सब वहीं है। मेरा ससुराल मेरे हाथों से बनायी हुई तस्वीर उस दीवार पर वहीं है। पति कह रहें हैं कि वो मेरा घर नहीं, कह रहे हैं कि शादी कभी हुई ही नहीं । क्या वो घर मेरा है।

टीवी की मशहूर अभिनेत्री दलजीत कौर अक्सर अपनी निजी जिंदगी की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। साल 2023 में वे निखिल पटेल के साथ दूसरी बार शादी के बंधन में बंधी थीं। इससे पहले उनकी पहली शादी टीवी के मशहूर अभिनेता शालीन भनोत के साथ हुई थी। जो ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाई थी। आइए आज आपको बताते हैं दलजीत कौर ने अपनी दूसरी शादी के बारे में अपने इंस्टाग्राम हैंडल से ऐसा क्या पोस्ट किया था जिसे उन्होंने बाद में डिलीट कर दिया।

### निखिल को है शादी से इनकार

दलजीत कौर ने जब दूसरी बार निखिल पटेल से शादी रचाई तब वे टीवी इंडस्ट्री को छोड़ कर उनके साथ केन्या चली गई थीं। पिछले कई महीनों से अफवाहों का बाजार गर्म था कि उनके और निखिल के बीच में चीजें सही नहीं चल रही हैं। वहीं आज अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक पोस्ट साझा किया था जिसमें उन्होंने लिखा था कि निखिल उनकी और अपनी शादी को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं।

### पोस्ट किया डिलीट

दलजीत कौर ने जिस पोस्ट को डिलिट किया है उसमें उन्होंने लिखा था, मेरे कपड़े, मेरा चूड़ा, मेरा मंदिर, मेरा हर समान वहीं है, मेरा घर वहीं है। मेरे बच्चे के कपड़े, किताबें और उम्मीद अपने पिता से सब वहीं है। मेरा ससुराल मेरे हाथों से बनायी हुई तस्वीर उस दीवार पर वहीं है। हर दीवान पे मेरी साड़ी वहीं है और पति कह रहें हैं कि वो मेरा घर नहीं, कह रहे हैं कि शादी कभी हुई ही नहीं ।क्या वो घर मेरा है।

### फैंस कर रहे हैं समर्थन

दलजीत कौर ने पोस्ट में आगे लिखा था, आपलोग क्या कहना चाहेंगे इस पर। क्या निखिल मेरे पति हैं? क्या हुई नहीं हमारी शादी आपके हिसाब से भी।

दलजीत कौर के इस पोस्ट के बाद उनके फैंस लगातार उनके सपोर्ट में कमेंट कर रहे यहीं। एक यूजर ने लिखा है, प्लीज उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा है, ये धोखाधड़ी है। आपकी निखिल पटेल के साथ शादी हुई थी। वे ऐसे कैसे बोल सकते हैं।



# सौम्या टंडन ने 4 साल पहले छोड़ा था भाबीजी घर पर हैं! बोलीं-बॉयफ्रेंड से कहा था मेरा करियर बर्बाद हो गया

सौम्या टंडन भले ही स्क्रीन से नदारद हैं, लेकिन वो अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब उन्होंने खुलासा किया है कि वो भाबीजी घर पर हैं ! सीरियल नहीं करना चाहती थीं। उन्हें लगता था कि ये शो उनके करियर को बर्बाद कर देगा, लेकिन बाद में उन्हें इसका बहुत पछतावा भी हुआ।

टीवी सीरियल भाबीजी घर पर हैं! को घर-घर में पहचान मिली। इसके किरदारों को भी नाम मिला। कभी बड़े-बड़े शो का हिस्सा रहीं सौम्या टंडन ने अनीता भाभी का किरदार निभाया और दर्शकों के दिलों में बस गईं। फैंस को तब झटका लगा, जब चार साल पहले उन्होंने इस सीरियल को अलविदा कह दिया। इतने साल बाद भी सौम्या स्क्रीन से गायब हैं। आखिर अब वो कहां हैं और क्या कर रही हैं, आइये जानते हैं। साथ ही ये भी कि वो इस शो को नहीं करना चाहती थीं, उन्हें लगता था कि ये उनके करियर को बर्बाद कर देगा !

सौम्या ने इंटरव्यू में कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने शो तो साइन कर लिया था, लेकिन उन्हें डर सता रहा था कि कहीं ये उनके करियर को बर्बाद ना कर दे। जब 6-7 महीने तक टरकाने के बाद सौम्या सेट पर नहीं आईं तो मेकर्स को लीगल कार्रवाई करने की धमकी देनी पड़ी। तब जाकर एक्ट्रेस सेट पर पहुंचीं और फिर जो हुआ, वो सबके सामने है। बाद में सौम्या को अपने गलतफहमी का खूब पछतावा हुआ।

# सलमान की सिकंदर में विलेन होंगे कटप्पा सत्यराज

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान साल 2025 में फिल्म सिकंदर लेकर आ रहे हैं। इस मूवी में विलेन का रोल सत्यराज निभाएंगे। खुद एक इंटरव्यू में कटप्पा के किरदार से फेमस हुए एक्टर ने खुलासा किया है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैन्स की खुशी का ठिकाना नहीं है। सलमान खान इस साल तो पर्दे पर नजर नहीं आएंगे। मगर अगले साल यानी 2025 में वह ईद के मौके पर जरूर धमाकेदार वापसी करेंगे। एआर मुरुगादॉस की डायरेक्टेड और साजिद नाडियाडवाला की प्रोड्यूस्ड फिल्म सिकंदर की शूटिंग जारी है।

इसमें एक्टर अपने सभी स्टंट खुद ही करने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें विलन का रोल कोई और नहीं बल्कि सत्यराज निभाएंगे। एक्टर ने खुद इस बात को कंफर्म किया है। बाहुबली में कटप्पा के नाम से मशहूर हुए सत्यराज के बारे में कुछ दिन पहले खबर थी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक में नजर आएंगे।

वह उनका किरदार निभाएंगे लेकिन एक्टर ने इसे अफवाह बताया था। मगर वह एक बड़ी मूवी के साथ दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए आ रहे हैं।



# कान्स 2024 महिलाओं के लिए रहा बेहद खास: कियारा

एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में रेड सी फिल्म फाउंडेशन के वीमेन इन सिनेमा गाला डिनर में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इस इवेंट को महिलाओं के लिए बेहद खास बताया।

कियारा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर वैनिटी फेयर मैगजीन का कवर शेयर किया, जिसमें वह असील ओमरान, अधवा फहद, रमता-टौले सी और सलमा अबू-दीफ जैसी हस्तियों के साथ पोज दे रही हैं। इस कवर पेज को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, वंडरफुल वीमेन के साथ वैनिटी फेयर मोमेंट !



कान 2024 सिनेमा में महिलाओं के लिए बेहद खास रहा है। इस इवेंट ने हमें चैंपियन बनाया, सेलिब्रेशन हुआ और आगे बढ़ने के लिए इंस्पायर किया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अनसूया सेनगुप्ता को श्रेय दिया, जो अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनीं और पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ग्रां प्री अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, भारत की महिलाओं के लिए दो ऐतिहासिक जीत देखने से लेकर दुनिया की मशहूर हस्तियों से मिलना, सिनेमा के प्रति हमारे पैशन और प्यार, फिल्म को लेकर हमारे रोल पर चर्चा होना, इन सभी से मुझे बहुत खुशी मिली है। कान डिनर पार्टी के लिए कियारा ने ऑफ-शोल्डर पिंक और ब्लैक कलर का फिश टेल वाला गाउन पहना था। इस गाउन में पीछे की ओर एक बड़ा-सा पिंक बो अटैच था, जो उनके आउटफिट में चार चांद लगा रहा था। वहीं गॉर्जियस लुक पाने के लिए एक्ट्रेस ने हाथों में ब्लैक नेट वाले ग्लव्स पहने और बालों का सुंदर बन बनाया, साथ ही मेकअप को लाइट रखा।

कियारा आडवाणी के अलावा इस इवेंट में ऐश्वर्या राय, दीपिका पादुकोण, सारा अली खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स शामिल हुए थे।

# दिव्या खोसला इंदौर में सावी की पहली स्क्रीनिंग के दौरान भावुक हुईं

अभिनेत्री-फिल्म निर्माता दिव्या खोसला मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी फिल्म सावी की पहली सार्वजनिक स्क्रीनिंग के दौरान भावुक हो गईं, जिसमें अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे भी थे। स्क्रीनिंग शुरू होने से पहले दिव्या ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि न तो उनके पिता और न ही उनके परिवार ने अभी तक फिल्म देखी है। अभिनेत्री ने कहा, हमने अभी तक किसी को फिल्म नहीं दिखाई है। यहां तक कि मेरे अपने परिवार, मेरे पिताजी ने भी फिल्म नहीं देखी है। आप इसे देखने वाले पहले व्यक्ति हैं, हमने इसे सिर्फ अपने दफ्तर में देखा है। मैं बहुत भावुक हो रही हूं, मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे मैं अपने परिवार के साथ बैठकर फिल्म देख रही हूं। उन्होंने कहा, आज रात यहां यह पहला शो आप सभी के साथ हो रहा है और यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे यहां आने और आप सभी के साथ इसे देखने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि आप सभी अपने परिवार और दोस्तों के साथ इसका आनंद लेंगे। सावी एक जेलब्रेक थ्रिलर है। यह 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अभिनय देव की फिल्म सावी का निर्माण विशेष फिल्म्स और टी-सीरीज़ के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने किया है।



राजकुमार-जान्हवी का दावा

# क्रिकेट के अलावा पति-पत्नी के रिश्ते की खूबसूरती भी दिखाएगी फिल्म

राजकुमार राव मौजूदा दौर के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। हाल ही में वह फिल्म श्रीकांत में नजर आए थे। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में अभिनेता जान्हवी कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। अब हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेता ने अपनी फिल्म को दर्शकों की कहानी बताया है और पति पत्नी के साथ पर जोर भी दिया है। राजकुमार ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, यह आप सभी (लोगों) की कहानी है...यह पति-पत्नी की कहानी है...उनके प्यार, झगड़े, अहंकार...उनके करियर...मेरे किरदार का नाम महेंद्र है, वह एक असफल क्रिकेटर है। वह क्रिकेटर बनना चाहता था और देश के लिए खेलना चाहता था, साथियों के दबाव और परिवार के दबाव के कारण वह ऐसा नहीं कर सका। बाद में उसकी शादी हो जाती है और वह अपना सपना अपनी पत्नी के जरिए जीते हैं। इंटरव्यू में आगे जान्हवी कपूर ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा, यह कहानी दो लोगों के बारे में है जो अपने सपनों के पीछे भागने के लिए एक-दूसरे से साहस पाते हैं। यह एक प्यारी कहानी है, यह सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है बल्कि यह एक पारिवारिक ड्रामा भी है... यह सपनों की कहानी है।



'मिस्टर एंड मिसेज माही' 31 मई को रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है, जिसमें राजकुमार राव और जान्हवी कपूर क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। फिल्म के लिए जान्हवी कपूर ने काफी मेहनत की है। उनकी क्रिकेट ट्रेनिंग के कई वीडियो सामने आ चुके हैं, जिसमें वो पसीना बहाते नजर आ रही हैं। 'गुंजन सक्सेना' फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने वाले निर्देशक शरण शर्मा ने 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का निर्देशन किया है। 'मिस्टर एंड मिसेज' राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की एक साथ दूसरी फिल्म है।